MP Metro News

1 August ,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 01.08.2023 | 03 | स्मार्ट रोड पर डिस्प्ले होने वाले मेट्रो के मॉकअप में होगा पहला और तीसरा कोच, प्लेटफार्म तैयार कभी भी हो सकता है उद्घाटन | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 01-08-2023 Pg-03

**भास्कर खास** • भोपाल में चलेंगी तीन बोगी वाली 27 मेट्रो ट्रेनें, कंपनी ने सीएम से किया है उद्घाटन का अनुरोध

# स्मार्ट रोड पर डिस्प्ले होने वाले मेट्रो के मॉकअप में होगा पहला और तीसरा कोच, प्लेटफॉर्म तैयार, कभी भी हो सकता है उद्घाटन

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

स्मार्ट रोड पर डिस्प्ले होने वाला मेट्रो के मॉक अप में पहले और तीसरे कोच का मॉडल होगा। मॉक अप के डिस्प्ले के लिए प्लेटफॉर्म तैयार हो गया है। मेट्रो रेल कंपनी के अफसरों के अनुसार मॉकअप का किसी भी दिन उद्घाटन हो सकता है। मालूम हो कि भोपाल में तीन बोगी वाली 27 मेट्रो ट्रेन चलेंगी।

कंपनी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मॉक अप को उद्घाटन करने का अनुरोध किया है। यह मॉकअप हूबहू वैसा ही बनाया गया है जैसी मेट्रो भोपाल में चलने वाली है। इसमें ट्रेन ऑपरेटर की सीट, पैसेंजर सीट, ग्रेब हैंडल्स और दरवाजे व खिड़कियां बिल्कुल वैसे ही रहने वाले हैं जैसे मेट्रो ट्रेन में होंगे।



मॉकअप का कोच सफेद और ऑरेंज रंग का दिखाई दे रहा है। कैमरे, हेडलाइट, मार्कर लाइट्स सहित मेट्रो में लगने वाली सभी तरह की लाइट इसमें लगाई गई हैं।

**लाइटें भी वैसी ही लगाईं**

## सितंबर में ट्रायल का दावा

मेट्रो रेल कंपनी ने जुलाई 2022 में एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड को भोपाल और इंदौर के लिए 156 कोच के साथ सिग्नलिंग, ट्रेन कंट्रोल और टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम के निर्माण के साथ कमिशनिंग और मेंटेनेंस का वर्क ऑर्डर दिया है। कंपनी ने मार्च के दूसरे सप्ताह में कोच का निर्माण शुरू किया है। कंपनी सितंबर के अंत तक मेट्रो का ट्रायल करने का दावा कर रही है।

MPMETRO

METRO NEWS

03rd AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | पत्रिका | भोपाल | 03.08.2023 | 5 | सुभाष नगर डिपो से स्टेशन तक 500 मीटर का रैम्प तैयार | Neutral |

पत्रिका

मेट्रो ट्रेन ट्रायल की उल्टी गिनती शुरू

# सुभाष डिपो से स्टेशन तक 500 मीटर का रैंप तैयार



**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन ट्रायल की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। ट्रायल पूर्व तैयारियों के लिए अगस्त अब आखिरी माह है। सितंबर में ट्रायल हर स्थिति में करना है। ऐसे में सिग्नलिंग सिस्टम के साथ सुभाष डिपो से ट्रेन को स्टेशन तक पहुंचाने करीब 500 मीटर का रैंप तैयार है। उस पर पटरियों का काम भी 80 फीसदी तक हो चुका है। ट्रायल सितंबर शुरुआत की बजाय आखिरी सप्ताह में ही हो पाएगा।

**अगस्त आखिर तक मेट्रो रैक पहुंचेगा:** मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की योजना के अनुसार मेट्रो रैक गुजरात के सारणी प्लांट से अगस्त आखिरी सप्ताह तक भोपाल पहुंच जाएगा। सुभाष ब्रिज से रानी कमलापति तक पांच स्टेशनों का काम लगभग पूरा हो गया है।

सितंबर में मेट्रो ट्रायल निश्चित है। इसके लिए हमारी पूरी टीम काम पर है।

**मनीष सिंह**, एमडी, मेट्रो ट्रेन कारपोरेशन

**ट्रायल के लिए तीन कामों पर फोकस :** सितंबर में ट्रायल के लिए मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन तीन कामों पर विशेष फोकस कर रहा है। सबसे पहले मेट्रो रैक के भोपाल पहुंचने को लेकर हर दिन अपडेट लिया जा रहा है। इसके लिए विशेष टीम काम पर लगाई है। मेट्रो ट्रेन चलाने के लिए पटरियां बिछाना। इसमें तेजी कर दी है और अप-डाउन की पटरियों में से 60 फीसदी का काम पूरा कर लिया।

**सामान्य संचालन में लगेगा कुछ समय :** सितंबर आखिर तक ट्रायल होता भी है तो ट्रेन के सामान्य संचालन में कुछ समय लग सकता है। अक्टूबर नवंबर माह में संभवत: लोगों को मेट्रो संचालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने, फ्री ट्रायल में स्कूली बच्चों, उनके परिजनों के साथ शहर के अलग-अलग वर्गों को रानी कमलापति से सुभाष ब्रिज तक मेट्रो यात्रा कराने में लगाए जाएंगे।

Date: 03/08/2023, Edition: Bhopal, Page: 5

Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | पीपल्स समाचार | भोपाल/इंदौर | 03.08.2023 | 1 | अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली से लैस होगी मेट्रो, संदिगध के कैमरा के संपर्क मे आते ही शुरू होगा अलार्म बजना | Neutral |

पीपुल्स समाचार

इंदौर सिटी




- मेट्रो के हर कोच और स्टेशन के साथ अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें कैप्चर होने वाले वीडियो से संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा मिलान कर वीडियो एनालिटिक्स सिस्टम के जरिए उसकी पहचान की जाएगी।
- भोपाल और इंदौर में 14 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली परियोजना का ट्रायल प्रॉयोरिटी बेस पर करने की तैयारी है।

# अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली से लैस होगी मेट्रो, संदिग्ध के कैमरे के संपर्क में आते ही शुरू होगा अलार्म बजना

## सीएम के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का काम भोपाल, इंदौर में तेजी से जारी, सितंबर में ट्रायल रन

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल

मो.नं. 9644644460

विशेष शृंखला 3



प्रदेश में मेट्रो ट्रेन की सुविधा बहुत जल्द शुरू होने जा रही है। यह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। संभावना है कि भोपाल और इंदौर में अगले माह सितंबर में मेट्रो का ट्रायल रन शुरू होगा। मेट्रो को अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली से लैस किया जाएगा। जैसे ही कोई अपराधी कैमरे की नजर में आएगा, वैसे ही अलार्म बजना शुरू हो जाएगा। इस पूरे सिस्टम को मेट्रो के सेंट्रल सर्वर से जोड़ा जाएगा। मेट्रो में ऑटोमेटेड ऑब्जेक्ट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम, डिरेलमेंट डिटेक्शन सिस्टम होगा। ट्रेन के संचालन के लिए इनबिल्ट साइबर सिक्योरिटी सिस्टम का भी इस्तेमाल होगा। मेट्रो के हर कोच और स्टेशन के साथ अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें कैप्चर वीडियो से संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा मिलान कर वीडियो एनालिटिक्स सिस्टम के जरिए उसकी पहचान की जाएगी।

**एलिवेटेड पुल के डिजाइन का कार्य अंतिम चरण में :** भोपाल में 6.225 किमी एलिवेटेड पुल (वायडक्ट) के डिजाइन तथा निर्माण का काम लगभग 93 प्रतिशत पूरा हो चुका है। वहीं, इंदौर में एलिवेटेड पुल की डिजाइन तथा निर्माण की लंबाई 17.2 किलोमीटर है। पहले चरण में भोपाल में करीब 30.95 किमी (ऑरेंज लाइन तथा ब्लू लाइन) और इंदौर में लगभग 31.5 किमी (येलो लाइन) पर निर्माण कार्य तेजी से जारी है। 14 हजार करोड़ की लागत वाली इस परियोजना का ट्रायल प्रॉयोरिटी बेस पर किया जाएगा।

### उपलब्धियां ये भी

**भोपाल में बनेंगे 8 स्टेशन :** भोपाल में एम्स से सुभाष नगर अंडरब्रिज तक 8 स्टेशन- एम्स, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस, रानी कमलापति स्टेशन, एमपी नगर, बोर्ड ऑफिस, केंद्रीय विद्यालय और सुभाष नगर में बन रहे हैं। स्टेशन 100 मीटर लंबा और 14 मीटर चौड़ा होगा। यात्रियों को इंटरनेट सहित अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। सुभाष नगर अंडरब्रिज के पास स्टड फॉर्म की 26.41 हेक्टेयर जमीन पर डिपो बनाया जा रहा है।

**इंदौर मेट्रो ट्रेन प्रॉयोरिटी कॉरिडोर :** इंदौर मेट्रो ट्रेन प्रॉयोरिटी कॉरिडोर में गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर- 3 तक का काम तेजी से जारी है। गांधी नगर में लगभग 30 हेक्टेयर में रिंग लाइन के तहत मेट्रो का संचालन होगा। प्रॉयोरिटी कॉरिडोर के तहत भोपाल में 5.0 किमी एवं इंदौर में गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर 03 तक लगभग 6.3 किमी पर ट्रायल रन के मद्देनजर निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

**भोपाल में 1,921 मीट्रिक टन पटरी की सप्लाई :** भोपाल में 1,921 और इंदौर में 2,700 मीट्रिक टन पटरी की सप्लाई हो चुकी है। वायडक्ट में बलास्टलेस ट्रैक/पटरी बिछाने का कार्य भोपाल में लगभग 3.5 किमी और इंदौर में 43 किमी पूरा हो चुका है। अब तक भोपाल डिपो टेस्ट ट्रैक में लगभग 148 मीटर तथा इंदौर डिपो टेस्ट ट्रैक में लगभग 1.5 किमी पटरी बिछाई जा चुकी है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | राज एक्सप्रेस | भोपाल/इंदौर | 03.08.2023 | 4 | मेट्रो की तर्ज पर होंगे विकास कार्य: शर्मा | Neutral |

[redacted]



भूमि-पूजन | सीएम की घोषणा पर अमल, फंदा में खुलेगा सरकारी कॉलेज

# मेट्रो की तर्ज पर होंगे विकास कार्यः शर्मा

संत हिरदाराम नगर (आरएनएन)। इसे चुनाव की निकटता कहा जाए या मुख्यमंत्री के तीखे तेवर लेकिन सीएम की घोषणाओं पर अमल होने लगा है। यहां उन्होंने 20 फरवरी को संत हिरदाराम नगर के दशहरा मैदान पर हेमू कालानी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए फाटक रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज की आधार शिला रखी और इसका 50 फीसदी काम पूरा भी हो गया है, वहीं सरकारी कालेज की हुई घोषणा पर भी अमल हो गया है। रामेश्वर शर्मा ने मंगलवार को हुजूर के फंदा में शासकीय कॉलेज का शुभारंभ किया।

## वर्षों से की जा रही थी मांग

दरअसल फंदा में कॉलेज न होने के कारण युवाओं विशेषकर लड़कियों को स्कूल पढ़ाई खत्म होने के बाद अन्य क्षेत्रों में बेहतर पढ़ाई के लिए मशक्कत करनी पड़ती थी, जिसके चलते



क्षेत्रवासियों की वर्षों से मांग थी कि फंदा में स्थानीय स्तर पर शासकीय महाविद्यालय का निर्माण हो। फंदा वासियों की जरूरत को देखते हुए, विधायक रामेश्वर शर्मा ने संत नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कॉलेज खोले जाने का आग्रह किया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने उसी मंच से कॉलेज खोले जाने की घोषणा की थी।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर तत्काल कार्य प्रारंभ कर कॉलेज की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी, जिसके अनुरूप इस सत्र में ही विधायक रामेश्वर शर्मा ने कॉलेज का शुभारंभ किया है।

### आज मेरा संकल्प हो गया पूरा

फंदा में कॉलेज शुभारंभ अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से हुजूर में मेट्रो सिटी की तर्ज पर विकास किया जा रहा है। विकास के साथ हमारे युवाओं की उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त हो इसके लिए मैं सदैव प्रयासरत रहता हूं। फंदा क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य किए गए, लेकिन इस क्षेत्र में कॉलेज खुलवाने की मेरी हार्दिक इच्छा थी, आज कॉलेज का शुभारंभ कर मेरा यह संकल्प पूरा हो गया है। इस कॉलेज में पढ़कर यहां के युवा प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे तब मेरे हुजूर का मस्तक बढ़ेगा। युवाओं की उन्नति के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता [illegible], [illegible] अध्यक्ष प्रमोद राजपूत, मंडल अध्यक्ष [illegible], [illegible] चौधरी, [illegible] पटेल, [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible] सहित अन्य उपस्थित थे।

[redacted]

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | पत्रिका | भोपाल/मध्य प्रदेश | 05.08.2023 | 4 | इंदौर मे कान्ह नदी के नीचे से होकर गुजरेगी हमारी मेट्रो ट्रेन | Neutral |


पत्रिका

पत्रिका मध्यप्रदेश 04 पत्रिका
भोपाल, शनिवार, 05 अगस्त, 2023



**वर्क इन प्रोग्रेस:** 150 फीट नीचे अंडरग्राउंड ट्रैक, जयपुर की कंपनी ने शुरू की मिट्टी की जांच

# इंदौर में कान्ह नदी के नीचे से गुजरेगी मेट्रो



मेट्रो ट्रेन इस तरह निगम मुख्यालय के सामने से अंडर ग्राउंड ट्रैक से होकर कान्ह नदी के नीचे से जाएगी।

**इंदौर @ पत्रिका.** मेट्रो के लिए ट्रैक बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। तीसरे चरण का काम भी शुरू हो गया है। अंडरग्राउंड ट्रैक के लिए जयपुर की कंपनी ने मिट्टी की जांच शुरू कर दी है। नगर निगम से कान्ह नदी के नीचे से मेट्रो ट्रेन रामबाग होते हुए छोटा गणपति, मल्हारगंज जाएगी। करीब 150 फीट नीचे से ट्रैक गुजरेगा। इसी आधार पर सर्वे किया जा रहा है। एमजी रोड पर शॉपिंग मॉल के पास से ट्रैक को अंडरग्राउंड किया जाएगा। 1500 करोड़ से ज्यादा में ये ट्रैक बनाया जाएगा। इसके लिए टेंडर दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। पिछले दिनों एडीबी की टीम दौरा कर चुकी है। मेट्रो ने ट्रैक के लिए मिट्टी परीक्षण का जिम्मा जयपुर की



### 4 जगह परीक्षण शुरू

**टीम** ने निगम मुख्यालय के सामने मुख्य सड़क, कान्ह किनारे से लेकर रामबाग की ओर चार जगह मिट्टी परीक्षण शुरू किया है। निगम मुख्यालय पर मेट्रो स्टेशन रहेगा। इसके बाद कान्ह नदी के नीचे से ट्रैक आगे बढ़कर रामबाग होकर छोटा गणपति, मल्हारगंज जाएगा। छोटा गणपति, मल्हारगंज, गणपति, रामचंद्र नगर चौराहा, कालानी नगर, एयरपोर्ट स्टेशन होगा।

Date: 05/08/2023, Edition: Bhopal, Page: 10
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | पत्रिका | भोपाल | 05.08.2023 | II | मेट्रो ट्रेन माडल कोच तैयार, लोकार्पण का इंतज़ार | Neutral |



पत्रिका

**भोपाल,** शनिवार, 05 अगस्त 2023

# मेट्रो ट्रेन मॉडल कोच तैयार, लोकार्पण का इंतजार



**भोपाल @ पत्रिका.** मेट्रो ट्रेन का कोच कैसा होगा, हर शहरवासी को इसकी उत्सुकता है। इसके लिए विशेषतौर पर 22 मीटर लंबा कोच चैन्नई से तैयार करवाकर भोपाल मंगवाया भी किया और इसके अंदर आसानी से पहुंचने मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन ने प्लेटफार्म भी तैयार कर दिया है। ये कोच स्मार्ट पार्क रखा गया है। अब कोच के लोकार्पण का इंतजार किया जा रहा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | पत्रिका | भोपाल | 05.08.2023 | 10 | एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन: 88 पदों पर होगी भर्ती | Neutral |



# एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन: 88 पदों पर होगी भर्ती

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की तरफ से 88 पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। इसके लिए कॉर्पोरेशन की ओर से नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इच्छुक और योग्य आवेदक मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ऑफिशियल वेबसाइट mpmetrorail.com पर 31 अगस्त, 2023 तक आवेदन कर सकते हैं।



भर्ती के लिए आवेदन करने वालों को आवेदन शुल्क भी देना होगा। जनरल और ओबीसी के अभ्यर्थियों को 590 रुपए देने होंगे, जबकि अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों को 295 रुपए बतौर आवेदन शुल्क भरने होंगे।

*__सबसे__ पहले सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं। इसके बाद भर्ती लिंक पर क्लिक करें। पर्सनल डिटेल्स दर्ज करके यूजर आईडी क्रिएट करें। इसके बाद फॉर्म भरें और सबमिट करें। डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें। फॉर्म की एक प्रति डाउनलोड कर अपने पास रख लें।*

**इतने पदों पर होगी भर्ती:** नोटिफिकेशन के मुताबिक भर्ती अभियान के जरिए पर्यवेक्षक (संचालन) के 26 पद, पर्यवेक्षक (सिग्नलिंग एवं टेलीकॉम/रोलिंग स्टॉक) के 7 पद, अनुरक्षक (सिग्नलिंग एवं टेलीकॉम/रोलिंग स्टॉक) के 10 पद, पर्यवेक्षक (ट्रैक्शन/ई एंड एम) के 8 पद, मेंटेनर (ट्रैक्शन/ई एंड एम) के 9 पद, पर्यवेक्षक (ट्रैक) डिप्लोमा के 2 पद, मेंटेनर (ट्रैक) के 15 पद, पर्यवेक्षक (वर्क्स) के 2 पद, अनुरक्षक (कार्य) के 3 पद, स्टोर (सहायक स्टोर) के 2 पद, एचआर (सहायक मानव संसाधन) के2 पद, अकाउंट (सहायक वित्त) के 2 पद भरे जाएंगे।

## जरूरी योग्यता

इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 28 वर्ष तय की गई है। हालांकि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट भी दी जाएगी। कॉर्पोरेशन की ओर से संबंधित विभागों में हर पद के लिए अलग-अलग क्वालिफिकेशन की मांग की गई है।

MPMETRO

METRO NEWS

06th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | राज एक्स्प्रेस | भोपाल | 06.08.2023 | 2 | मेट्रो ट्रायल रन के लिए अब केवल 30 दिन बाकी, | Neutral |

www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस
महानगर
सूर्यास्त (रविवार): 07:00 सूर्योदय (सोमवार): 05:53
तापमान अधिकतम 27.5° न्यूनतम 23.4°
भोपाल
रविवार, 06 अगस्त 2023

# मेट्रो के ट्रायल रन के लिए अब केवल 30 दिन बाकी, पांच सितंबर से परीक्षण

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी और इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन शुरू होने में केवल 30 दिन बाकी रह गए हैं। इस हिसाब से पांच सितंबर से ट्रैक पर मेट्रो दौड़ाने का परीक्षण किया जाएगा। ऐसे में प्रोजेक्ट के तीन अहम हिस्से एलिवेटेड रूट, स्टेशन और डिपो का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

## चार किमी लंबे एलिवेटेड रूट पर चलाई जाएगी ट्रेन

राजधानी में पहला रूट एम्स से करोंद तक का है। इसके आधे हिस्से यानि सुभाष नगर से एम्स के बीच जमीन के ऊपर मेट्रो चलाने के लिए रूट का निर्माण वर्ष 2018 के आखिर में शुरू किया गया था। रूट का सिविल वर्क करीब 93 प्रतिशत पूरा हो चुका है। हालांकि, ट्रायल रन रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष नगर के बीच किया जाना है। यह चार किमी लंबा है। वहीं इंदौर में 6.3 किमी लंबे रूट पर मेट्रो की टेस्टिंग की जाएगी।


तेजी से निर्माणाधीन मेट्रो रूट

## राजधानी में बिछी 3.5 किमी पटरी

अब तक भोपाल में 1921 मीट्रिक टन और इंदौर में 2700 मीट्रिक टन पटरी मंगाई जा चुकी है। वायडक्ट में ब्लास्टलेस ट्रैक (पटरी) बिछाने का कार्य राजधानी में लगभग 3.5 किमी व इंदौर में 4.5 किमी पूरा हो चुका है। प्रोजेक्ट का दूसरा सबसे बड़ा काम स्टेशन का है। प्रायोरिटी कॉरिडोर में आठ स्टेशन बनना है। वहीं डिपो का कार्य तेजी से चल रहा है। राजधानी में सुभाष नगर ओवरब्रिज के पास स्टड फार्म की 65.26 एकड़ जमीन पर यह बनाया जा रहा है। अब तक भोपाल डिपो टेस्ट ट्रैक में लगभग 148 मीटर और इंदौर में डेढ़ किमी लाइन बिछाई जा चुकी है। मेट्रो की बोगियां बनाने का जिम्मा एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया को दिया गया है। यह गुजरात में बन रही हैं।

## इस महीने तैयार करना होंगे डिपो, स्टेशन

ध्यान देने लायक बात यह है कि मेट्रो के ट्रायल रन के पहले डिपो और स्टेशन हर हाल में तैयार करना होंगे। डिपो में मेट्रो रेल खड़ी की जाएगी। मेंटेनेंस व अन्य कार्य होंगे। स्टेशन पर मेट्रो रुकेगी और फिर चलेगी। इसके लिए स्टेशन पर तकनीकी के साथ ही बिजली व सिविल के कार्य पहले पूरा करना होंगे। यहां बता दें कि स्टेशन 100 मीटर लंबे और कम से कम 14 मीटर चौड़े होंगे। इन पर यात्रियों को इंटरनेट सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | पत्रिका | भोपाल | 06.08.2023 | 05 | भोपाल मे मेट्रो के लिए बिछी पटरी | Neutral |

पत्रिका SUNDAY
भोपाल, रविवार, 06 अगस्त, 2023
/patrikamadhyapradesh
/patrika_mp
/patrikanews

# भोपाल में मेट्रो के लिए बिछी पटरी



**भोपाल @ पत्रिका.** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 की तरफ मेट्रो रेलवे स्टेशन और पीएचक्यू का ब्रिज तैयार हो गया है। मेट्रो स्टेशन का शेड बनना अभी बाकी है, लेकिन पटरी बिछने का काम शुरू हो गया है।

## ट्रायल की उल्टी गिनती शुरू

रानी कमलापति से सुभाष ब्रिज तक मेट्रो का काम पूरा करने की तैयारी है। ट्रायल की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। बताते हैं, सुभाष से पहले पीएचक्यू का ब्रिज जगह के लिए खोला जा सकता है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | दैनिक जागरण | भोपाल | 06.08.2023 | 04 | आरकेएमपी मेट्रो स्टेशन पर बिछने लगी पटरी, सितंबर मे ट्रायल | Neutral |



### भोपाल में मेट्रो के 6.22 किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर का काउंटडाउन शुरू, काम में आई तेजी

# आरकेएमपी मेट्रो स्टेशन पर बिछने लगी पटरी, सितंबर में ट्रायल

नगर संवाददाता, भोपाल। भोपाल में मेट्रो के करीब 6.22 किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर का काउंटडाउन शुरू हो गया है। शनिवार से रानी कमलापति (आरकेएमपी) मेट्रो स्टेशन पर पटरी बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। सितंबर में इस रूट पर ट्रायल रन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस रूट पर मेट्रो के तीन स्टेशन सेंट्रल स्कूल, बोर्ड ऑफिस चौराहा और रानी कमलापति पर तेजी से काम चल रहा है।

## सीएम लगातार कर रहे हैं समीक्षा

इंदौर और भोपाल मेट्रो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्राथमिकताओं में से एक है। वे खुद लगातार मेट्रो के कामों की समीक्षा कर रहे हैं। यही कारण है कि अब अफसर भी मैदान में उतरकर काम को गति दे रहे हैं। सितंबर तक इस रूट पर ट्रायल रन किया जा सके।



## पटरी की वेल्डिंग का काम जल्द पूरा करने के निर्देश

सभी स्टेशन पर तकनीकी एवं संचालन कार्य निर्माण भी तेज गति से चल रहा। मेट्रो के एमडी मनीष सिंह ने अधिकारियों को रेल पटरी बिछाने एवं पटरी की वेल्डिंग का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भोपाल मेट्रो रेल का प्रायोरिटी कॉरिडोर तैयार हो सके।

## स्टेशनों पर इतना काम पूरा

- मेट्रो स्टेशन पर पीयर का काम 97 प्रतिशत पूरा हो चुका है।
- इसके अलावा पीयर आर्म का काम 65 प्रतिशत हो चुका है।
- मेट्रो कंपनी ने तीनों स्टेशनों पर गर्डर कास्टिंग का काम 70 प्रतिशत पूर्ण कर लिया है।

## डिपो पर यह काम हुआ

- उपविद्युत सबस्टेशन-2 का काम 95 प्रतिशत तक पूरा हुआ।
- स्टेबलिंग शेड का काम करीब 60 प्रतिशत तक पूर्ण।
- इंस्पेक्शन वे प्रायोरिटी लाइन्स का काम 60 प्रतिशत तक पूरा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Free Press | Bhopal | 07.08.2023 | 05 | Getting Ready For The Trial Run | Neutral |

Pg-05

MADHYA PRADESH

BHOPAL | MONDAY | AUGUST 7, 2023 www.freepressjournal.in

## GETTING READY FOR TRIAL RUN



Indore: While engines of Metro rail are still awaited, constructing agencies are burning midnight oil to ready the tracks for the trial run FP PHOTO

MPMETRO

METRO NEWS

08th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 08.08.2023 | 3 | 2024 मे सुभाष नगर से एम्स के बीच दौड़ेगी मेट्रो, यात्री कर सकें | Neutral |


www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस
3 महानगर
सूर्यास्त (मंगलवार): 06:58 सूर्योदय (बुधवार): 05:53
तापमान अधिकतम 29.7° न्यूनतम 23.8°
भोपाल मंगलवार, 08 अगस्त 2023


जमीन से करीब 12 मीटर ऊंचे रूट पर चलेगी ट्रेन, सवा छह किमी रूट का सिविल वर्क लगभग पूरा

# 2024 में सुभाष नगर से एम्स के बीच दौड़ेगी मेट्रो, यात्री कर सकेंगे सफर

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी में मेट्रो का कमर्शियल रन अगले साल शुरू होगा। यानि यात्री इसमें सफर कर सकेंगे। मेट्रो ट्रेन सुभाष नगर से एम्स के बीच चलेगी। यह करीब सवा छह किमी लंबा रूट है। इसका सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है।

भोपाल और इंदौर मेट्रो की डीपीआर रोहित गुप्ता एंड एसोसिएट्स ने बनाई। इसमें राजधानी में पांच रूट पर मेट्रो चलाने की प्लानिंग की गई। एम्स से करोंद, भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा और एयरपोर्ट, बैरागढ़ समेत अन्य मार्ग शामिल हैं। इनकी कुल लंबाई करीब 103 किमी होगी।

मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने भोपाल में मेट्रो निर्माण कार्य की शुरुआत एम्स से सुभाष नगर तक के हिस्से से की। दिलीप बिल्डकॉन ने 2018 के आखिर में जमीन से करीब 12 मीटर ऊंचाई पर रूट बनाने का काम शुरू किया। यह कार्य पूरा होने की कगार पर है। इस बीच सरकार ने विधानसभा चुनाव के पहले सितंबर, 2023 में मेट्रो का ट्रायल रन कराने की डेडलाइन तय कर दी। ऐसे में कॉर्पोरेशन के अधिकारियों का पूरा फोकस रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष नगर रूट पर आ गया। इस चार किमी लंबे मार्ग पर मेट्रो का ट्रायल रन अगले महीने से शुरू होगा। यह परीक्षण कुछ दिन चलेगा। इसके सफल होने पर मेट्रो के लिए जागरूकता बढ़ाने सुगम यात्रा कराई जा सकती है। स्कूली बच्चों व अन्य को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष नगर के बीच सैर कराई जा सकती है।



## डिपो बिल्डिंग का 80 प्रतिशत काम पूरा

सुभाष नगर अंडरब्रिज के पास स्टड फार्म की जमीन पर मेट्रो डिपो का निर्माण किया जा रहा है। डिपो के तीन मंजिला भवन का 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। डिपो से प्रायोरिटी कॉरिडोर को जोड़ने के लिए पटरियां बिछाने का काम चल रहा है। कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के मुताबिक गुजरात के सावली प्लांट में बन रहा मेट्रो रैक इस महीने के आखिर तक आ जाएगा। इसके अलावा ट्रायल रन के लिए सुभाष नगर, केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस चौराहा, रानी कमलापति सहित पांच रेलवे स्टेशन तैयार किए जा रहे हैं। प्रत्येक स्टेशन के 171 गर्डर बिछाए जा रहे हैं। इस हिसाब से कुल 855 गर्डर लॉन्च होंगे।

## 750 डीसी करंट से चलेगी मेट्रो

मेट्रो ट्रेन 750 डीसी करंट से दौड़ेगी। इसके लिए ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगा कर मेट्रो को ऑटोमैटिक बनाया जाएगा। मेट्रो कॉर्पोरेशन और भोपाल स्मार्ट सिटी एक ही डक्ट में अंडरग्राउंड केबल बिछाई जा रही है। इसका फायदा यह है कि दोनों एजेंसियों को केबल बिछाने के लिए अलग-अलग खुदाई नहीं करना पड़ रही है। समय और पैसा बच रहा है। सुभाष नगर डिपो के पास मेट्रो ट्रेन के लिए रिसीविंग स्टेशन बनाया जा रहा है। यहां से डिपो और स्टेशनों को बिजली पहुंचाई जाएगी। मेट्रो कॉर्पोरेशन डक्ट में खास केबल बिछाने पर करीब 40 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | नई दुनिया | भोपाल | 09.08.2023 | 03 | भोपाल को 10 सितंबर, इंदौर को अगस्त मे मिलेगा मेट्रो रैक | Neutral |



# भोपाल को 10 सितंबर, इंदौर को अगस्त में मिलेगा मेट्रो रैक



राजधानी में मेट्रो रेलवे ट्रैक का काम अंतिम चरण में चल रहा है। ● नवदुनिया

**भोपाल ( नवदुनिया प्रतिनिधि )।** भोपाल और इंदौर में सितंबर 2023 से मेट्रो का ट्रायल रन शुरू करना है। इसके मेट्रो कंपनी निर्माण कार्यों की रफ्तार तेज कर दी है। 24 घंटे काम चल रहा है। ट्रायल रन के लिए 25 से 30 अगस्त के बीच मेट्रो ट्रेन का पहला रैक इंदौर पहुंचेगा, जबकि भोपाल के लिए 10 सितंबर तक की समय सीमा निर्धारित की गई है।

भोपाल में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष नगर तक 4.4 किमी ट्रैक पर मेट्रो का ट्रायल रन होना है। इसके लिए रेलवे ट्रैक और मेट्रो के स्टेशन बनाने का काम तेज कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार इस रूट पर सिविल वर्क 90 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। फिलहाल स्टेशन के अंदर लिफ्ट लगाने और बिजली से संबंधित कामों को पूरा किया जा रहा है। अंदर से सिविल वर्क पूरा हो चुका है। केवल बारीक काम शेष हैं। अगस्त अंत तक सभी स्टेशनों व रूट का सिविल वर्क और पटरी बिछाने का काम पूरा कर लेंगे।

**तीन माह चलेगा ट्रायल रन, फिर शुरू होगी यात्रा :** सितंबर 2023 से शुरू होने वाला मेट्रो का ट्रायल रन तीन माह तक चलेगा। जनवरी 2024 में मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त इस मार्ग को परखेंगे। उनके संतुष्ट होने के बाद प्रायोरिटी कारिडोर पर मेट्रो संचालन की अनुमति दी जाएगी। मेट्रो अगले साल मेट्रो प्रायोरिटी कारिडोर पर दौड़ सकती है।

"भोपाल-इंदौर में मेट्रो कारिडोर का काम तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री की मंशानुसार प्रायरिटी कारिडोर में सितंबर से ट्रायल रन करना है। इसे लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

– **मनीष सिंह,** एमडी, मप्र मेट्रो रेल

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | दैनिक जागरण | भोपाल | 09.08.2023 | 03 | आठ सितंबर तक भोपाल पहुँ मेट्रो, एक हफ्ता पहले इंदौर दिसपेच होगी ट्रेन | Neutral |

दैनिक जागरण
भोपाल, 09 अगस्त 2023

राजधानी जागरण 03

• 11 • राज्य • 31 • संस्करण मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# आठ सितंबर तक भोपाल पहुंच सकती है पहली मेट्रो, एक हफ्ता पहले इंदौर डिस्पेच होगी ट्रेन

## ऑरेंज कलर की होगी भोपाल मेट्रो, इंदौर में येल्लो

**शहर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल में सितंबर में शुरू होने वाले मेट्रो के ट्रायल रन के लिए आठ सितंबर तक ऑरेंज कलर की मेट्रो भोपाल पहुंच सकती है। हालांकि भोपाल से एक हफ्ता पहले इंदौर में मेट्रो को पहुंचा दिया जाएगा और इस ट्रेन का कलर येल्लो होगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में सुभाष नगर से आरकेएमपी तक पटरी बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है, जबकि अब आरकेएमपी से सुभाष नगर तक पटरी बिछाई जाएगी। इस काम को भी 20 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। प्रायोरिटी कारिडोर में अप एंड डाउन ट्रैक पर 8.8 किमी का रेलवे ट्रैक बिछाया जाना है। इसमें 4.4 किमी का ट्रैक बिछा



लिया गया है। ताकि सितंबर माह में मेट्रो का ट्रायल शुरू किया जा सके।

गौरतलब है कि सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में मेट्रो का ट्रायल शुरू होना है। तीन माह तक ट्रायल पूरा होने के बाद आयुक्त मेट्रो रेल सेफ्टी रूट की संरक्षा को परखेंगे। उनके संतुष्ट होने के बाद ही इस रूट पर मेट्रो के संचालन की अनुमति मिलेगी। मेट्रो कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में प्रायोरिटी कॉरिडोर और वायडक्ट सहित अन्य सिविल वर्क का काम पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में केवल रेलवे ट्रैक बिछाने और स्टेशन के अंदर कुछ अन्य काम बाकी है। वहीं डीबी माल, केंद्रीय विद्यालय और रानी कमलापति स्टेशन के पास मेट्रो स्टेशन का काम अंतिम चरण में है। वर्तमान में लिफ्ट इंस्टालेशन और इलेक्ट्रिसिटी से संबंधित कामों को किया जा रहा है।

> सितंबर माह में ट्रायल रन करने के लिए इंदौर और भोपाल में मेट्रो रूट का काम तेजी से चल रहा है। दोनों ही शहरों में सितंबर माह में मेट्रो का ट्रायल शुरू कर दिया जाएगा। **- मनीष सिंह,** एमडी, एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | नव दुनिया | भोपाल | 10.08.2023 | 03 | गुरुदेव गुप्त चोरहा पर आकार ले रहा मेट्रो स्टेशन | Neutral |



नवदुनिया
भोपाल, गुरुवार 10 अगस्त, 2023

# गुरुदेव गुप्त चौराहा पर आकार ले रहा मेट्रो स्टेशन




राजधानी में सितंबर 2023 से मेट्रो का ट्रायल रन शुरू करना है। इसको लेकर 90 प्रतिशत सिविल वर्क पूरा किया जा चुका है, जबकि इलेक्ट्रिफिकेशन समेत अन्य कार्यों की रफ्तार तेज कर दी गई है। वहीं सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच तीन मेट्रो स्टेशन का निर्माण भी अंतिम चरण में है। डीबी माल के सामने गुरुदेव गुप्त चौराहा पर मेट्रो स्टेशन का स्ट्रक्चर तैयार हो गया है, अब इसके ऊपर शेड बनाने का काम किया जा रहा है। ● नवदुनिया

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | पीपल्स समाचार | भोपाल | 10.08.2023 | 06 | स्मार्ट पार्क मे डिस्प्ले के लिए रखी मेट्रो ट्रेन, शुरू होने से पहले देख सकें | Neutral |

पीपुल्स समाचार

भोपाल सिटी Page: 6

# स्मार्ट पार्क में डिस्प्ले के लिए रखी मेट्रो ट्रेन, शुरू होने से पहले देख सकेंगे शहर के लोग



भोपाल। राजधानी में सितंबर में मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन किया जाना है। इधर ट्रेन को स्मार्ट रोड पर पार्क में डिस्प्ले किया जाएगा। डिस्प्ले ट्रेन में तीन कोच हैं। जल्द ही इसका शुभारंभ किया जाएगा। एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड भोपाल के लिए 81 और इंदौर के लिए 75 बोगियां बना रही है। एक ट्रेन में तीन बोगी के हिसाब से भोपाल के लिए 27 और इंदौर के लिए 25 मेट्रो ट्रेन आएंगी। कंपनी को 6 जुलाई 2022 तक कुल 156 कोच के साथ सिग्नलिंग, ट्रेन कंट्रोल और टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम के निर्माण के साथ कमीशनिंग और मेंटेनेंस का कार्य पूरा करने का ऑर्डर दिया गया है।

**मेट्रो मॉडल** देखने के साथ अंदर भी जा सकेंगे: मेट्रो ट्रेन की शुरुआत से पहले ही लोग भोपाल में चलने वाली मेट्रो को न सिर्फ देख सकेंगे। बल्कि उसके भीतर भी जा सकेंगे। स्मार्ट रोड पर स्मार्ट पार्क के पास ट्रेन के डिस्प्ले की तैयारी की जा रही है। ट्रेन कोच आना शुरू हो गए हैं।

पीपुल्स समाचार

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | हरि भूमि | भोपाल | 10.08.2023 | 02 | सितंबर मे दौड़ेगई मेट्रो, दूसरी लाइन से पहले आएंगी दो ट्रेन | Neutral |


हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 10 अगस्त 2023



पांच स्टेशनों का 98% काम, सुभाष नगर में शेड तैयार

## सितंबर में दौड़ेगी मेट्रो, दूसरी लाइन से पहले आएंगी दो ट्रेनें




आरकेएमपी रेलवे क्रॉसिंग से एम्स तक बनने लगे तीन स्टेशन

आरकेएमपी रेलवे क्रॉसिंग पर स्टील ब्रिज का काम भी हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

भोपाल में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल सितंबर माह में हो जाएगा, क्योंकि इसकी बोगी गुजरात की कंपनी से बनकर भोपाल के लिए रवाना हो गई है। इस माह के अंत तक यह बोगी सुभाष नगर मेट्रो डिपो पहुंच जाएगी। जबकि इसके पहले स्मार्ट सिटी पार्क में रखी मेट्रो मॉक का लोकार्पण मुख्यमंत्री कर देंगे, जो जनता मुआयना कर मेट्रो की तकनीकी जानकारी ले सकती है। अधिकारियों के अनुसार तीन तीन बोगी की दो ट्रेन इस माह के अंत तक भोपाल पहुंच जाएगी। भोपाल मेट्रो के लिए पांच स्टेशन का 98 फीसदी काम पूरा हो चुका है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष ब्रिज तक के स्टेशनों का काम इसी माह में पूरा करने का लक्ष्य है। पटरियों को बिछाने का काम भी अंतिम चरण में चल रहा है। जबकि हबीबगंज रेलवे क्रासिंग पर स्टील ब्रिज का काम शुरू होने के बाद अब यहां से एम्स तक बनने वाले तीन स्टेशन का काम भी शुरू हो गया है।

### ट्रायल रन को लेकर लगातार समीक्षा

सितंबर में मेट्रो का ट्रायल शुरू करने का काम किया गया है और अब इसे हर हाल में पूरा करना है। इसको लेकर लगातार समीक्षा और बैठक ले रहे हैं। सभी कामकाजों में [illegible] पेट्रोल पंप, बोर्ड ऑफिस, [illegible] व सुभाष नगर तक [illegible] का काम पूरा करना है। ठेका [illegible] समय अवधि पूरा करने के लिए इसी माह का नोटिस दिया जा चुके हैं।

**MPMETRO**

**METRO NEWS**

**11th AUGUST,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 11.08.2023 | 02 | निरीक्षण: एमडी मनीष सिंग ने बचे स्लैब का काम जल्द पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश | Neutral |

www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस 2 महानगर
सूर्यास्त (शुक्रवार): 06:58 सूर्योदय (शनिवार): 05:55
तापमान अधिकतम 31.1° न्यूनतम 23.2°
भोपाल शुक्रवार, 11 अगस्त 2023

**निरीक्षण** एमडी मनीष सिंह ने बचे स्लैब का काम जल्द पूर्ण करने के दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# मेट्रो के लिए 3.1 किमी पटरी बिछी, बाकी के लिए 25 अगस्त की डेडलाइन

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी में मेट्रो रूट के साथ ही डिपो और स्टेशन का कार्य तेजी से चल रहा है। अब तक एक तरफ 3.1 किमी पटरी बिछा दी गई है। बाकी 1.3 ट्रैक 25 अगस्त तक तैयार कर लिया जाएगा। यह मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह को अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

एमडी ने सितंबर में ट्रायल रन के मद्देनजर डिपो, स्टेशन, रूट और ट्रैक के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मेट्रो रूट के निर्माण कर रही दिलीप बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट मैनेजर को चार बचे स्लैब का काम जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि बिना दिक्कत मेट्रो रन का परीक्षण किया जा सके। साथ ही सभी को स्पष्ट किया कि सितंबर में ट्रायल रन की समय सीमा में कोई बदलाव नहीं होगा। इससे पहले सभी कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए।





## डिपो में ट्रैक का 75 प्रतिशत काम पूरा

सुभाष नगर अंडरब्रिज के पास स्टड फार्म की जमीन पर मेट्रो डिपो का निर्माण चल रहा है। डिपो के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एमडी सिंह को बताया कि पटरी का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब तक 13 में से नौ टर्न आउट भी डाले जा चुके हैं। बाकी 20 अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने डिपो और मेट्रो रूट को जोड़ने वाली लाइन, यार्ड, टेस्ट ट्रैक, रन स्टेशन का काम भी देखा। इस पर संतुष्टि जाहिर की। डिपो में रिसीविंग व ट्रैक्शन सब स्टेशन तय समय में तैयार करने के निर्देश कॉन्ट्रेक्टर को दिए।

## 25 अगस्त तक डालना होगा प्लेटफॉर्म के ऊपर शेड

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष नगर के बीच ट्रायल रन के लिए पांच स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। प्रबंध संचालक ने इसका जिम्मा संभाल रही कंपनी को मजदूर बढ़ा कर प्लेटफॉर्म के ऊपर शेड डालने का काम 25 अगस्त तक पूरा करने के लिए कहा। अधिकारियों ने मौजूदा प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि इस महीने के आखिर तक स्टेशन तैयार हो जाएंगे। साथ ही बताया गया कि भोपाल मेट्रो के लिए बिजली सप्लाई मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी करेगी। इसके लिए [illegible] स्टेशन से डिपो तक लगभग ढाई किमी केबल बिछाई जा चुकी है। यहां 132 किलोवाट की बिजली सप्लाई की जाएगी। इसे 33 किलोवाट में बदल कर स्टेशन को विद्युत आपूर्ति की जाएगी। फिर इसे 750 वोल्ट डीसी में तब्दील कर ट्रेन चलाने में इस्तेमाल किया जाएगा। एमडी ने सितंबर आखिर तक साफ-सफाई व ब्यूटीफिकेशन के कार्य कराने के लिए कहा। इसके बाद सौंदर्यीकरण किया जाएगा। निरीक्षण में निदेशक (प्रोजेक्ट) अजय शर्मा, निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन समेत अन्य अधिकारी व जनरल कंसल्टेंट मौजूद रहे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | The Hitwad | Bhopal | 11.08.2023 | 01 | Metro Officials all set for trial run in September | Neutral |

TheHitavada
Bhopal City Line | 2023-08-11 | Page- 1
ehitavada.com

TheHitavada
NAGPUR | RAIPUR | BHOPAL | JABALPUR
Book Your Copy
India's Central
Signature English
Daily Newspaper
Call or whatsapp at
+91 87188 16451, +91 87188 15445
E-mail hitavadaadvt.bpl@gmail.com

TheHitavada
CityLine
EXCLUSIVE FOR THE READERS IN BHOPAL
FRIDAY, August 11, 2023

# Metro officials all set for trial run in September

- MD instructs contractors to complete work on infrastructure for the trial run soon
- The three-coach Metro will run on a stretch of 4.5 kilometres between Subhash Nagar and Rani Kamalapati stations during the trial run
- Metro officials wanted two trains but now the trial run will be done with a single train

■ Staff Reporter

THE preparations for Metro trial run are in final stages. The officials claim that the infrastructure for the trial run will be available by end of the August. On Thursday, Managing Director (MD) Manish Singh took stock of the preparations at Subhash Nagar Metro Station and told the officials to ensure the trial run is not delayed. He instructed the system contractor to complete the work while he visited receiving and traction sub-station on the day. Metro will receive power supply from Madhya Pradesh Power Generating Company. The cable lines have been laid and 132 KW power supply will be done from Govindpura Chambal Grid sub-station which will be converted to 750 volts DC to run the train.

The Metro officials were asked to induct more number of labourers to finish the work by August 25. The Metro officials assured MD Singh that they would finish the remaining work on turnout of tracks soon. DBL manager and viaduct contractor were asked to finish the work on four remaining slabs soon. This is an essential element for the trial run. The extra labourers should also be engaged in cleanliness and housekeeping work. The beautification of the route should be done after that.



Managing Director of Metro Manish Singh and officials taking stock of preparations on trial run route.

MD Singh said that the trial run dead line is fixed and thus no delay will be tolerated.

Metro officials said that the remaining work will be done after the trial run in September so that the facility starts on its schedule. They said that the rains will not affect the work.

Besides, the Metro model coach is also ready for inauguration at Smart Park. The demo coach will make one feel like sitting and travelling in a real Metro.

The coach was brought to the Smart Park and was fixed on a platform. There will be a real Metro experience inside it as there will be announcements, lighting and other facilities.

Metro officials are waiting for its inauguration and it will be then available for visitors.

Powered by iDocuments

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | दैनिक जागरण | भोपाल | 11.08.2023 | 03 | 750 वाल्ट डीसी से दौड़ेगई भोपाल मेट्रो, 2.5 किमी मे बिछाई केबल | Neutral |

दैनिक जागरण
भोपाल, 11 अगस्त 2023

राजधानी जागरण 03

11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# 750 वॉल्ट डीसी से दौड़ेगी भोपाल मेट्रो, 2.5 किमी में बिछाई केबल

## प्रायोरिटी कॉरिडोर में इस महीने के आखिरी तक सभी इंफ्रास्ट्रक्चर वर्क करने होंगे पूरे

कपिल तुलसानी, भोपाल

सितंबर में मेट्रो का ट्रायल करने के लिए कंपनी को प्रायोरिटी कॉरिडोर में इस महीने के आखिरी तक सभी इंफ्रास्ट्रक्चर वर्क पूरा करने होंगे। वहीं मेट्रो को दौड़ाने के लिए 750 वॉल्ट डीसी करंट की जरूरत होगी। इसके लिए कंपनी ने प्रायोरिटी कॉरिडोर में 2.5 किमी लंबी केबल बिछाने का काम पूरा कर लिया है। मेट्रो रेल के लिए मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी 132 किलोवाट बिजली की सप्लाई करेगी। गोविंदपुरा स्थित चंबल ग्रिड से 132 केवी की बिजली सप्लाई होगी, जिसे सुभाष नगर डिपो में 33 केवी में कन्वर्ट करके स्टेशनों पर 750 वॉल्ट डीसी में कन्वर्ट कर ट्रेन चलाने के लिए प्रयोग किया जाएगा।

गुरुवार को निरीक्षण के दौरान एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने सभी कामों का बारीकी से निरीक्षण कर इन्हें तेज गति से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक बार फिर सबको याद दिलाया कि इस माह के अंत तक ट्रायल से संबंधित सभी काम पूरे किए जाने हैं, जिस पर अधिकारी और कर्मचारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे समय सीमा में कामों को पूरा कर लेंगे। इस दौरान सौंदर्यीकरण के जो काम बच जाएंगे उन्हें तीन माह के ट्रायल के बाद पूरा किया जाएगा।



छाया: एचसी

### डिपो में एक साथ खड़ी होंगी 27 मेट्रो

सुभाष नगर डिपो में एक साथ 27 मेट्रो को खड़ा किया जाएगा। इस दौरान मेट्रो मेन लाइन से डिपो में टर्नआउट होकर दूसरी लाइन पर शिफ्ट होगी। इसके लिए डिपो में पटरी पर 13 टर्नआउट बनाए जाएंगे, जिसमें से 09 टर्नआउट के काम पूरे कर लिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एमडी को बताया कि अन्य चार टर्नआउट का काम भी 20 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा।

### इन जगहों पर पहुंचे मेट्रो एमडी

निरीक्षण के दौरान मनीष सिंह सबसे पहले सुभाष नगर मेट्रो डिपो पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों से डेवलपमेंट रिपोर्ट मांगी। इसके बाद उन्होंने वायाडक्ट को जोड़ने वाली लाइन, यार्ड, टेस्ट ट्रैक, सब-स्टेशन का भी निरीक्षण किया।

### यह काम करने होंगे

- एक तरफ की 3.1 किमी लंबी पटरी बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। 1.3 किमी की पटरी बिछाने का काम 25 अगस्त तक पूरा होगा।
- थर्ड रेल का काम भी किया जा रहा है। इसी से मेट्रो को दौड़ाने वाले करंट की सप्लाई होगी। दोनों कामों के साथ होने से समय की बचत होगी।
- ट्रायल के लिए चार बचे हुए स्लैब का काम भी अगस्त में पूरा करना होगा। इसके लिए वायाडक्ट कान्ट्रेक्टर, डीबीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर को वर्कर की संख्या बढ़ाकर तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।
- प्लेटफॉर्म के ऊपर शेड बनाने के काम में तेजी लाई जाए। इसके लिए वर्कर की संख्या बढ़ाई जाएगी।

"प्रायोरिटी कॉरिडोर में इंफ्रास्ट्रक्चर के काम अगस्त में पूरे कर लिए जाएंगे। काम समय पर और तेज गति से किए जा रहे हैं।
- **मनीष सिंह**, एमडी, एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | पीपल्स समाचार | भोपाल | 11.08.2023 | 04 | इस महीने स्टेशन ओर ट्रेक हो जाएगा तैयार, अगले महीने मेट्रो का ट्रायल | Neutral |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 4 August 11, 2023

# इस महीने स्टेशन और ट्रैक हो जाएगा तैयार, अगले महीने मेट्रो का ट्रायल

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

राजधानी में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। पूरा फोकस ट्रैक कंप्लीट करने पर है, इसकी डेडलाइन 31 अगस्त तय की गई है। वहीं कॉरिडोर को कंप्लीट करने की डेडलाइन 15 सितंबर तय की गई है, ताकि सितंबर के आखिरी सप्ताह में मेट्रो का ट्रायल रन किया जा सके।

सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन वाया एम्स तक बनाए जा रहे प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक ट्रायल रन किया जाना है। इस रूट पर एक तरफ पटरियां बिछ चुकी हैं और दूसरी तरफ बिछाने का काम चल रहा है। मेट्रो



कंपनी के एमडी मनीष सिंह ने गुरुवार को प्रायोरिटी कॉरिडोर का जायजा लिया। उन्होंने वर्क प्रोग्रेस रिपोर्ट देखी और समय पर काम पूरा करने की हिदायत दी। अधिकारियों ने बताया कि डिपो में प्रॉयोरिटी के तहत पटरी के टर्नआउट का कार्य भी तेजी से चल रहा है। 13 में से 9 टर्न आउट का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बाकी कार्य 20 अगस्त तक पूरा होना है। प्रायोरिटी कॉरिडोर में 8 स्टेशन हैं, जबकि ट्रायल रन में पांच स्टेशन- आरकेएमपी स्टेशन, सरगम टॉकीज, डीबी मॉल, सेंट्रल स्कूल और सुभाष नगर स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों के साथ ही एम्स, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस स्टेशन का काम चल रहा है। ट्रायल रन रूट पर पड़ने वाले स्टेशनों का काम तेजी से किया जा रहा है।

**मॉडल की ओपनिंग जल्दः** इधर, स्मार्ट पार्क में रखा गया मेट्रो मॉडल का लोकार्पण मुख्यमंत्री करेंगे। मेट्रो कंपनी ने इसके लिए समय मांगा है। उम्मीद है कि अगस्त में ही मॉडल का लोकार्पण किया जाएगा। बता दें कि मेट्रो मॉडल हूबहू मेट्रो ट्रेन जैसा है। अंदर सीटिंग से लेकर लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरे, अनाउंसमेंट सिस्टम आदि सब कुछ मेट्रो ट्रेन जैसा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | हरि भूमि | भोपाल | 11.08.2023 | 02 | सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक बिछी पटरी, अगले माह होगा ट्रायल | Neutral |


हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 11 अगस्त 2023


# सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक बिछी पटरी, अगले माह होगा ट्रायल रन

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

पिछले माह के आखिरी सप्ताह में मेट्रो के ट्रायल रन को लेकर तैयारी तेजी से चल रही है। मेट्रो का ट्रायल रन अब सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक किया जाएगा। दरअसल मेट्रो के फर्स्ट रूट का ट्रायल रन एम्स तक किया जाना था, लेकिन रानी कमलापति से एम्स तक का अधूरा काम होने की वजह से अब इसे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक समेट दिया है। जिसके लिए सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक एक तरफ पटरी बिछाई जा चुकी है। अब दूसरी ओर इतनी ही लंबाई में पटरी बिछाई जा रही है। अगस्त में पटरी बिछाने का पूरा काम करने

### खास बातें

- एमडी ने अफसरों से मांगी प्रगति रिपोर्ट
- स्मार्ट पार्क में रेल इंजन सहित दो कोच के रियल मॉडल का ले सकेंगे अनुभव

## मेट्रो एमडी मनीष सिंह ने टीम के साथ देखा मेट्रो का रनिंग काम, चार किमी बिछाई पटरी



### स्मार्ट पार्क में होगी मॉडल की ओपनिंग

मेट्रो के मॉडल की ओपनिंग इसी माह हो सकती है। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से तारीख मांगी गई है। मॉडल का डेमो स्मार्ट पार्क में होगा। यह बिल्कुल वैसा है, जैसी मेट्रो ट्रेन है। [illegible] लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरे, अनाउंसमेंट सिस्टम [illegible] स्मार्ट पार्क में [illegible] किया गया है। यह मेट्रो जैसा ही अनुभव कराएगी। यह इंजन समेत दो कोच का ट्रेन मॉडल होगा। [illegible] इसमें बैठकर मेट्रो जैसा अनुभव ले सकेंगे।

### वार्ड और सब स्टेशन का काम देखा

एमडी ने मेट्रो डिपो और वायडक्ट को जोड़ने वाली लाइन और वार्ड, टेस्ट ट्रैक, सब स्टेशन का काम देखा। [illegible]

का टारगेट दिया गया है। गुरुवार को मेट्रो एमडी मनीष सिंह ने सुभाष नगर मेट्रो डिपो में अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट मांगी। इसके बाद रूट का अफसरों के साथ निरीक्षण किया। प्रायोरिटी कॉरिडोर में आठ स्टेशन हैं, जिसमें एम्स [illegible], अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस, रानी कमलापति स्टेशन, सरगम टॉकीज, डीबी मॉल, केंद्रीय स्कूल और सुभाष नगर स्टेशन शामिल हैं। जिसमें से सुभाषनगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच ट्रायल रन होगा। इसलिए इन पांचों स्टेशन के ओपन फाउंडेशन, पीयर, गर्डर कास्टिंग, पाइलिंग, बिजली सब स्टेशन और लोडिंग-अनलोडिंग के का सिविल वर्क पूरा किया जा रहा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 11.08.2023 | 02 | 3.1 किमी बिछी पटरी, बची 1.3 किमी का काम 25 अगस्त तक | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 11-08-2023

Pg-02

### प्रायोरिटी कॉरिडोर ट्रैक

# 3.1 किमी बिछी पटरी, बची 1.3 किमी का काम 25 अगस्त तक

**भोपाल** | भोपाल मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर ट्रैक पर 3.1 किमी पटरी बिछाई जा चुकी है। 1.3 किमी पटरी 25 अगस्त तक बिछा दी जाएगी। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह गुरुवार को जब मेट्रो साइट्स का निरीक्षण करने पहुंचे तब उन्हें तकनीकी टीम ने ये जानकारी दी। एमडी ने सितंबर में होने वाले ट्रायल रन के मद्देनजर सुभाष नगर मेट्रो डिपो में अफसरों से काम की प्रगति रिपोर्ट मांगी थी। उन्होंने मेट्रो डिपो और वायाडक्ट को जोड़ने वाली लाइन व यार्ड, टेस्ट ट्रैक, सब स्टेशन को लेकर भी बात की। एमडी ने निर्देश दिए कि ट्रायल रन के लिए जरूरी बचे 4 स्लैब का काम समय पर पूरा करें।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | पत्रिका | भोपाल | 11.08.2023 | 2 | मेट्रो ट्रेनः सितंबर मे होगा ट्रायल रन | Neutral |

पत्रिका

**मेट्रो ट्रेन:** सितंबर में होगा ट्रायल रन

# 25 तक पूरा होगा स्टेशनों के शेड बनाने और पटरी का काम



एमडी मनीष सिंह मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते हुए।

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन का ट्रायल सितंबर में ही होगा। इसे सुनिश्चित करने के लिए एमडी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन मनीष सिंह ने गुरुवार को रानी कमलापति से सुभाषब्रिज व डिपो तक का निरीक्षण किया। करीब चार घंटे तक चले निरीक्षण में 25 अगस्त तक स्टेशनों के शेड व पटरी का काम पूरा करने के निर्देश दिए। संभवतः सितंबर के पहले सप्ताह में मेट्रो का रैक भोपाल पहुंच जाएगा। सितंबर आखिरी सप्ताह में ट्रायल रन शुरू होगा।

## 1.3 किमी पटरी अगले 15 दिन में बिछेगी

मेट्रो ट्रेन के प्रायोरिटी कॉरीडोर में दोनों ओर 4.4 किमी लंबाई में पटरी बिछाई जा रही है। अभी 1.3 किमी पटरी का काम बाकी है। इसे 25 अगस्त तक पूरा करना तय है। यानी अगले पंद्रह दिन में काम पूरा करना होगा। मेट्रो के पांच स्टेशनों पर शेड में भी दो स्टेशनों पर काम बाकी है। इनका काम अगले पंद्रह दिन में पूरा करना होगा।

## पटरी के 9 टर्नआउट पूरे

मेट्रो ट्रेन के लिए बिछाई जा रही पटरी में कुल 13 टर्न आउट हैं। इनमें से नौ का काम पूरा हो गया है। टर्न आउट वे पाइंट होते हैं जो ट्रेन को पटरी बदलने में मदद करते हैं। इसका काम 20 अगस्त तक पूरा करने के लिए कहा गया है। एमडी ने मेट्रो डिपो व वायाडक्ट को जाने वाली लाइन, यार्ड, टैस्ट ट्रैक, सब स्टेशन का विस्तार से निरीक्षण किया।

Date: 11/08/2023, Edition: Bhopal, Page: 2
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | नई दुनिया | भोपाल | 11.08.2023 | 04 | सितंबर 2023 मे ही शुरू होगा मेट्रो का ट्रायल रन: मनीष सिंह | Neutral |



# सितंबर 2023 में ही शुरू होगा मेट्रो का ट्रायल रन : मनीष सिंह



अफसरों के साथ गुरुवार को एमडी ने साइट विजिट कर मेट्रो की प्रगति देखी। • नवदुनिया

- मेट्रो के एमडी ने की विजिट, अगस्त अंत तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**भोपाल ( नवदुनिया प्रतिनिधि )।** राजधानी में मेट्रो के ट्रायल रन में देरी को लेकर लगाए जा रहे कयासों पर मेट्रो के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने विराम लगा दिया है। उन्होंने गुरुवार को मेट्रो परियोजना की साइट का निरीक्षण करने के बाद कहा, कि मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर 2023 में ही होगा। उन्होंने तैयारियों का जायजा लेने के बाद बचे निर्माण कार्य को अगस्त अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

मेट्रो के अधिकारियों ने एमडी को बताया कि वर्तमान में एक तरफ की 3.1 किमी लंबी पटरी बिछाने का काम पूरा कर लिया है। 1.3 किमी की पटरी बिछाने का काम 25 अगस्त तक पूरा होगा। पटरी बिछाने के साथ-साथ थर्ड रेल का काम भी किया जा रहा है। इसी थर्ड रेल से मेट्रो को दौड़ने वाले करंट की सप्लाई होगी। दोनों कामों के साथ होने से समय की बचत होगी। वहीं ट्रायल के लिए चार बचे हुए स्टेशन का काम भी अगस्त में पूरा करना होगा। इसके लिए वायडक्ट कान्ट्रेक्टर, डीबीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर को वर्कर की संख्या बढ़ाकर तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। प्लेटफार्म के ऊपर शेड बनाने का काम तेजी से हो। इसके लिए वर्कर की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसको पूरा करने के लिए भी 25 अगस्त की डेडलाइन तय की गई है। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान मेट्रो के एमडी मनीष सिंह सबसे पहले सुभाष नगर मेट्रो डिपो पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों से डेवलपमेंट रिपोर्ट मांगी। उन्होंने टेस्ट ट्रैक, सब-स्टेशन का भी निरीक्षण किया।

## डिपो निर्माण की बढ़ी रफ्तार

सुभाष नगर डिपो में एक साथ 27 मेट्रो को खड़ा किया जा सकेगा। इस दौरान मेट्रो मेन लाइन से डिपो में टर्नआउट होकर दूसरी लाइन पर शिफ्ट होगी। डिपो में पटरी पर 18 टर्नआउट बनाएंगे, जिसमें से नौ टर्नआउट के काम पूर्ण कर लिए हैं। निरीक्षण में अधिकारियों ने एमडी को बताया कि अन्य चार टर्नआउट का काम भी 20 अगस्त तक पूरा कर लेंगे। वहीं मेट्रो को दौड़ने के लिए 750 वोल्ट डीसी करंट की जरूरत होगी। कंपनी ने प्रायोरिटी कारिडोर में 2.5 किमी लंबी केबल बिछाने का काम पूरा कर लिया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | नव भारत | भोपाल | 11.08.2023 | 03 | सितंबर मे होगा मेट्रो का ट्रायल रन | Neutral |



# सितंबर में होगा मेट्रो का ट्रायल रन

भोपाल, 10 अगस्त. गुरुवार को मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने भोपाल मेट्रो साइट्स का विस्तार से निरीक्षण एवं समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों को समयसीमा में बचे सभी काम पूरे करने को कहा. साथ ही दोहराया कि ट्रायल रन की तारीख अपरिवर्तनीय है.

## 4.4 में 3.1 किमी में पटरी बिछाने का काम पूरा

इससे पहले सभी काम पूरे हो जाने चाहिए. एमडी मनीष सिंह ने सुभाष नगर मेट्रो डिपो में अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट मांगी एवं कार्य स्थल पर सभी संबंधित विभागों के साथ निरीक्षण कर कार्य समय पर सुरक्षा के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए. अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि ट्रायल रन के सभी महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूरे कर लिए जाएंगे. बताया गया कि राजधानी भोपाल में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर में पूरा होगा. सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक 4.4 किमी में से 3.1 किमी पटरी बिछाने का काम पूरा हो गया. 1.3 किमी पटरी बिछाने का काम 25 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा.



## बिजली सप्लाई के लिए 25 किमी केबल बिछाने का काम पूरा

डिपो में स्थापित रिसिविंग एवं ट्रैक्शन सब-स्टेशन का निरीक्षण कर कार्य समय पर पूर्ण करने के लिए सिस्टम कॉन्ट्रैक्टर को निर्देश दिए गए. साथ ही अधिकारियों ने बताया कि भोपाल मेट्रो रेल के लिए बिजली की सप्लाई मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी करेगी. प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत सुभाष नगर डिपो में गोविंदपुरा ग्रिड सब स्टेशन तक 2.5 किमी में केबल बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है. यहां से 132 किमी किलोवोल्ट की बिजली सप्लाई की जाएगी. इसे 33 किलोवोल्ट में कन्वर्ट करके स्टेशन और फिर 750 वोल्ट डीसी में कन्वर्ट करके ट्रेन चलाने के लिए प्रयोग किया जाएगा.

इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रायोरिटी के तहत पटरी के हनीकॉम्ब का कार्य भी तेजी से चल रहा है. अब तक 13 में से 9 टर्न आउट का कार्य पूर्ण कर लिया गया है. बाकी बचे कार्य 20 अगस्त तक पूरे पूर्ण कर लिए जाएंगे.

### चार बचे स्लैब का कार्य जल्द पूरा करें

एमडी ने वायाडक्ट कांट्रेक्टर डीबीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर को चार बचे हुए स्लैब का कार्य ट्रायल रन के लिए जल्द पूरा करने के निर्देश दिए. उन्होंने कमियों की वजह बताकर प्लेटफॉर्म के ऊपर रोड का निर्माण 25 अगस्त तक पूरा करने का भी निर्देश दिया. अन्य बचे हुए कार्य ट्रायल रन के बाद समय सीमा में किए जाएंगे, ताकि मेट्रो ट्रेन का पैसेंजर संचालन शुरू किया जा सके.

एमडी ने मेट्रो डिपो एवं वायाडक्ट को जोड़ने वाली लाइन एवं यार्ड, टेस्ट ट्रैक, सब स्टेशन पर विस्तार से निरीक्षण किया एवं प्रगति को लेकर संतुष्टि जाहिर की. साथ ही अधिकारियों ने बताया कि थर्ड रेल, जो ट्रेन को करंट सप्लाई करेगी, उस पर एक साथ काम किया जा रहा है. बता दें कि इंदौर की पहली मेट्रो अगस्त माह के अंत तक और भोपाल में सितंबर माह की शुरुआत में आने की संभावना है.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 27 | स्वदेश | भोपाल | 11.08.2023 | 04 | सितंबर मे होगा मेट्रो का ट्रायल रन.. | Neutral |

25 अगस्त तक स्टेशन से पटरी तक के काम पूरे करने की समय सीमा तय

# सितंबर में होगा मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन...

## एमडी मनीष सिंह ने किया निरीक्षण

स्वदेश संवाददाता, भोपाल



मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन सितंबर माह में होगा। एमडी मेट्रो ट्रेन मनीषसिंह ने गुरुवार को प्रोजेक्ट का स्थल निरीक्षण कर पटरी से लेकर स्टेशन के शेड व अन्य काम पूरे करने 25 अगस्त तक की समय सीमा तय कर दी। सितंबर आखिर तक ट्रायल रन होगा। सिंह ने ट्रायल रन के लिए सुभाष नगर मेट्रो डिपो मे अधिकारियो से प्रगति रिपोर्ट मांगी। कार्य स्थान पर सभी संबंधित विभागों के साथ निरीक्षण कर कार्य समय पर सुरक्षा के साथ पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। मेट्रो ट्रेन डिपो में प्रयोरिटी के तहत पटरी के टर्नआउट का काम भी तेजी से चल रहा है। टर्न आउट ट्रेन को पटरी बदलने में मदद करता है। अब तक [illegible] लिया गया है। बचे काम को 20 अगस्त तक पूरा किया जाएगा। एमडी ने मेट्रो डिपो व वायाडक्ट को जोड़ने वाली लाइन व यार्ड, टेस्ट ट्रैक, सब स्टेशन पर विस्तार से निरीक्षण किया। प्रगति को लेकर संतुष्टि जताई। डिपो में स्थापित रिसिविंग एवं ट्रैक्शन सब स्टेशन का निरीक्षण किया। मेट्रो रेल के लिए बिजली की बिजली सप्लाइ मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा की जाएगी। प्राइऑरटी कॉरिडर के तहत सुभाष नगर डिपो में गोविन्दपुरा चम्बल ग्रिड सब स्टेशन से ढाई किमी लंबी अंडरग्राउंड केबल बिछाने का काम पूरा हो गया है। यहां से 132 किलोवाट की बिजली सप्लाइ की जाएगी। इसे 33 किलोवाट मे कन्वर्ट करके स्टेशन पर बिजली सप्लाइ देंगे। इसे फिर 750 वॉल्ट डीसी में कन्वर्ट करके ट्रेन चलाई जाएगी। एमडी सिंह ने स्टेशन का भी निरीक्षण किया। श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर प्लेटफॉर्म के शेड का काम 25 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए। प्रायोरिटी कॉरिडोर ट्रैक/पटरी के करीब 3.1 किमी एक तरफ की पटरी बिछाने का कार्य पूर्ण हो गया है। बची हुई 1.3 किमी की पटरी बिछाने का काम 25 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ-साथ थर्ड रेल जो की ट्रेन को करंट सप्लाइ करेगी उसके लिए भी एक साथ काम चल रहा है। एमडी सिंह ने कहा सितंबर में होने वाले ट्रायल रन की समय सीमा अपरिवर्तनीय है। इससे पहले सभी काम पूरे कराए जाएंगे।

### अधिकारियों की मानें तो बारिश के बावजूद जारी है काम

मेट्रो कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि बारिश की वजह से काम पर असर नहीं पड़ा है। वेल्डिंग से जुड़े लगभग सभी काम पहले ही पूरे किए जा चुके है। अभी मानसून ब्रेक से फायदा मिलेगा। 20 अगस्त तक वेल्डिंग से बाकी बचा काम भी पूरा कर लेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | अमर उजाला | भोपाल | 11.08.2023 | 03 | अगले महीने होगा मेट्रो का ट्रायल रन, 4.4 मे से 3.1 किलोमीटर मे पटरी बिछाने का काम पूरा | Neutral |



# अगले महीने होगा मेट्रो का ट्रायल रन, 4.4 में से 3.1 किलोमीटर में पटरी बिछाने का काम पूरा

## एमडी मनीष सिंह ने मेट्रो निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया, बचे काम समय सीमा में पूरे करने के निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

भोपाल। राजधानी में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर में पूरा होगा। सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक 4.4 किमी में से 3.1 किमी पटरी बिछाने का काम पूरा हो गया। 1.3 किमी पटरी बिछाने का काम 25 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा।

गुरुवार को मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने भोपाल मेट्रो निर्माण स्थलों का विस्तार से निरीक्षण एवं समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को समयसीमा में बचे सभी काम पूरे करने को कहा। उन्होंने दोहराया कि ट्रायल रन की तारीख अपरिवर्तनीय है। इससे पहले सभी काम पूरे हो जाने चाहिए। एमडी मनीष सिंह ने सुभाष नगर मेट्रो डिपो में अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट मांगी एवं कार्य स्थल पर सभी संबंधित विभागों के साथ निरीक्षण कर कार्य समय पर सुरक्षा के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि ट्रायल रन के सभी महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्राथमिकता के तहत पटरी के टर्न आउट का कार्य भी तेजी से चल रहा है। अब तक 13 में से 9 टर्न आउट का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बाकी बचे कार्य 20 अगस्त तक पूरे पूर्ण कर लिए जाएंगे।



भोपाल में मेट्रो ट्रेन की तैयारियों का जायजा लेते एमडी मनीष सिंह व अन्य अधिकारी। अमर उजाला

### बचे हुए चार स्लैब का कार्य जल्द पूरा करें...

एमडी ने वायाडक्ट कांट्रेक्टर डीबीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर को चार बचे हुए स्लैब का कार्य ट्रायल रन के लिए जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर प्लेटफॉर्म के ऊपर शेड का निर्माण 25 अगस्त तक पूरा करने का भी निर्देश दिया। अन्य बचे हुए कार्य ट्रायल रन के बाद समय सीमा में किए जाएंगे, ताकि मेट्रो ट्रेन का पैसेंजर संचालन शुरू किया जा सके। एमडी ने मेट्रो डिपो एवं वायाडक्ट को जोड़ने वाली लाइन एवं यार्ड, टेस्ट ट्रैक, सब स्टेशन पर विस्तार से निरीक्षण किया एवं प्रगति को लेकर संतुष्टि जाहिर की। साथ ही अधिकारियों ने बताया कि थर्ड रेल, जो ट्रेन को करंट सप्लाई करेगी, उस पर एक साथ काम किया जा रहा है।

### बिजली सप्लाई के लिए 25 किमी केबल बिछाने का काम पूरा

डिपो में स्थापित रिसिविंग एवं ट्रैक्शन सब-स्टेशन का निरीक्षण कर कार्य समय पर पूर्ण करने के लिए सिस्टम कॉन्ट्रैक्टर को निर्देश दिए गए, साथ ही अधिकारियों ने बताया कि भोपाल मेट्रो रेल के लिए बिजली की सप्लाई मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी करेगी। प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत सुभाष नगर डिपो में गोविंदपुरा चंबल ग्रिड सब स्टेशन तक 2.5 किमी में केबल बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। यहां से 132 किमी किलोवॉट की बिजली सप्लाई की जाएगी। इसे 33 किलोवॉट में कन्वर्ट करके स्टेशन और फिर 750 वॉट डीसी में कन्वर्ट करके ट्रेन चलाने के लिए प्रयोग किया जाएगा।

### इंदौर के कोच इसी माह के अंत तक आएंगे

इंदौर की पहली मेट्रो अगस्त के अंत तक और भोपाल में सितंबर की शुरुआत में आने की संभावना है।

MPMETRO

METRO NEWS

12th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 12.08.2023 | 21 | मेट्रो के लिए 4 जगह बिछाई 132kv की अन्डरग्राउन्ड लाइन | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 12-08-2023

Pg-21

प्रोजेक्ट की लागत 17 करोड़ रुपए प्रति किमी

# मेट्रो के लिए 4 जगह बिछाई 132 KV की अंडरग्राउंड लाइन

भोपाल| मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने मेट्रो के लिए शहर में चार लोकेशंस पर 132 केवी क्षमता की एक्स्ट्रा हाई टेंशन केबल अंडरग्राउंड बिछा दी है। यह चारों लोकेशंस नए और पुराने शहर में है। इसके जरिए मेट्रो को बिजली की सप्लाई की जाएगी।

कंपनी के चीफ इंजीनियर (प्लानिंग) संजय कुलश्रेष्ठ ने इस संबंध में बताया कि हमारी तरफ से भूमिगत लाइन बिछाकर सप्लाई दे दी गई है। अब मेट्रो रेल कॉरपोरेशन जब चाहे, तब इसके जरिए बिजली का इस्तेमाल कर सकता है। पूरी प्रोजेक्ट कास्ट मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने वहन की है। इसकी अनुमानित लागत 90 करोड़ रुपए है।

**4 जगह... जहां जमीन के अंदर केबल बिछाई**

1. करोंद कृषि उपज मंडी से देवकी नगर तक 800 मीटर।
2. देवकी नगर से विश्वकर्मा नगर तक एक किमी।
3. भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल से लेकर एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट तक 1.7 किमी।
4. गोविंदपुरा से सुभाष नगर तक 2.1 किमी।

कुलश्रेष्ठ ने बताया कि मध्यप्रदेश में पहली बार 132 केवी क्षमता की एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइन जमीन के अंदर बिछाई गई है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | Free Press | Bhopal | 11.08.2023 | 07 | Indore Metro power line from Gandhi Nagar to SC6 to go live next week | Neutral |


MADHYA PRADESH

Pg-07 BHOPAL | SATURDAY | AUGUST 12, 2023 www.freepressjournal.in


# Indore Metro power line from Gandhi Nagar to SC6 to go live next week

## People cautioned against going near power line


OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in


Citizens will be able to witness the Indore Metro moving on the tracks within three weeks, as per the claims of Indore Metro. In keeping with this on Friday, Metro officials released an official notification for energising of the Metro power line (making Metro power lines functioning) from August 14 cautioning unauthorised people not to venture near the power supply cables.

According to the notice 33,000 Volt, 50Hz AC Power cables and the 750 Volt, DC third Rail traction will be energised on or after August 14 on the completed section from Gandhi Nagar to Super Corridor 6.

The notice says, 'on and from the said date Traction & Power supply system should be treated as live at all times and no un-authorised person shall approach or work in the proximity of the said Power Supply area.'

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|
| 31 | दैनिक भास्कर | सम्पूर्ण मध्य प्रदेश | 12.08.2023 | भर्ती विज्ञापन | Neutral |

]

दैनिक भास्कर

भोपाल 12-08-2023

## मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन का संयुक्त उपक्रम)
द्वितीय तल, स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ऑफिस बिल्डिंग
कालीबाड़ी रोड, भेल, सेक्टर-ए, बरखेड़ा, भोपाल-462022

### भर्ती के लिए विज्ञापन

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MPMRCL), भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम, भोपाल मेट्रो रेल परियोजना और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना को मध्यप्रदेश राज्य में क्रियान्वित कर रहा है।

तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु MPMRCL द्वारा विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित है।

**GM/AGM (CIVIL/PROJECT)**

नियुक्तियां MPMRCL के नियमों एवं शर्तों पर संविदा/प्रतिनियुक्ति के आधार पर होंगी।

यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। रिक्त पदों का विस्तृत विवरण एमपीएमआरसीएल वेबसाइट **www.mpmetrorail.com** के कैरियर विकल्प में उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कृपया विज्ञापन क्रमांक No. 1986/HRD/MPMRCL-037/2023 दिनांक 11.08.2023 देखें।

रिक्त पदों के लिए ऑफलाइन आवेदन की **अंतिम तिथि 26 अगस्त 2023** है।

म.प्र. माध्यम/111366/2023 **प्रबंध संचालक**

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|
| 32 | Hindustan Times | All India | 12.08.2023 | Advertisement for Recruitment | Neutral |



MPMETRO

# MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED

**(A Joint Venture of Govt. of India and Govt. of Madhya Pradesh)**
**2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building**
**Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Barkheda, Bhopal-462022**

## ADVERTISEMENT FOR RECRUITMENT

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL), a joint venture of Government of India and Government of Madhya Pradesh is implementing Bhopal Metro Rail Project & Indore Metro Rail Project in the State of Madhya Pradesh.

To meet with the immediate requirement, MPMRCL invites application for the various posts of

**GM/AGM (CIVIL/PROJECT)**

The posts/appointments will be on Contract/Deputation basis on standard terms & conditions of the organization.

This Advertisement is only indicative. The detailed vacancy notifications and particulars regarding eligibility criterion, qualification, experience, age limit, mode of selection etc. are available, in the Career sections of MPMRCL website **www.mpmetrorail.com.** Please refer Advt. No. 1986/HRD/MPMRCL-037/2023, dated 11.08.2023 for more details.

Last date for submission of offline applications for the notifications is **26.08.2023.**

M.P. Madhyam/111366/2023 **MANAGING DIRECTOR**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | प्रदेश टुडे | भोपाल | 12.08.2023 | 08 | मेट्रो का ट्रायल रन की तैयारियाँ हुई शुरू | Neutral |



**5243 स्टूडेंट्स ने अपग्रेड की इंजीनियरिंग की सीट**

भोपाल। डीटीई ने शुक्रवार को बीटेक में सीट अपग्रेडेशन की प्रोसेस के तहत सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया है। जेईई मेन की मेरिट के आधार पर डीटीई ने 11 अगस्त को 22992 स्टूडेंट्स को सीट आवंटित की थी। 5243 की सीट अपग्रेड हुई है।




## मेट्रो का ट्रायल रन की तैयारियां हुई शुरू

# भोपाल मेट्रो: 3 माह तक चलेगा प्रोजेक्ट का ट्रायल, चुनाव से पहले दौड़ाने के प्रयास

**राजधानी में बहुप्रतीक्षित मेट्रो प्रोजेक्ट का सितंबर में मेट्रो का ट्रायल रन होना प्रस्तावित है। जो आगामी तीन महीने तक चलेगा। इसके बाद जनवरी, 2024 में मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त इस मार्ग की संरक्षा को परखेंगे। उनके संतुष्ट होने के बाद प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो संचालन की अनुमति दी जाएगी। मेट्रो के अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2024 में मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर पर दौड़ सकती है।**

## RKMP से सुभाष नगर तक 90 फीसदी तक काम पूरा



प्रदेश टुडे संवाददाता, भोपाल

इस संबंध में मेट्रो प्रोजेक्ट के काम की निगरानी के लिए मेट्रो कॉर्पोरेशन तेजी से काम कर रही है। हाल ही में उन्होंने शहर में बन रहे मेट्रो स्टेशनों और बिछाई जा रही पटरियों के कामकाज को देखा है। विभागीय सूत्रों की मानें तो विधानसभा चुनाव के पहले भोपाल में मेट्रो चलाने के लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं और इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फिर एक बार मप्र आने के लिए समय मांगा गया है।

बताया जा रहा है कि वर्तमान में मेट्रो कार्पोरेशन का पूरा ध्यान ट्रायल रन पर है। इसको लेकर रानी कमलापति से सुभाष नगर के बीच बनने वाले सभी स्टेशनों का कंस्ट्रक्शन वर्क पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। वर्तमान में इस रूट पर सिविल वर्क 90 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। फिलहाल स्टेशन के अंदर लिफ्ट लगाने और बिजली से संबंधित कामों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार अंदर से सिविल वर्क पूरा हो चुका है। केवल बारीक कामों को पूरा किया जा रहा है। अगस्त के अंत तक इस रूट के सभी स्टेशनों का सिविल वर्क और रूट का सिविल वर्क और पटरी बिछाने का काम भी पूरा कर लिया जाएगा।

भोपाल और इंदौर में मेट्रो कॉरिडोर का काम तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुसार प्रायरिटी कॉरिडोर में सितंबर से ट्रायल रन करना है। इसको लेकर तैयारियां पूरी की जा रही है।

– मनीष सिंह, एमडी, मप्र मेट्रो

### मेट्रो माक अप का जल्द होगा अनावरण

स्मार्ट पार्क पर खड़े मेट्रो माक अप (मेट्रो की बोगी) का निरीक्षण करने के लिए इसका अनावरण जल्द से जल्द करने की योजना है। सीएम शिवराज सिंह चौहान माक अप का अनावरण कर सकते हैं। फिलहाल डिब्बे को आम लोगों के अवलोकन के लिए एक जगह पर व्यवस्थित करने का काम पूरा कर लिया गया है। इस दौरान डिब्बे के अंदर इलेक्ट्रिक वर्क भी पूरा कर लिया गया है, जिससे आम लोग डिब्बे में पहुंचकर टीवी, अलार्म, इलेक्ट्रिक कनेक्शन सहित अन्य चीजों का अवलोकन कर सकेंगे। डिब्बे में 50 लोगों के बैठने और 250 लोगों के खड़े होने का इंतजाम किया गया है।

MPMETRO

METRO NEWS

13th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|
| 34 | दैनिक भास्कर | सम्पूर्ण मध्यप्रदेश | 13.08.2023 | अब दूर नहीं मेट्रो का सफर, इसी माह के अंत मे आएंगे कोच | Advertorial |

दैनिक भास्कर भोपाल 13-08-2023



भोपाल और इंदौर में तेज रफ्तार से चल रहा मेट्रो का काम, सितंबर में ट्रायल की तैयारी...

# अब दूर नहीं मेट्रो का सफर, इसी माह के अंत में आएंगे कोच

पहले चरण में...

## भोपाल और इंदौर में प्रायोरिटी रूट पर तेजी से हो रहा काम

3-3 कोच की 1-1 ट्रेन इंदौर एवं भोपाल में इसी महीने आ सकती है

## मेट्रो के रोलिंग स्टॉक के काम की भी रफ्तार तेज

## ट्रेन के संचालन के लिए सभी आवश्यक कंट्रोलिंग सिस्टम

विश्वसनीय, आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को सुनिश्चित करने अत्याधुनिक दूरसंचार तकनीक

## मेट्रो रेल सेवा... आरामदायक और सुरक्षित यात्रा की पूरी गारंटी

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | पत्रिका | भोपाल | 13.08.2023 | 07 | मेट्रो ट्रेन सितंबर आखिर तक पटरी पर दौड़ती नजर आएगी | Neutral |

पत्रिका

#cityDevelopment मेट्रो ट्रेन सितंबर आखिर तक पटरी पर दौड़ती नजर आएगी

# सौगातों का सितंबर, मेट्रो और शहर के दो ब्रिज जनता को ट्रैफिक से देंगे राहत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** आगामी माह सितंबर शहर के लिए सौगातों वाला साबित होगा। मेट्रो ट्रेन सितंबर आखिर तक पटरी पर चलती नजर आएगी। जबकि करोद रेलवे ओवरब्रिज और गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक जीजी फ्लाइओवर पर भी ट्रैफिक शुरू हो जाएगा। 11 माह में काम पूरा करने के दावे के साथ कोलार सिक्सलेन का काम शुरू हुआ था, लेकिन सितंबर में इसका एक हिस्सा तैयार हो जाएगा। यानि छह लेन में से तीन लेन सीमेंट कांक्रीट की तैयार होगी और यहां ट्रैफिक चलता नजर आएगा।

## 3700 करोड़ रुपए के काम का लाभ मिलेगा

मेट्रो ट्रेन का जो काम सितंबर में पूरा होकर ट्रायल शुरू होगा वह करीब 3300 करोड़ रुपए के हैं। इसके साथ ही 220 करोड़ रुपए की कोलार रोड का एक हिस्सा शुरू होगा। इसकी लागत 20 करोड़ रुपए के करीब पहुंच गई है। जीजी फ्लाइओवर शहर का अब तक का सबसे लंबा ब्रिज है और करीब 150 करोड़ रुपए में पूरा हो रहा है। तीन अन्य स्थानीय रास्ते जिसमें बैरागढ़ चीचली से सलैया, नीलबड़ से आगे बरखेड़ा कलां व आगे तक की प्रमुख सड़कें शामिल हैं। करीब 3700 करोड़ रुपए के कामों के शुरू होने से राहत मिलेगी।

जीजी फ्लाइओवर और करोद ब्रिज का काम लगभग पूरा है। सितंबर में ये आमजन के लिए शुरू हो जाएंगे।
**जावेद शकील,** कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी ब्रिज

सितंबर में मेट्रो का ट्रायल तय है। शहरवासी पब्लिक ट्रांसपोर्ट के नए और अत्याधुनिक मॉडल को अपने शहर में देखेंगे।
**मनीषसिंह,** एमडी, मेट्रो ट्रेन कारपोरेशन




स्मार्ट सिटी पार्क में मेट्रो का कोच रखा हुआ है।

## कैसे मिलेगा लाभ

**मेट्रो ट्रेन-** सितंबर में मेट्रो का ट्रायल शुरू होगा, लेकिन कमर्शियल रन नहीं चलेगा। हालांकि ये शहर के पब्लिक ट्रांसपोर्ट में एक नया अध्याय लिखेगी, जो पूरे शहर के लिए बेहतर है। फिलहाल लोग इसमें भ्रमण का अनुभव ले सकेंगे, लेकिन कामकाज के लिए आवाजाही में कुछ माह और लगेंगे।

**जीजी फ्लाइओवर-** सितंबर में सबसे बड़ी राहत गणेशमंदिर से मानसरोवर, बोर्ड ऑफिस चौराहा और गायत्री मंदिर, प्रेस कॉम्प्लेक्स के एंट्री पाइंट पर मिलेगा। मेट्रो के साथ जीजी फ्लाइओवर से एक नगर के इन पाइंट्स पर ट्रैफिक लगभग आधा हो जाएगा।

**करोद ब्रिज-** करोद रेलवे फाटक पर ये आरिफ नगर से करोद मंडी के बीच निर्बाध रास्ता बनेगा। दोनों ओर रोजाना 70 हजार से अधिक वाहनों के रूकने और जाम के साथ प्रदूषण की स्थिति खत्म हो जाएगी। ट्रैफिक लगातार चलता रहेगा।

**कोलार सिक्सलेन-** अभी चूनाभट्टी के कोलार तिराहो से गोलजोड तक ट्रैफिक जाम, गड्ढे ट्रैफिक की दिक्कत हैं। एक तरफ की तीन लेन शुरू होने से लोगों को राहत मिलेगी।

Date: 13/08/2023, Edition: Bhopal, Page: 7
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 13.08.2023 | 22 | नया पता-ठीकाना.. दिल्ली ओर बैं प्रचलित हैं पिलर्स के नंबर से पता बताना, अब यहाँ भी.. | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 13-08-2023



नया पता-ठिकाना... दिल्ली और बेंगलुरू में प्रचलित है पिलर्स के नंबर से पता बताना, अब यहां भी...

# ...हमारा भोपाल नंबरों का शहर | मेट्रो और जीजी फ्लाईओवर के पिलर अब यहां नए लैंडमार्क

एम्स से सुभाष नगर तक 6.22 किमी के मेट्रो रूट पर कुल 228 पिलर बनने हैं। इनमें से 216 बन गए हैं और हर एक पर नंबर भी दर्ज है। अपनी कार कहां खड़ी है, यह पिलर के नंबर से ही याद रख रहे हैं लोग...




## जीजी फ्लाईओवर में 90 पिलर

जीजी फ्लाईओवर के भी पिलर्स लोगों के लिए एड्रेस का काम कर रहे हैं। इसके लिए 90 पिलर्स बन रहे हैं। कुछ बन गए हैं और कुछ का काम जारी है। यदि यह पिलर नंबर मिटने लगेंगे तो दोबारा इन्हें लिखा जाएगा। दिल्ली और अन्य शहरों में भी यही हो रहा है।



**भास्कर एक्सपर्ट**
• सुयश कुलश्रेष्ठ, टाउन प्लानर

भोपाल नंबरों का शहर है। यहां लोग आपस में इस तरह बात करते मिल जाएंगे- 'मैं 1250 से 6 नंबर होते हुए 1100 पहुंच रहा हूं, तुम भी वहीं मिलो' और हो सकता है कि उसका मित्र जवाब दे 'ठीक है मैं ई-3 में हूं, यहां से 12 नंबर होते हुए 1100 पहुंच जाऊंगा।' लेकिन अब नंबरों के इस शहर में मेट्रो और जीजी फ्लाईओवर के पिलर नए लैंडमार्क बन रहे हैं। एम्स से सुभाष नगर तक 6.22 किमी के मेट्रो रूट पर कुल 228 पिलर बनने हैं। इनमें से 216 बन चुके हैं और हर एक पर नंबर भी दर्ज है। एम्पी नगर वाले इलाके में अभी कुछ लोग मेट्रो पिलर के नीचे कार पार्क करते हैं और अपनी कार की लोकेशन को पिलर नंबर से ही याद रखते हैं।

यदि आप देश-दुनिया के अन्य शहरों में देखें तो कई जगहों पर आपको यह ट्रेंड दिखाई देगा कि मेट्रो या पिलर नंबर लैंडमार्क की तरह उपयोग हो रहा है। सिंगापुर में इसका चलन सबसे ज्यादा है। देश में दिल्ली और बेंगलुरु में भी लोग अपने ऑफिस, शोरूम और दुकान ही नहीं, मकान और प्लॉट का पता भी मेट्रो और जीजी फ्लाईओवर के पिलर नंबर से दे रहे हैं।

### अरेरा कॉलोनी नहीं, रहवासी ई-1 और ई-2 बोलते हैं

अरेरा कॉलोनी के रहवासी से पूछिए कहां रहते हैं तो वह अरेरा कॉलोनी नहीं बताएगा, बल्कि ई-1 से ई-8 कोई नंबर बताएगा। पूछने वाला भी कॉलोनी का नाम नहीं पूछेगा और समझ जाएगा। यदि इसके विस्तार में जाएंगे तो ई-8 और ई-8 एक्सटेंशन किसी सरकारी एजेंसी नहीं, बल्कि लोगों के दिए हुए नंबर हैं।

## मेट्रो के 6.22 किमी के रूट पर 228 पिलर




## 1250 क्वार्टर से शुरू हुआ सिलसिला...

1 नवंबर 1956 को मप्र के गठन के साथ भोपाल को राजधानी बनाया गया। इसके साथ ही शहर में सरकारी कर्मचारियों के लिए मकान बनाए गए। नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लि. (अब एनबीसीसी इंडिया लि.) ने नॉर्थ और साउथ टीटी नगर में 2000 मकान बनाने के बाद जब 1250 और 1464 क्वार्टर बनाए, तब कंस्ट्रक्शन करते समय मकानों को सेक्टर 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7 में विभाजित किया गया। सिटी बस शुरू हुई तो उसमें ज्यादातर मजदूर जाते थे। कंडक्टर के पूछने पर कि कहां तक जाना है तो अपने सेक्टर का नंबर बताते थे। यही सेक्टर स्टॉप के नंबर में बदल गए। सेकंड और थर्ड स्टॉप मिलाकर 1250 क्वार्टर और उसके आगे 7 नंबर तक 1464 क्वार्टर। सेकंड स्टॉप के पास अरेरा कॉलोनी बनी। सिटी बस आगे तक जाने लगी तो 10, 11 और 12 नंबर स्टॉप हो गए। इन्हीं दिनों में नए 1100 क्वार्टर बने और उनकी पहचान भी नंबर से हो गई। मंत्रियों और बड़े अफसरों के बंगले भी 74 बंगला और 45 बंगला के रूप में पहचाने जाने लगे।

## चार इमली, 6 नंबर, सवा 6 और साढ़े 6 नंबर नाम से स्टॉप

चार इमली का नाम पहले चोर इमली था। सुनसान इलाके में इमली के पेड़ के नीचे चोर अपनी चोरी के माल का हिस्सा-बांटा करते थे। लेकिन चोर शब्द अच्छा नहीं लगने से कुछ लोगों ने चार इमली कहना शुरू किया। अब यही चलन में है। छह नंबर और सात नंबर के बीच सुभाष पॉलिटेक्निक बना। यहां बस रुकने लगी स्टॉप हो गया सवा छह नंबर। कुछ समय बाद इसके आगे नूतन कॉलेज बना। यहां भी बस रुकने लगी और स्टॉप हो गया साढ़े छह।

METRO NEWS
17th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | पत्रिका | भोपाल | 17.08.2023 | 05 | फोटो स्टोरी: मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट: अभी एक ही पटरी बिछेगी | Neutral |

पत्रिका

## फोटो स्टोरी मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट: अभी एक ही पटरी बिछेगी



**भोपाल @ पत्रिका.** मेट्रो ट्रेन का सितंबर में ट्रायल रन के अनुसार ही अब काम किया जा रहा है। मेट्रो ट्रेन की अप-डाउन पटरियों में से एक को ही बिछाने पर फोकस है। पहले चरण में मेट्रो रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर स्टेशन तक जाएगी और वहीं से वापस होगी। अगस्त के आखिर तक 4.4 किमी लंबाई की पटरी का सिंगल लाइन का काम पूरा हो जाएगा। मेट्रो के लिए जो स्टेशन बनाए हैं वे छह कोच की ट्रेन के अनुसार बनाए गए हैं। हालांकि फिलहाल तीन कोच का रैक ही चलेगा। ट्रैफिक बढ़ने पर तीन अतिरिक्त कोच जोड़े जा सकेंगे।

***मॉकअप को लोकार्पण का इंतजार:*** चैन्नई से आए 22 मीटर लंबे मेट्रो ट्रेन कोच का अभी तक लोकार्पण नहीं किया गया है। ये कपड़े से ढंका हुआ है। इसके लोकार्पण के लिए शासन से समय मांगा है।

Date: 17/08/2023, Edition: Bhopal, Page: 5
Source : https://epaper.patrika.com/

MPMETRO

METRO NEWS

18th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 38 | दैनिक जागरण | भोपाल | 18.08.2023 | 5 | भोपाल मेट्रो माडल का जल्द दें | Neutral |

# भोपाल मेट्रो मॉडल का जल्द देखेंगे डेमो

**भोपाल।** स्मार्ट रोड के पास मेट्रो के मॉडल के लिए स्ट्रक्चर बनाया जा रहा है। अगस्त के आखिरी सप्ताह में मुख्यमंत्री इसका लोकार्पण कर सकते हैं। भोपाल में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन सितंबर में होगा, लेकिन इससे पहले आप मेट्रो मॉडल को न सिर्फ देख सकेंगे बल्कि अनुभव भी ले सकेंगे। ये मॉडल पटरी पर नहीं दौड़ेगा, लेकिन रहेगा सब कुछ वैसा ही। इसमें बैठकर आप सुन सकेंगे, मेट्रो में आपका स्वागत है... अगला स्टेशन एम्स है... दरवाजे बाई तरफ खुलेंगे... कृपया दरवाजों से हटकर खड़े हों।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 19 .08.2023 | J2 | मेट्रो: प्रदेश की पहली अन्डरग्राउन्ड लाइन मे दौड़ा करंट | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 19-08-2023 Pg-J2

गोविंदपुरा से सुभाष नगर तक 37 करोड़ रु. में डाली गई 132 केवी क्षमता की डबल सर्किट लाइन

# मेट्रो : प्रदेश की पहली अंडरग्राउंड लाइन में दौड़ा करंट

## ह्यूमन मशीन इंटरफेस तकनीक का इस्तेमाल कर लाइन चार्ज की

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

शहर में मेट्रो के लिए शुक्रवार का दिन बहुत ही खास रहा। वजह यह है कि मेट्रो को बिजली सप्लाई के लिए मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी. ट्रांसको) ने जमीन के अंदर बिछाई गई प्रदेश की पहली 132 केवी क्षमता की लाइन को चार्ज कर दिया। सूत्रों के मुताबिक भोपाल मेट्रो को बिजली सप्लाई के लिए एमपी ट्रांसको के भोपाल स्काडा सेंटर से ह्यूमन मशीन इंटरफेस तकनीक का इस्तेमाल करते हुए इस लाइन को रिमोट से चार्ज किया गया। इस लाइन पर अब भोपाल मेट्रो के 132 केवी आरएसएस सबस्टेशन सुभाष नगर तक ट्रांस्को की सप्लाई उपलब्ध हो गई है।

नवाचार करते हुए मध्यप्रदेश में पहली बार 132 केवी वोल्टेज लेवल पर गोविंदपुरा से सुभाष नगर तक 2.1 किमी दूरी की अंडरग्राउंड लाइन बिछाई गई है। इसके एक किमी की दूरी पर 17 करोड़ रुपए लागत आती है।

### ये खास काम भी किए गए

- 600 स्क्वायर एमएम के एचडीपीई पाइप के अंदर लाइन की पांच स्टेज प्रोटेक्शन (सुरक्षा) है।
- रोड क्रॉस करने के लिए सुभाष नगर में 260 मीटर होरिजेंटल ड्रिलिंग कर मशीन से सड़क के नीचे सुरंग बनाई गई।
- सीधे स्थानों पर नाले जैसी खुदाई करके सीमेंट के ह्यूम पाइप के अंदर केबल डाली गई।
- हर 500 मीटर पर जॉइंट किया गया।
- एक स्थान पर 79 मीटर की रेलवे क्रॉसिंग भी की।
- कुल 4 केबल डाली गई हैं। तीन फेस के लिए और एक अतिरिक्त।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 19.08.2023 | 04 | मेट्रो को पावर सप्लाइ करने अन्डरग्राउन्ड लाइन बिछाई | Neutral |

पीपुल्स समाचार

भोपाल सिटी Page: 4 August 19, 2023

# मेट्रो को पॉवर सप्लाई करने अंडर ग्राउंड लाइन बिछाई

## प्रदेश में पहली बार किया प्रयोग सफल रहा

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल

मो.नं. 9425018933

एमपी ट्रांसको ने एक और नवाचार करते हुए प्रदेश की पहली 132 केवी अंडर ग्राउंड लाइन का निर्माण कर इससे पॉवर सप्लाई करने में सफलता हासिल की है। इससे भोपाल मेट्रो को बिजली सप्लाई की जाएगी।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शुक्रवार को बताया कि भोपाल मेट्रो को बिजली देने के लिए ह्यूमन मशीन इंटरफेस तकनीक का उपयोग करते हुए प्रदेश की पहली 132 केवी अंडर ग्राउंड लाइन को रिमोट से ऊर्जीकृत किया गया। इस लाइन पर अब भोपाल मेट्रो के 132 केवी आरएसएस सबस्टेशन सुभाष नगर तक एमपी ट्रांसको की सप्लाई उपलब्ध हो गई है। इस पर ऊर्जा मंत्री तोमर ने एमपी ट्रांसको के कर्मचारियों को बधाई दी है।

**पहली बार प्रयोग:** कंपनी के राजेश कुमार शांडिल्य ने बताया कि भोपाल मेट्रो के 132 केवी आरएसएस सबस्टेशन सुभाष नगर को बिजली उत्पादन करने के लिए एमपी ट्रांसको के 132 केवी सबस्टेशन चंबल (भोपाल) से लगभग 2.1 किमी डबल सर्किट लाइन का निर्माण किया गया है। प्रदेश में पहली बार इस तकनीक का उपयोग किया गया है।



### इंदौर में 15 सितम्बर के बाद मेट्रो ट्रेन का होगा ट्रॉयल रन

इंदौर। स्मार्ट सिटी के बहुप्रतीक्षित मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के प्रथम चरण का काम अंतिम दौर में पहुंच गया है। अगले माह 15 सितम्बर के बाद ट्रेन का ट्रॉयल रन शुरू होगा। भोपाल से पहले इंदौर में ट्रेन दौड़ सकती है। अगले सप्ताह ट्रॉयल रन के लिए बिहार के सारणी जिले से 21 अगस्त को दो तथा 22 अगस्त को एक कोच आएगा। यह बात मध्यप्रदेश मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के एमडी मनीष सिंह ने सुपर कॉरिडोर पर बन रहे मुख्य स्टेशन के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जनवरी से ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है। स्टेशन पर स्टेबलिंग, डिपो, रैंप, स्टेशन, प्लेटफॉर्म, फिनिशिंग का काम अगले 15 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। सुपर कॉरिडोर से रेडिसन चौराहा तक 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष काम इसी साल के अंत तक पूरा किया जाना सुनिश्चित किया है। इस दौरान स्टेशन का काम भी पूर्ण कर लिया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | हरि भूमि | भोपाल | 19.08.2023 | 03 | मेट्रो ट्रायल रन अगले माह तय, अंतिम तैयारियों का जायजा लेने भोपाल के बाद इंदौर पहुंचे एमडी | Neutral |

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 19 अगस्त 2023



संचालन व्यवस्था व बोगियों के लिए मेट्रो डिपो का भी निरीक्षण किया, तैयारियां पूरी हुईं

# मेट्रो ट्रायल रन अगले माह तय, अंतिम तैयारियों का जायजा लेने भोपाल के बाद इंदौर पहुंचे एमडी

- शेष बचे काम इसी माह पूरे करने 24 घंटे काम चलाने लेबर बढ़ाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

मेट्रो ट्रायल रन के लिए भोपाल व इंदौर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पिछले दिनों भोपाल में मेट्रो ट्रैक, स्टेशन व अन्य तैयारियों का जायजा लेने के बाद प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने शुक्रवार को इंदौर मेट्रो रेल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और शेष बचे कार्यों को पूरा करने के लिए चौबीस घंटे निर्माण कार्य चलते रहने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कंपनी के अनुसार प्रबंध संचालक भोपाल से इंदौर पहुंचते ही मेट्रो डिपो पहुंचे, जहां से मेट्रो का संचालन व्यवस्था होने के साथ ही गुजरात से रवाना हो चुकी मेट्रो ट्रेन भी पहुंचेगी। कंपनी को उम्मीद है कि इस माह के अंत तक भोपाल व इंदौर की मेट्रो ट्रेन आ जाएगी।

## स्मार्ट सिटी पार्क में रखे मेट्रो मॉक के उद्घाटन की उम्मीद भी इसी माह



### अधोसंरचना संबंधी सभी कार्य इस माह होंगे पूरे

[illegible]

### तीन कोच की होगी मेट्रो ट्रेन

[illegible]

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 | दैनिक जागरण | भोपाल | 19.08.2023 | 02 | मेट्रो को पावर सप्लाइ करने पहली बार अन्डरग्राउन्ड लाइन | Neutral |


विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार

# दैनिक जागरण

www.djmp.in/epaper

वर्ष 66 अंक 324 पृष्ठ 10+8= 18

भोपाल, शनिवार 19 अगस्त, 2023

श्रावण शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत् 2080

महानगर मूल्य 5 रुपए

आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)


एंकर स्टोरी | 132 केवी की लाइन बिछाने में आया 37 करोड़ रुपए से भी ज्यादा का खर्च

## मेट्रो को पावर सप्लाई करने पहली बार अंडरग्राउंड लाइन

शहर प्रतिनिधि, भोपाल। सितंबर में प्रस्तावित भोपाल मेट्रो के ट्रायल से पहले एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने एक और नवाचार करते हुए प्रदेश में पहली बार 132 केवी (132 हजार वाट) की अंडरग्राउंड लाइन को बिछाया है। कंपनी के अनुसार इतने अधिक विद्युत ऊर्जा की लाइन को बिछाते समय सुरक्षा का भी ध्यान रखना जरूरी था। 2.1 किमी लंबी इस लाइन गोविंदपुरा स्थित एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 132 केवी के चंबल सब स्टेशन से सुभाष नगर स्थित भोपाल मेट्रो के 132 केवी आरएसएस सब स्टेशन तक बिछाई गई है। शुक्रवार को इस लाइन से पावर सप्लाई की शुरुआत कर दी गई। खास बात यह है कि एमपी ट्रांसको ने चार केबलों की लाइन बिछाई है। यदि तीन लाइनें ट्रिपिंग के कारण बंद हो जाएंगी, तो चौथी से पावर सप्लाई दी जा सकेगी। बता दें कि भोपाल में सितंबर में मेट्रो का ट्रायल होना है।



### न ट्रैफिक रोका, न रेलवे ने लिया ब्लाक

एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी को भोपाल में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसके लिए पहली बार जमीन के नीचे लगभग 800 मीटर लंबी टनल बिछाई गई। प्रभात चौराहे से सुभाष नगर जाने वाली सड़क के नीचे से इसे क्रॉस करवाया गया है। वहां लाइन की लंबाई लगभग 260 मीटर है। सुभाष नगर रेलवे क्रॉसिंग के नीचे से 79 मीटर लंबी लाइन को क्रॉस करवाकर पावर सप्लाई दी गई। पूरे निर्माण के दौरान न ट्रैफिक को रोका गया और न ही रेलवे को ब्लाक किया गया।

### पहली बार ह्यूमन मशीन इंटरफेस तकनीक का उपयोग

नई लाइन को एमपी ट्रांसको के भोपाल स्काडा सेंटर से ह्यूमन मशीन इंटरफेस तकनीक का उपयोग करते हुए रिमोट से पावर सप्लाई दी गई है। इस तकनीक में मानवीय ऊर्जा और कम्प्यूटर मशीनों का उपयोग कर रिमोट से पावर सप्लाई उपकरणों को नियंत्रित किया जाता है।

### 414 सब स्टेशनों की स्काडा से होती है मॉनिटरिंग

मप्र में एमपी ट्रांसको के कुल 414 अति उच्च दाब सब स्टेशन इस तकनीक से जुड़े हुए हैं। 400 केवी के 14 सब स्टेशन, 220 केवी के 88 सबस्टेशन एवं 132 केवी के 212 सबस्टेशन संचालित हैं। इन स्टेशनों में किसी भी तरह की खराबी आने पर या पावर सप्लाई गड़बड़ होने पर पूरे प्रदेश से इसकी निगरानी होती है।

"हमने कई चुनौतियों का सामना करते हुए दी गई समय सीमा में इस काम को पूरा किया है। भविष्य में प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी इस तकनीक का उपयोग किया जा सकेगा।"

शशिकांत ओझा
एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी, जबलपुर

"भोपाल मेट्रो को पावर सप्लाई के लिए एमपी ट्रांसको के स्काडा सेंटर से पहली बार 132 केवी की लाइन को अंडरग्राउंड किया गया है। इस उपलब्धि के लिए सभी को बधाई देता हूं।"

प्रद्युम्न सिंह तोमर
ऊर्जा मंत्री मप्र शासन

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | Free Press | Bhopal | 19.08.2023 | 08 | Bhopal Metro: Trial run between subhash nagar depot & Rani Kamlapati Railway Station | Neutral |



# Bhopal Metro: Trial run between Subash Nagar depot & Rani Kamlapati rly stn

## Train to cover 4-km distance and pass through five railway stations


OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in




The trial run of Metro Train will take place between Subash Nagar depot and Rani Kamla Pati railway station. During the trial run, Metro train will cover a 4 km distance and will pass through five railway stations including MP Nagar railway station. The trial of Bhopal metro is expected mid September, however, a lot of things depend on the CM consent to attend the trial run.

Rolling stock generally known as metro engine and coaches will arrive here from Vadodara plant of Gujarat. They are expected to reach before September 10. "Already we have laid the railway track of 4.5 km for the metro trial run," said an officer of the project. Currently the work of laying the third rail line is underway and it is through it that the Metro Train will draw the electricity. Madhya Pradesh Power Generation Company will supply electricity to Bhopal Metro.

The work of Bhopal Metro Priority corridor is on fast track. Installation work is in full swing of 33 KV switchgear panels at traction cum auxiliary substation at Subash Nagar station.

Bhopal Metro Phase 1 will have two lines. The Line 2, known as Orange Line, will be between Karond Circle and AIIMS. The Line 5, the Blue Line, will be between Bhadbhada Square and Ratnagiri Trisection.

All the outer works of the trial run are almost completed and now the entire focus is on the interior works. Lifts are being installed at the metro stations.

The contractors of different works have been instructed strictly to complete the remaining work of the trial run before deadline.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | नई दुनिया | सम्पूर्ण मध्य प्रदेश | 19.08.2023 | 08 | इंतज़ार हुआ पूरा: भोपाल-इंदौर मे एक साथ मेट्रो का ट्रायल रन होगा शुरू | Advertorial |



08 नईदुनिया

# इंतजार हुआ पूरा : भोपाल-इंदौर में एक साथ मेट्रो का ट्रायल रन होगा शुरू

मेट्रो ट्रेन की सौगात

## गुजरात में तैयार हो रहे कोच

## अत्याधुनिक सुरक्षा से लैस होंगी मेट्रो

## मेट्रो की बोगी का मुख्यमंत्री करेंगे अनावरण

## मध्यप्रदेश की बिजली से दौड़ रही हैं दिल्ली की मेट्रो ट्रेन

## पटरियों पर करंट से मेट्रो ट्रेन दौड़ेगी

## शुरुआत में ड्राइवर चलाएंगे फिर मेट्रो चलेगी ऑटोमैटिक

## भोपाल में तीन स्टेशन पूर्णता की ओर

## इंदौर में बन रहे 30 मेट्रो स्टेशन

## यह हैं भोपाल-इंदौर में चलने वाली मेट्रो ट्रेन के खास सिस्टम

## मेट्रो के शुभारंभ से पहले आएगी डमी ट्रेन

## डेढ़ साल तक तेज रफ्तार से चला काम, अब दूर नहीं मेट्रो की सवारी

## लेक सिटी भोपाल में वर्ल्ड क्लास सफर को लेकर लोग उत्साहित

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | पत्रिका | भोपाल | 19.08.2023 | 08 | इंदौर: मेट्रो कार्पोरेशन के एमडी ने किया दौरा, 15 सितंबर को ट्रायल रन | Neutral |

पत्रिका




इंदौर: मेट्रो कॉरपोरेशन के एमडी ने किया दौरा, 15 सितंबर को ट्रायल रन

# 6 किमी ट्रैक तैयार, 21 को वड़ोदरा से दो कोच भेजेंगे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मेट्रो के पहले चरण में मेट्रो डिपो के पास 6 किमी हिस्से में पटरी बिछा दी गई। तीन मुख्य स्टेशन का काम 60% हो चुका है। 21 अगस्त को वडोदरा से 2 कोच इंदौर रवाना होंगे। सीएम की मौजूदगी में 15 सितंबर को ट्रायल रन की तैयारी है। शुक्रवार को मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने ट्रैक का दौरा किया।



**ऐसे आएंगे कोच...**

- 21 को दो और 22 अगस्त को एक कोच वडोदरा से इंदौर के लिए रवाना होगा।
- ट्राले से करीब 10 दिन में यानी 1 या 2 अगस्त को कोच डिपो पहुंच जाएंगे।
- डिपो से मेट्रो की बोगियां ट्रैक तक लाने में हफ्ताभर लगेगा। 10 को ट्रायल होगा।

## भोपाल से पहले इंदौर में ट्रायल

एमडी सिंह के मुताबिक, भोपाल के मुकाबले इंदौर में काम की गति तेज है। यहां भोपाल से पहले ट्रायल होगा। 24 घंटे 2 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। ट्रायल 6 किमी के हिस्से में होगा। इसके बाद कमिश्नर ऑफ सेफ्टी की टीम दौरा करेगी।

Date: 19/08/2023, Edition: Bhopal, Page: 12
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 46 | पत्रिका | भोपाल | 19.08.2023 | 06 | मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट, इंदौर के लिए बड़ोदरा से 22 अगस्त को रवाना होगी रैक | Neutral |

पत्रिका

# मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट, इंदौर के लिए बड़ोदरा से 22 अगस्त को रवाना होगी रैक

**भोपाल @ पत्रिका.** मेट्रो ट्रेन का एक डिब्बा 2.9 मीटर चौड़ा व 22 मीटर लंबा होगा। बडोदरा के सावली प्लांट में ये रैक तैयार हो गई हैं। इंदौर की रैक 22 अगस्त को रवाना हो जाएगी, जबकि इसके एक सप्ताह बाद भोपाल के लिए रैक रवाना होगी। इंदौर में मेट्रो ट्रेन की रैक एक या दो सितंबर को पहुंच जाएगी। भोपाल में ये दस सितंबर तक आएगी।

मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन के एमडी मनीषसिंह ने इंदौर में कामों का निरीक्षण भी किया। भोपाल व इंदौर में अगस्त माह के आखिर तक मेट्रो ट्रायल से जुड़े सभी काम पूरे करने के लिए कहा। स्टेशनों तक पहुंचने व उतरने के लिए एस्केलेटर की स्थापना शुरू हो गई है, लिफ्ट भी लगेगी। एलीवेटेड स्टेशनों तक यात्रियों की इससे पहुंच आसान होगी। सुभाष स्टेशन पर इसे लगाना शुरू किया है, अन्य पर भी एक-दो दिन में लगना शुरू होगी। एमडी सिंह ने दिनरात काम चलाकर अगस्त में ही काम पूरा करने का कहा।

**ट्रायल रन का भी होगा ट्रायल:** ट्रायल रन को सीएम शिवराजसिंह चौहान के हाथों कराया जाएगा, लेकिन इससे पहले इसका भी ट्रायल होगा। इसमें सेफ्टी परीक्षण व अन्य आवश्यक जांच की जाएगी।

Date: 19/08/2023, Edition: Bhopal, Page: 6
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 47 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 19.08.2023 | 05 | मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार सितंबर मे होगा मेट्रो का ट्रायल रन: मनीष सिंह | Advertorial |

# मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार सितंबर में होगा मेट्रो का ट्रायल रनः मनीष सिंह

## मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी ने की इंदौर मे निर्माण कार्यों की समीक्षा



इंदौर, (आरएनएन)। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मेट्रो रेल परियोजना सितंबर में जमीन पर उतरेगी। इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन 10 सितंबर बाद किया जाएगा। इसके पहले 21 अगस्त को सूरत के सांवली प्लांट से कोच इंदौर के लिए रवाना होंगे। यह 10 दिनों में सड़क मार्ग से इंदौर पहुंचेंगे। इनके सेफ्टी ट्रायल के बाद ही मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की घोषणा के अनुसार औपचारिक ट्रायल रन किया जाएगा। मई 2024 के बाद आम लोग भी मेट्रो में सफर कर सकेंगे। यह बात मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने इंदौर में कही। उन्होंने गांधी नगर डिपो, लोडिंग- अनलोडिंग वे और मेट्रो स्टेशन के निरीक्षण के बाद अधिकारियों को ट्रायल रन के लिए

### वडोदरा से 10 दिन में पहुंचेंगे कोच

एमडी मनीष सिंह ने बताया कि ट्रायल रन के लिए जरूरी काम पूरे किए जा चुके है। एल्सटॉम कंपनी द्वारा सावली, वडोदरा में तीन कोच की मेट्रो ट्रेन तैयार की जा रही है, जिसके एक डिब्बे की 2.9 मीटर चौड़ाई और 22 मीटर लंबाई होगी। 21 अगस्त को 2 और 22 अगस्त को 1 कोच इंदौर के लिए रवाना होगा। 10 दिन बाद 1 सितंबर को इंदौर में कोच अनलोड कर सकेंगे। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है। साथ ही मॉक ट्रायल ऑफ ट्रेलर मूवमेंट का भी सफल परीक्षण किया जा चुका है। मेट्रो के निदेशक सिस्टम शोभित टंडन वडोदरा जा कर कोच को इंदौर के लिए रवाना करवाएंगे। निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट निदेशक अजय शर्मा, निदेशक सिस्टम शोभित टंडन, निदेशक सिविल अजय कुमार, महाप्रबंधक ट्रैक अजय गुप्ता, महाप्रबंधक ईएम एनडी शक्यावार, कॉरपोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

## Digital/Electronic Platforms

**Indore Talk**

https://www.instagram.com/p/CwFilzvBXJS/?igshid=YTUzYTFiZDMwYg==

**Mediavala.in**

https://mediawala.in/indore-metro-inspection-of-the-work-of/

**News24 MPCG**

https://twitter.com/News24_MPCG/status/1692487243322290190?t=4Uiz_ff5mrMeuLwY9Mvv0w&s=08

**Amar Ujala**

https://www.amarujala.com/madhya-pradesh/indore/indore-metro-train-coaches-ready-in-baroda-first-batch-will-arrive-by-august-27-2023-08-18

**TV MP News**

https://www.facebook.com/tvmpnews/videos/6141476532622889/?extid=CL-UNK-UNK-UNK-AN_GK0T-GK1C&mibextid=Gbt8ca

**The Sootr**

https://www.youtube.com/watch?v=JnNYxwLxU7c

https://thesootr.com/state/metros-trial-run-is-possible-anytime-after-september-15-in-indore/45233

MPMETRO

METRO NEWS

20th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | नव दुनिया | भोपाल | 20.08.2023 | 15 | विकास की ऐसी उड़ान जमीन से उठा रेल ट्रैक | Neutral |



नवदुनिया सिटी

भोपाल

पेज 3
गीत-संगीत-नृत्य के साथ महाराजा... III



शहर में देशभक्ति के साथ दिखेंगे हरियाली के रंग II

www.naidunia.com

**शहर की वायु गुणवत्ता**

| एक्यूआइ | पीएम-10 | पीएम-2.5 |
|---|---|---|
| पर्यावरण परिसर | | |
| 78 | 125 | 127 |
| ईदगाह हिल्स | | |
| 89 | 132 | 135 |
| टीटी नगर | | |
| 89 | 130 | 79 |



## विकास की ऐसी उड़ान जमीन से उठा रेल ट्रैक

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 20.08.2023 | 5 | मेट्रो रूट को क्लियरेन्स देने 1.02 किमी लंबी हाईटें | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 20-08-2023

### विश्वकर्मा नगर में टॉवर पर बिछी है हाईटेंशन लाइन

# मेट्रो रूट को क्लीयरेंस देने 1.02 किमी लंबी हाईटेंशन लाइन को जमीन के अंदर बिछाया



दो मोनो पोल लगेंगे, एक का फाउंडेशन कंप्लीट

भोपाल। मेट्रो रूट को क्लीयरेंस देने विश्वकर्मा नगर में टॉवर पर बिछी 1.02 किमी लंबी हाईटेंशन लाइन को भी जमीन के अंदर बिछाया जा रहा है। इसके लिए दो मोनो पोल भी लगाए जा रहे हैं। इनमें से एक मोनो पोल के फाउंडेशन का काम जारी है। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि दूसरे पोल का काम बारिश थमते ही पूरा कर लिया जाएगा। कंपनी के एमडी सुनील तिवारी ने बताया कि विश्वकर्मा नगर की 132 केवी क्षमता की यह ओवरहेड एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन मेट्रो की लाइन के रूट में आ रही थी। इस कारण इसे अंडर ग्राउंड किया गया है। यह ओवरहेड एक्स्ट्रा हाईटेंशन लालघाटी से गोविंदपुरा तक बिछी है।

### दो और लोकेशंस पर जमीन के अंदर बिछाई एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन

गोविंदपुरा से सुभाष नगर और विश्वकर्मा नगर के अलावा शहर में दो और लोकेशंस पर 132 केवी क्षमता की एक्स्ट्रा हाईटेंशन केबल अंडरग्राउंड बिछा दी गई है। यह दोनों लोकेशंस पुराने शहर में है।

**यह है वे दो लोकेशंस**

- करोंद कृषि उपज मंडी से देवकी नगर तक 800 मीटर
- भानपुर स्थित भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल से लेकर एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट तक 1.7 किमी

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 51 | पत्रिका | भोपाल | 20.08.2023 | 8 | मेट्रो मे नौकरी, 88 पदों पर वैकन्सी | Neutral |

पत्रिका

# मेट्रो में नौकरी, 88 पदों पर वेकैंसी

भोपाल. मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट में कई पदों पर वैकेंसी निकाली है। एमपी मेट्रो रेल डॉट कॉम साइट पर जाकर वैकेंसी देखकर एप्लाई किया जा सकता है। 31 अगस्त 2023 तक आवेदन करने की अंतिम समय सीमा है।

मेट्रो भर्ती अभियान के जरिए कुल 88 पद भरे जाएंगे। सुपरवाइज ऑपरेशन के 26 पद, मेंटेनर के 12 पद, सुपरवाइजर के नौ पद, मेंटेनर ट्रेक्शन के नौ पद, सुपरवाइजर ट्रैक्शन के आठ पद, सुपरवाइजर ट्रैक, स्टोर, सहायक मानव संसाधन व अकाउंट के दो-दो पद भरे जाएंगे। आवेदक की उम्र 18 से 28 साल के बीच होनी चाहिए। 31 अगस्त को आवेदन की अंतिम तिथि है। सामान्य- ओबीसी वर्ग उम्मीदवारों को 590 रुपए आवेदन शुल्क होगा, जबकि आरक्षित वर्ग के लिए 295 रुपए शुल्क है।

Date: 20/08/2023, Edition: Bhopal, Page: 8
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | The Hitwada | Bhopal | 20.08.2023 | 03 | MP Transco energises 132 KV HV line for Bhopal Metro using underground cable | Neutral |

TheHitavada
Bhopal City Line | 2023-08-20 | Page- 3
ehitavada.com

# MP Transco energises 132 KV HV line for Bhopal Metro using underground cable

■ **Staff Reporter**



MP Transco (Madhya Pradesh Power Transmission Company Ltd.) has made another innovation, the first 132 KV underground line of the state has been energised successfully at state capital Bhopal for metro rail project. MP. Energy Minister Pradyuman Singh Tomar told that for power supply to Bhopal Metro, success has been achieved in energizing it by constructing an underground line by M.P.Transco through Human Machine Interface technology from Transco's Bhopal SCADA center, this first 132 KV line of the state was commissioned.

The underground line was energized remotely. Now M.P. Transco's supply has become available upto132 KV RSS. Substation of Bhopal MetroSubhash Nagar. For the first time in Madhya Pradesh, on achieving this important and challenging goal of being energized by installing underground cable on132 KV voltage label, Energy Minister Tomar congratulated employees of M.P. Transco.

Superintending engineer of MP Transco at Bhopal Rajesh Kumar Shandilya told that MP Transco made supply available upto 132 KV RSS substation of Bhopal Metro Subhash Nagar . M.P. Transco's constructed 132 KV Double circuit line of 2.1 KM from 132 KV Substation Chambal (Bhopal). For the first time in the state, this technology has been used for power transmission.

Powered by iDocuments

MPMETRO

METRO NEWS

21st AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | हरि भूमि | भोपाल | 21.08.2023 | 3 | एलस्टोम आवली वडोदरा से पहले इंदौर ओर फिर भोपाल रवाना होंगे मेट्रो कोच | Neutral |

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 21 अगस्त 2023

3

## एल्सटोम सावली वड़ोदरा से पहले इंदौर और फिर भोपाल रवाना होंगे मेट्रो कोच

हरिभूमि न्यूज »» भोपाल

एल्सटोम कंपनी सावली वड़ोदरा में भोपाल व इंदौर के लिए मेट्रो कोच तैयार हो गए हैं। यहां से पहले इंदौर और उसके बाद भोपाल के लिए मेट्रो कोच रवाना होंगे। जबकि मेट्रो का ट्रायल दोनों जगह एक साथ ही होगा। इंदौर के मेट्रो स्टेशन में एस्केलेटर लगाने का काम काफी तेजी से चल रहा है। जबकि भोपाल में सोमवार से एस्केलेटर लगाने का काम शुरू हो जाएगा। भोपाल में सुभाष नगर और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर पहले एस्केलेटर लगेंगे, क्योंकि मेट्रो का ट्रायल इन दोनों स्टेशन के बीच ही होना है।

इंदौर के मेट्रो स्टेशन में एस्केलेटर लगा चुके, भोपाल में आज से शुरू होगा एस्केलेटर लगाने का काम

सुभाष नगर और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर पहले लगेंगे एस्केलेटर





ट्रेन में तीन कोच की एक डिब्बे की 2.9 मीटर चौड़ाई व 22 मीटर लंबाई है। यह ट्रेन रवाना करने के की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 22 अगस्त को मेट्रो कंपनी के निदेशक शोभित टंडन सावली जा रहे हैं। 10 दिन के अंदर यह ट्रेन पहुंच जाएगी।

डिपो में 4 पॉइंट आधुनिक तकनीक के जैक हैं, जिससे ट्रेन को अनलोडिंग किया जाएगा। इंदौर में मेक ट्रायल ऑफ ट्रेलर फॉर मूवमेंट का ट्रायल हो चुका है। इंदौर में इसके अलावा सभी प्रकार की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री के उद्घाटन के पहले टेस्ट ट्रैक एवं वायाडक्ट पर ट्रेन का ट्रायल रन किया जाएगा। साथ में सीएमटी परीक्षण एवं अन्य आवश्यक जांच की जाएगी। साथ ही स्टेशन पर लगे एस्केलेटर, लिफ्ट आदि का भी ट्रायल करके जांच की जाएगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | नवभारत | भोपाल | 21.08.2023 | 11 | मेट्रो मे निकली नौकरियां, ये लोग करें आवेदन | Neutral |



# मेट्रो रेल में निकली नौकरियां, ये लोग करें आवेदन



## 10वीं पास से लेकर ग्रेजुएट तक के लिए भर्तियां हैं आवेदन की आखिरी दिनांक 31 अगस्त है

**नौकरी** की तलाश कर रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है. मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड ने कई पदों पर वेकेंसी निकाली है. नोटिफिकेशन के मुताबिक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन में 10वीं पास से लेकर ग्रेजुएट तक के लिए भर्तियां हैं. इसके लिए आवेदन एमपी मेट्रो रेल के पोर्टल पर जाकर आवेदन करना है. इसके लिए आवेदन की आखिरी दिनांक 31 अगस्त है. मेट्रो रेल में नौकरी के लिए चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा. मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन में नौकरी मिलने के पश्चात् हर महीने 25 हजार से एक लाख रुपये तक सैलरी मिलेगी.

पदों का विवरण–

सुपरवाइजर (ऑपरेशन) -26
सुपरवाइजर- 9
मेंटेनर -12
सुपरवाइजर (ट्रैक्शन) -8
मेंटेनर (ट्रैक्शन) - 9
सुपरवाइजर (ट्रैक) - 2
स्टोर -2
सहायक मानव संसाधन - 2
अकाउंट - 2

**आयु सीमा--**

मध्य प्रदेश मेट्रो में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आयु सीमा 18 से 28 साल है. आरक्षित वर्ग के कैंडिडेट्स को अधिकतम आयु सीमा में नियम के अनुसार छूट प्रदान की जाएगी.

**शैक्षणिक योग्यता-**

मध्य प्रदेश मेट्रो में निकली भर्ती के लिए 10वीं, 12वीं पास, आईटीआई, इंजीनियरिंग और ग्रेजुएशन कर चुके कैंडिडेट्स आवेदन कर सकते हैं.

MPMETRO

METRO NEWS

22nd AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 22.08.2023 | J2 | मेट्रो दौड़ाने 10 हजार केवी का बिजली कनेक्शन मिला | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 22-08-2023

Pg-J2

# मेट्रो दौड़ाने 10 हजार केवी का बिजली कनेक्शन मिला

भास्कर संवाददाता | इंदौर

सुपर कॉरिडोर पर मेट्रो दौड़ाने की बड़ी बाधा खत्म हो गई है। बिजली कंपनी ने 10 हजार केवी का बिजली कनेक्शन कार्पोरेशन को ट्रेन दौड़ाने के लिए दे दिया है। अधीक्षण यंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि गांधी नगर में कनेक्शन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब मीटर टेस्टिंग की टीम आएगी। मेट्रो ट्रेन को चलाने के लिए पहला बिजली कनेक्शन पैंथर लाइन से करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। संभवतः एक-दो दिन में लाइन कनेक्ट होगी।

सुपर कॉरिडोर पर 5.9 किमी के कॉरिडोर पर सिविल वर्क पूरा हो चुका है। अभी स्टेशन सहित अन्य छिटपुट काम चल रहा है। ट्रैक लगाने का काम भी 90 फीसदी पूरा होना बताया जा रहा है। उसके लिए बिजली कनेक्शन लेना था। जिसकी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शहर में 17.5 किमी के रूट पर मेट्रो का काम चल रहा है। पहले 12 किमी पर ट्रायल रन होना था, लेकिन इतनी जल्दी काम पूरा नहीं होता देख सिर्फ 5.9 किमी के रूट पर ट्रायल करने का निर्णय लिया गया।



**MPMETRO**

METRO NEWS

23rd AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|
| 56 | पत्रिका | सम्पूर्ण मध्य प्रदेश | 23.08.2023 | मध्य प्रदेश पहला राज्य जहां एक साथ दो शहरों मे शुरू होगी मेट्रो | Advertorial |


शहरी विकास मध्यप्रदेश

भोपाल और इंदौर में पटरियां बिछाने और स्टेशन बनाने का काम तेज

तेजी से घूम रहा विकास का पहिया

# मध्य प्रदेश पहला राज्य जहां एक साथ दो शहरों में शुरू होगी मेट्रो

14,000 करोड़ रु. की लागत से 62.41 किमी रूट पर काम

भोपाल के लिए 81 तो इंदौर की 75 बोगियां हो रहीं तैयार

भोपाल और इंदौर में पांच-पांच स्टेशन, दोनों शहरों के डिपो भी 30 हेक्टेयर में फैले होंगे

सशक्त मध्य प्रदेश : अमृत योजना में प्रदेश पांचवें स्थान पर, जीवन बेहतर बनाने हो रहे सार्थक प्रयास

## प्रदेश को नगरीय विकास और गवर्नेंस के लिए मिले हैं 3 स्कॉच अवॉर्ड

अमृत योजना में 6801 करोड़ रुपए से ज्यादा के कार्य

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 57 | राज एक्स्प्रेस | भोपाल | 23.08.2023 | 2 | अगले महीने आएगी तीन बोगियों वाली मेट्रो ट्रेन, 1020 यात्री कर सकें | Neutral |



www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस
2 महानगर
तापमान अधिकतम 29.8° न्यूनतम 23.4°
भोपाल
बुधवार, 23 अगस्त 2023

दो से तीन महीने चलेगा ट्रायल रन, लंबे समय से इंतजार कर रहे राजधानीवासियों के लिए अच्छी खबर

# अगले महीने आएगी तीन बोगियों वाली मेट्रो ट्रेन, 1020 यात्री कर सकेंगे सफर

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी में तीन बोगियों वाली मेट्रो ट्रेन से शुरुआत होगी। इसकी पहली खेप अगले महीने के पहले पखवाड़े में आने की संभावना है। एक बार में ट्रेन में कुल 1020 यात्री सफर कर सकेंगे। इनमें लगभग 40 लोग बैठकर और 300 खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे। भोपाल और इंदौर के लिए मेट्रो कोच बनाने का जिम्मा अल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया को दिया गया है। यह गुजरात के वडोदरा स्थित सावली प्लांट में बन रहे हैं। इंदौर के लिए तीन कोच की मेट्रो रेल एक-दो दिन में प्लांट से रवाना होने की संभावना है। यह सफर तय करने में कम से कम दस दिन का समय लगेगा। भोपाल के लिए इस महीने के आखिर में पहली ट्रेन डिस्पैच की जा सकती है। ऐसे में मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारी 10 से 15 सितंबर के बीच मेट्रो ट्रेन आने की संभावना जता रहे हैं। इसके कुछ दिन बाद ही मेट्रो का ट्रायल रन शुरू हो पाएगा।

## पूरा सिस्टम चेक होने के बाद ही होगा ट्रायल रन

दोनों ही शहर में सिग्नलिंग, कम्युनिकेशन, बिजली ट्रांसमिशन, स्टेशन, पटरी, मेट्रो स्टेशन संचालन से जुड़ी सभी चीजों की पहले जांच की जाएगी। इसके बाद ट्रायल रन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फिर कुछ महीनों तक यह सिलसिला जारी रह सकता है। बताया जा रहा है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों इसका शुभारंभ कराया जा सकता है। इधर, मेट्रो कोच का मॉडल यानी मॉडल स्मार्ट रोड के पास पार्क में स्थापित किया जा चुका है। इसका जल्द अनावरण होगा। मॉडल का उद्देश्य मेट्रो के आकार-प्रकार और लोगों को जागरूक करने में किया जाएगा। इस कोच में बैठ कर ऐसा अनुभव होगा कि वास्तविक ट्रेन में बैठे हैं। इसमें पैसेंजर इंफॉर्मेशन समेत सभी सिस्टम रहेंगे।

## भोपाल में कुल 27, इंदौर में 25 ट्रेन आएंगी

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि भोपाल के लिए कुल 27 ट्रेन आएंगी। प्रत्येक में तीन डिब्बे होंगे। इसी तरह इंदौर में 25 ट्रेन आएंगी। एक डिब्बे की लंबाई 22 मीटर तथा चौड़ाई 2.9 मीटर होगी। मेट्रो ट्रेन को 90 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने के लिए डिजाइन किया गया है। दो ट्रेनों के बीच न्यूनतम समय 90 सेकंड का होगा। शुरुआत में भोपाल व इंदौर में मेट्रो ड्राइवर या ट्रेन ऑपरेटर चलाएगा। दो-तीन साल बाद इसे बिना ड्राइवर के चलाया जा सकता है। इन ट्रेन में इमरजेंसी ब्रेक फीचर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम, वीडियो सर्विलांस और सीसीटीवी आदि की सुविधा होगी। कोच का निर्माण करने वाली कंपनी ही 15 साल तक इनका रखरखाव करेगी।

## किसके पास किसका जिम्मा

- पटरियां बनाने का जिम्मा जिंदल स्टील प्राइवेट लिमिटेड, रायगढ़ (छग) को सौंपा गया है, अब तक 1715 मीट्रिक टन से अधिक सप्लाई की जा चुकी है।
- भोपाल में पटरियां बिछाने का कार्य एफकॉन्स कंपनी कर रही है।
- भोपाल मेट्रो के लिए बिजली की सप्लाई मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी करेगी, सुभाष नगर डिपो में रिसीविंग सब स्टेशन से बिजली सप्लाई की जाएगी, इसे कन्वर्ट कर स्टेशनों तक पहुंचाया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 58 | Free Press | Bhopal | 23.08.2023 | 02 | West Discom provides 10 MVA connection to Indore Metro | Neutral |

INDORE CITY 02

www.freepressjournal.in INDORE | WEDNESDAY | AUGUST 23, 2023

# West Discom provides 10 MVA connection to Indore Metro

## The company puts Panther line till TCS Square

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

Madhya Pradesh West Zone Electricity Distribution Company provided 10 MVA power connection to Indore Metro on Tuesday afternoon.

For this, the power company has specially established a 17 km Panther line from Jaitpura's high-tension power grid on Ujjain Road to TCS Square.

West Discom managing director Amit Tomar said that intensive efforts were made to supply high-tension 33 KV power for the Metro through a new line.

For this, 510 ampere Panther conductors were installed on 17-metre-high monopoles at an outlay of Rs 17 crore. Tomar said that the power company's team energized the Metro's power command centre near the TCS Square from the Panther line as per the protocol on Tuesday afternoon.

In the evening, West Discom director Puneet Dubey, senior officers Ravi Mishra, and Anil Negi inspected the electricity connection provided to the Metro and also saw the meter equipment.

Apart from Metro, companies including TCS, Infosys, and newly settled areas on Super Corridor, Aurobindo University will get uninterrupted power from the new Panther line.

MPMETRO

METRO NEWS

24th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 59 | दैनिक जागरण | भोपाल | 24.08.2023 | 14 | वडोदरा से तीन कोच वाली मेट्रो ट्रेन रवाना इसी महीने के अंत तक इंदौर पहुंचेगी | Neutral |


दैनिक जागरण

भोपाल, 24 अगस्त, 2023 राजधानी जागरण www.djmp.in/epaper




# वड़ोदरा से तीन कोच वाली मेट्रो ट्रेन रवाना इसी महीने के अंत तक इंदौर पहुंचेगी

## 15 सितंबर तक भोपाल में भी आ जाएगी एक मेट्रो ट्रेन

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** इंदौर मेट्रो के लिए तीन कोच वाली पहली ट्रेन एल्सटोम कंपनी के गुजरात के सावली, वडोदरा स्थित यूनिट से 23 अगस्त, बुधवार को इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है, जो इसी महीने के अंत तक इंदौर पहुंच जाएगी। वहीं भोपाल में भी तीन कोच वाली एक ट्रेन 15 सितंबर तक पहुंच जाएगी। बता दें कि सितंबर में ट्रायल रन होना है, जिसे लेकर इंदौर और भोपाल दोनो ही शहरों में तेजी से काम किया जा रहा है।




## 22 मीटर लंबी है ट्रेन

तीन कोच की मेट्रो ट्रेन के एक डिब्बे की लगभग 2.9 मीटर चौड़ाई, 22 मीटर लंबाई एवं ऊंचाई 5 मीटर होगी। अधिकारियों ने बताया कि इंदौर पहुंचने के बाद गांधीनगर डिपो मे 4-पॉइंट जेक जो की आधुनिक तकनीक की मशीन है उससे ट्रेन को अनलोडिंग-वे पर अनलोड किया जाएगा, इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है।

## ट्रेक पर ट्रेन के भार का सफल परीक्षण

जानकारी के अनुसार मॉक ट्रायल ऑफ ट्रेलर फॉर मूवमेंट का भी सफल परीक्षण इंदौर शहर में किया जा चुका है। जिसमे रोड की चौड़ाई, ट्रेन का भार, रोड के मोड़/घुमाव इत्यादि की जांच सफलतापूर्वक की जा चुकी है।

> अनलोडिंग-वेपर सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियां करने और प्रयोरिटी रूट पर सितंबर में ही ट्रायल रन को करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए लगातार अपडेट लिया जा रहा है।
>
> **- मनीष सिंह,**
> प्रबंध संचालक एमपी मेट्रो

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | नई दुनिया | भोपाल | 24.08.2023 | 03 | ट्रायल रन के लिए सावली से रवाना हुई मेट्रो | Neutral |



# ट्रायन रन के लिए सावली से रवाना हुई मेट्रो

**भोपाल ( नवदुनिया प्रतिनिधि )।** भोपाल और इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर 2023 में होना है। इसमें करीब एक माह का समय बचा है। ऐसे में सिविल और रेलवे ट्रैक बिछाने के साथ इलेक्ट्रिफिकेशन के काम में तेजी आ गई है। इधर इंदौर में ट्रायल रन के लिए तीन कोच वाली पहली मेट्रो ट्रेन एल्स्टाम कंपनी के सावली, वड़ोदरा स्थित यूनिट से बुधवार को रवाना हो गई है। सात दिन में ट्रेन इंदौर पहुंच जाएगी। वहीं राजधानी के लिए तीन कोच वाली ट्रेन 15 सितंबर को भोपाल पहुंचेगी।

मप्र मेट्रो के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने बताया कि तीन कोच की मेट्रो ट्रेन के एक डिब्बा 2.9 मीटर चौड़ा, 22 मीटर लंबा और 5 मीटर ऊंचा होगा। इंदौर पहुंचने के बाद गांधी नगर डिपो में आधुनिक तकनीक की मशीन चार प्वाइंट जैक ट्रेन को अनलोडिंग-बे पर अनलोड करेगा। इसकी पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। इंदौर में माक ट्रायल आफ ट्रेलर फार मूवमेंट का भी सफल परीक्षण किया जा चुका है। इसमें रोड की चौड़ाई, ट्रेन का वजन, रोड के घुमाव जैसी जांच की गई हैं। जबकि भोपाल में सितंबर के पहले सप्ताह तक पूरा कर लिया जाएगा।




सावली से इंदौर के लिए रवाना हुआ मेट्रो का रैक। ● सौजन्य: मेट्रो कंपनी

## आज से बुदनी स्टेशन पर ठहराव लेकर चलेगी पंचवेली एक्सप्रेस

**भोपाल।** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के रास्ते इंदौर, सिवनी और छिंदवाड़ा के बीच चलने वाली पेंचवेली एक्सप्रेस गुरुवार से बुदनी स्टेशन पर ठहराव लेकर चलेगी। ट्रेन नंबर 19343 इंदौर-सिवनी पेंचवेली एक्सप्रेस बुदनी स्टेशन पर शाम 7 :40 बजे और ट्रेन नंबर 19344 छिंदवाड़ा-इंदौर पेंचवेली एक्सप्रेस तड़के 5 :50 बजे ठहराव लेगी। इस ट्रेन के बुदनी स्टेशन पर ठहरने से आसपास के ग्रामीणों को सहूलियतें होंगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 61 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 24.08.2023 | J4 | मेट्रो के तीन कोच वाली ट्रेन 15 सितंबर को भोपाल आएगी | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 24-08-2023
Pg-J4

अगले महीने होगा ट्रायल रन

## मेट्रो की 3 कोच वाली ट्रेन 15 सितंबर को भोपाल आएगी

**भोपाल** | राजधानी में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर महीने में ही होगा। भोपाल मेट्रो के लिए तीन कोच वाली ट्रेन 15 सितंबर को भोपाल पहुंचेगी। इस दावे के बीच इंदौर मेट्रो के लिए तीन कोच वाली पहली ट्रेन एल्स्टॉम कंपनी के सावली, वडोदरा स्थित यूनिट से बुधवार को रवाना हो गई है। इस हफ्ते में ये ट्रेन इंदौर पहुंच जाएगी।

तीन कोच की मेट्रो ट्रेन के एक डिब्बा 2.9 मीटर चौड़ा, 22 मीटर लंबा और 5 मीटर ऊंचा होगा। मेट्रो कंपनी के एमडी मनीष सिंह ने बताया कि इंदौर पहुंचने के बाद गांधी नगर डिपो में आधुनिक तकनीक की मशीन 4 प्वाइंट जैक ट्रेन को अनलोडिंग-वे पर अनलोड करेगा। इंदौर में मॉक ट्रायल ऑफ ट्रेलर फॉर मूवमेंट का भी सफल परीक्षण इंदौर शहर में कर लिया गया है। इसमें रोड की चौड़ाई, ट्रेन का वजन, रोड के घुमाव जैसी जांच की गई हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 62 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 24.08.2023 | 6 | 15 सितंबर तक भोपाल आएगी 3 कोच वाली मेट्रो ट्रायल ट्रेन | Neutral |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 6 August 24, 2023


# 15 सितंबर तक भोपाल आएगी 3 कोच वाली मेट्रो ट्रायल ट्रेन

**भोपाल।** राजधानी में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुसार सितंबर में मेट्रो ट्रायल रन होगा। ट्रायल रन के लिए वड़ोदरा (गुजरात) से तीन कोच वाली मेट्रो ट्रेन रवाना हो चुकी है, जो 15 सिंतबर तक भोपाल पहुंच जाएगी। कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने बताया कि ट्रायल रन को लेकर वह अधिकारियों से निरंतर अपडेट ले रहे हैं। तीन कोच की मेट्रो ट्रेन के एक डिब्बे की चौड़ाई 2.9 मीटर, लंबाई 22 मीटर और ऊंचाई 5 मीटर होगी।

MPMETRO

METRO NEWS

25th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 63 | नव दुनिया | भोपाल | 25.08.2023 | 2 | सीएम कल करें | Neutral |



# सीएम कल करेंगे मेट्रो माडल कोच का अनावरण

- शहरवासियों के लिए खुलेगा, समझ सकेंगे मेट्रो की कार्यप्रणाली

भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)। राजधानी में चलने वाली मेट्रो ट्रेन का स्वरूप कैसा होगा, इसका अनावरण श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क में शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सुबह 8:45 बजे करेंगे। यहां स्मार्ट पार्क में मेट्रो का माडल कोच एक माह से रखा हुआ है। इसके बाद मेट्रो कोच शहरवासियों को देखने के लिए खोल दिया जाएगा। वे अंदर जाकर मेट्रो की कार्यप्रणाली को आसानी से समझ सकेंगे।

बता दें कि भोपाल और इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर 2023 में किया जाना है। इसको लेकर मेट्रो कंपनी द्वारा निर्माण कार्यों की गति बढ़ा दी गई है। वहीं इंदौर के लिए बुधवार को मेट्रो के तीन डिब्बों का पहला रैक गुजरात के सावली स्थित एल्सटाम कंपनी के कारखाने से रवाना कर दिया गया है, जो एक सप्ताह में इंदौर पहुंचेगा। वहीं भोपाल के लिए तीन डिब्बों की रैक 10 सितंबर तक शहर में पहुंचने की संभावना है। लोकार्पण के दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह मौजूद रहेंगे।

**ऐसा है मेट्रो का माडल कोच:** यह मेट्रो ट्रेन का ही वास्तविक माडल है। इस एक कोच की कीमत पांच करोड़ रुपये है। मेट्रो ट्रेन इस प्रकार के तीन कोच से मिलकर बनती है। प्रत्येक कोच की 22 मीटर लंबाई तथा 2.9 मीटर चौड़ाई होती है। इसका इंटीरियर पर्यटकों को मेट्रो कोच का अहसास कराएगा। इसमें ट्रेन आपरेटर और यात्रियों को बैठने के लिए आरामदायक सीटें लगी हैं।

> भोपाल और इंदौर में मुख्यमंत्री की मंशानुसार सितंबर 2023 में ट्रायल रन किया जाएगा। पहले चरण में भोपाल के लिए 27 और इंदौर के लिए 25 मेट्रो ट्रेन का आर्डर दिया जाएगा।
>
> – **मनीष सिंह**, एमडी, मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Page | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 64 | पत्रिका | भोपाल | 25.08.2023 | मेट्रो ट्रेन कोच का स्मार्ट सिटी पार्क मे कल मुख्यमंत्री करें | 3 | Neutral |

BHOPAL PRIME
भोपाल प्राइम



# मेट्रो ट्रेन कोच का स्मार्टसिटी पार्क में कल मुख्यमंत्री करेंगे अनावरण



**भोपाल.** स्मार्ट सिटी पार्क मे 26 अगस्त को सुबह पौने दस बजे मेट्रो मॉडल कोच का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान अनावरण करेंगे। अनावरण के लिए रखे गए मेट्रो कोच की लागत करीब पांच करोड़ रुपए है। इसमे इंटीरियर उसी प्रकार का है, जैसा मेट्रो ट्रेन के कोच में रहेगा। मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर मे हर हाल मे करना सुनिश्चित है। मुख्यमंत्री बटन दबाकर मेट्रो कोच का अनावरण करेंगे। वे एसी कोच मे अंदर से अवलोकन भी करेंगे। मेट्रो मॉडल कोच वास्तविक कोच की खासियत वाला ही है। कोच की लंबाई 22 मीटर व चौड़ाई 2.9 मीटर है। अनावरण के बाद कोच को बच्चों व आम जनता के अवलोकन के लिए खोला जाएगा। भोपाल एवं इंदौर मेट्रो मे दोनों जगह क्रमशः पांच किमी व छह किमी लंबाई के ट्रायल रन की तैयारी पूरी हो चुकी है।

सितंबर मध्य मे मुख्यमंत्री से समय लेकर ट्रायल रन शुरू किया जाएगा। भोपाल एवं इंदौर मे दिसंबर 2026 तक चरणबद्ध तरीके से प्रथम फेज के सभी कॉरीडोर मे मेट्रो रेल आम जन यातायात के लिए शुरू हो जाएगी। कोच मे चार बिजली से ऑपरेट होने वाले दरवाजे होंगे, जबकि कांच की खिड़कियां रहेगी। ग्रैब हैन्डल से यात्रियों की कोच मे मजबूत पकड़ रहेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 65 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 25.08.2023 | J2 | मेट्रो के मॉडेल कोच का स्मार्ट सिटी पार्क मे अनावरण कल | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 25-08-2023

Pg-J2

# मेट्रो के मॉडल कोच का स्मार्ट सिटी पार्क में अनावरण कल

**भोपाल** | स्मार्ट सिटी पार्क में रखे भोपाल मेट्रो के मॉडल कोच का अनावरण शनिवार 26 अगस्त को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। अनावरण के बाद आम जन इस कोच में मेट्रो का अनुभव ले सकेंगे। इसके साथ ही गुजरात में वडोदरा के पास स्थित सावली स्थित प्लांट से तीन कोच की पहली मेट्रो ट्रेन इंदौर के लिए रवाना हो गई है। इस महीने के अंत तक यह ट्रेन इंदौर पहुंच जाएगी। मेट्रो का मॉडल कोच ओरिजिनल कोच जैसा ही है। इस कोच की निर्माण लागत 5 करोड़ रुपए है। भोपाल में 5 किमी और इंदौर में 6 किमी के रूट पर मेट्रो का ट्रायल सितंबर में होना है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 66 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 24.08.2023 | J4 | मेट्रो के प्रयोरिटी कॉरीडोर मे पटरियाँ बिछाने का काम तेज, सीएम कल करें | Neutral |

पीपुल्स समाचार

भोपाल सिटी Page: 4

# मेट्रो के प्रॉयोरिटी कॉरिडोर में पटरियां बिछाने का काम तेज, सीएम कल करेंगे मॉडल का लोकार्पण




पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

मो.नं. 9300697983

श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क में रखे गए मेट्रो के मॉडल का लोकार्पण मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को करेंगे। इधर, ट्रायल रन के लिए तीन कोच वाली मेट्रो ट्रेन 15 सितंबर को भोपाल पहुंच जाएगी। सितंबर के आखिरी हफ्ते में 6.22 किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर में सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक पांच किमी रूट पर ट्रायल रन होगा।

इसको देखते हुए सबसे जरूरी ट्रैक बिछाने का काम तेजी से चल रहा है, जो इस माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इसकी डेड लाइन 31 अगस्त है। वहीं कॉरिडोर को कंप्लीट करने की डेडलाइन 15 सितंबर तय की गई है, ताकि सितंबर के आखिरी सप्ताह में मेट्रो ट्रायल रन किया जा सके।

**मॉडल के जैसा होगा मेट्रो का कोच:** माडल कोच, मेट्रो ट्रेन का ही वास्तविक माडल है। इसके एक कोच की कीमत पांच करोड़ है। मेट्रो ट्रेन इस प्रकार के तीन कोच से मिलकर बनती है। प्रत्येक कोच की 22 मीटर लंबाई तथा 2.9 मीटर चौड़ाई रहती है। इसका इंटीरियर पर्यटकों को मेट्रो कोच का अहसास कराएगा। इसमें ट्रेन ऑपरेटर और यात्रियों को बैठने के लिए आरामदायक सीटें लगी हैं।



पीपुल्स समाचार

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 67 | दैनिक जागरण | भोपाल | 25.08.2023 | 03 | पाँ<br>सकेगी जनता | Neutral |


दैनिक जागरण
भोपाल, 25 अगस्त 2023

राजधानी जागरण 03

• 11 • राज्य • 31 • संस्करण मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित


# पांच करोड़ का मेट्रो मॉडल कोच कल से देख सकेगी जनता

## सीएम करेंगे अनावरण, स्मार्ट सिटी पार्क में रखा कोच



जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्मार्ट सिटी पार्क में 26 अगस्त सुबह 9:45 बजे मेट्रो मॉडल कोच का उद्घाटन और अनावरण करेंगे। अनावरण के लिए रखे गए मेट्रो कोच की लागत करीब 5 करोड़ है और यह हूबहू मेट्रो ट्रेन के कोच की नकल ही है। मुख्यमंत्री बटन दबाकर मेट्रो कोच का अनावरण करेंगे और एसी मेट्रो कोच का अंदर से अवलोकन करेंगे। इसके बाद इस मॉडल कोच को बच्चों और आम-जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस माक-अप को स्थापित करने के लिए मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में एक व्यवस्थित प्रदर्शन क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। यह क्षेत्र मेट्रो परियोजनाओं की विशेषताओं के बारे में आमजन को बताएगा।

## सितंबर मध्य के बाद कभी भी हो सकता है ट्रॉयल रन

भोपाल में करीब 5 किमी और इंदौर मेट्रो में 6 किमी लम्बाई के ट्रायल रन की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। बचा हुआ काम तेज गति से चल रहा है। सितंबर मध्य में मुख्यमंत्री से समय मिलने पर ट्रायल रन का शुभारंभ किया जाएगा।

## मॉडल कोच की यह विशेषताएं

- ट्रेन ऑपरेटर एवं यात्री सीटें
- चार क्रियाशील विद्युतीय दरवाजे
- कोच की खिड़कियां
- आंतरिक और बाहरी रंग योजना
- आंतरिक प्रकाशन
- पकड़ने के लिए ग्रैब हैंडल
- एलईडी पैनल/डिजिटल रूट मैप एवं साइनेज
- वातानुकूलित
- क्रियाशील हेडलाइट।

> भोपाल एवं इंदौर में दिसंबर 2026 तक चरणबद्ध तरीके से प्रथम फेज के सभी कॉरीडोर में मेट्रो रेल आमजन यातायात के लिए प्रारम्भ हो जाएगी।
>
> – मनीष सिंह, एमडी एमपी मेट्रो

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | राज एक्स्प्रेस | भोपाल | 25.08.2023 | 2 | मेट्रो के मॉडेल कोच का मुख्यमंत्री कल करें अनावरण, पाँच करोड़ से बना | Neutral |



# मेट्रो के मॉडल कोच का मुख्यमंत्री कल करेंगे अनावरण, पांच करोड़ से बना






भोपाल (आरएनएन)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्मार्ट सिटी पार्क में लगाए मेट्रो के मॉडल कोच का शनिवार को उद्घाटन व अनावरण करेंगे। इसकी लागत लगभग पांच करोड़ है। इसमें इंटीरियर उसी प्रकार का है, जैसा मेट्रो ट्रेन के कोच में रहेगा। सीएम अनावरण के बाद इसी मॉडल कोच का जायजा भी लेंगे।

मेट्रो ट्रेन इस प्रकार के तीन कोच से मिलकर बनेगी। प्रत्येक कोच की लंबाई 22 मीटर तथा चौड़ाई 2.9 मीटर रहेगी। सीएम के अनावरण करने के बाद मॉडल कोच को बच्चों व आम जनता के लिए खोला जाएगा ताकि वो भी शहरी विकास के इस महत्वपूर्ण घटक को जान व समझ सकें।

**सितंबर मध्य में ट्रायल रन की संभावना:** गुजरात में वडोदरा के पास सावली प्लांट से तीन कोच की मेट्रो ट्रेन इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है। इस महीने के आखिर तक पहुंच जाएगी। भोपाल में करीब पांच किमी व इंदौर में लगभग छह किमी लंबाई में ट्रायल रन की तैयारी पूरी हो चुकी है। सितंबर मध्य में मुख्यमंत्री से समय मिलने पर ट्रायल रन का शुभारंभ किया जा सकता है। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के मुताबिक भोपाल एवं इंदौर में दिसंबर 2026 तक चरणबद्ध तरीके से पहले फेज के सभी कॉरिडोर में मेट्रो रेल का संचालन शुरू हो जाएगा।

## मॉडल कोच की खासियत

- ड्राइवर मोटर कार के मॉडल की लंबाई लगभग 22 मीटर तथा चौड़ाई लगभग 2.9 मीटर है
- ट्रेन ऑपरेटर एवं यात्री सीट
- स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजे
- कोच की खिड़कियां
- आंतरिक और बाहरी रंग योजना
- आंतरिक प्रकाश
- पकड़ने के लिए ग्रैब हैंडल
- पार्श्वीय पैनल
- डिजिटल रूट मैप एवं साइनेज
- डैशबोर्ड

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 69 | हरि भूमी | भोपाल | 25.08.2023 | 2 | स्मार्ट पार्क मे लोग देख सकें<br>कल करेंगे अनावरण | Neutral |

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार, 25 अगस्त 2023

### दस सितंबर को आएगी मेट्रो के तीन डिब्बों की रैक

# स्मार्ट पार्क में लोग देख सकेंगे मेट्रो कोच, सीएम कल करेंगे अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मेट्रो का स्वरूप कैसा होगा, इसका खुलासा शनिवार को श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। दरअसल, मेट्रो का माडल कोच बीते एक माह से स्मार्ट पार्क में रखा है। इसका लोकार्पण 25 अगस्त को सुबह 9.45 बजे किया जाएगा। इसके बाद मेट्रो कोच शहरवासियों को देखने खोल दिया जाएगा। इसके अंदर जाकर लोग मेट्रो कार्यप्रणाली को समझ सकेंगे।

भोपाल और इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर 2023 में किया जाना है। इंदौर के लिए बुधवार को मेट्रो के तीन डिब्बों का पहलारैक गुजरात के एलस्टोम कंपनी के कारखाने से रवाना कर दिया गया है, जो एक सप्ताह में पहुंचेगा। वहीं भोपाल के लिए तीन डिब्बों की रैक 10 सितंबर तक पहुंचने की संभावना है। शनिवार को लोकार्पण के दौरान सीएम के साथ मंत्री भूपेंद्र सिंह व राज्य शासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे।



### मॉडल के जैसा होगा मेट्रो का कोच

माडल कोच, मेट्रो ट्रेन का ही वास्तविक माडल है। इस एक कोच की कीमत पांच करोड़ रुपए है। मेट्रो ट्रेन इस प्रकार के तीन कोच से मिलकर बनती है। प्रत्येक कोच की 22 मीटर लंबाई और 2.9 मीटर चौड़ाई रहती है। इसका इंटीरियर पर्यटकों को मेट्रो कोच का अहसास कराएगा। इसमें ट्रेन आपरेटर और यात्रियों को बैठने के लिए आरामदायक सीटें लगी है। आटोमैटिक चार दरवाजों के साथ कोच की खिड़कियां और अंदर-बाहर लाइटिंग की गई है। वहीं इस वातानुकूलित कोच में एलइडी पैनल भी लगाए गए है, इससे ट्रेन के मार्ग का अपडेट मिलता रहता है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 70 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 25.08.2023 | 3 | मुख्यमंत्री कल करें अनावरण | Neutral |



# मुख्यमंत्री कल करेंगे मेट्रो के मॉडल कोच का अनावरण

**भोपाल, 24 अगस्त.** राजधानी में मेट्रो का स्वरूप कैसा होगा, इसका अनावरण श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क में शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे. दरअसल मेट्रो का मॉडल कोच बीते एक माह से स्मार्ट पार्क में रखा है. इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री के द्वारा 26 अगस्त को सुबह 9.45 बजे किया जाएगा. इसके बाद मेट्रो कोच शहरवासियों को देखने के लिए खोल दिया जाएगा. इसके अंदर जाकर लोग मेट्रो की कार्यप्रणाली को आसानी से समझ सकेंगे. बता दें कि भोपाल और इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर 2023 में किया जाना है. इसको लेकर मेट्रो कंपनी द्वारा निर्माण कार्यों की गति बढ़ा दी गई है. वहीं इंदौर के लिए बुधवार को मेट्रो के तीन डिब्बों की पहली रैक गुजरात के सावली स्थित एल्स्टाम कंपनी के कारखाने से रवाना कर दिया गया है, जो एक सप्ताह में इंदौर पहुंचेगा. वहीं भोपाल के लिए तीन डिब्बों की रैक 10 सितंबर तक शहर में पहुंचने की संभावना है. शनिवार को लोकार्पण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह व राज्य शासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे. मॉडल कोच, मेट्रो ट्रेन का ही वास्तविक मॉडल है. इस एक कोच की कीमत पांच करोड़ रुपये है.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 71 | प्रदेश टुडे | भोपाल | 25.08.2023 | 12 | भोपाल मे मेट्रो ट्रायल रन सितंबर महीने मे | Neutral |



# भोपाल में मेट्रो ट्रायल रन सितंबर महीने में

**भोपाल।** भोपाल मेट्रो के लिए तीन कोच वाली ट्रेन 15 सितंबर को भोपाल पहुंचेगी। इस दावे के बीच इंदौर मेट्रो के लिए तीन कोच वाली पहली ट्रेन एल्स्टॉम कंपनी के सावली, वड़ोदरा स्थित यूनिट से बुधवार को रवाना हो गई है। इस हफ्ते में ये ट्रेन इंदौर पहुंच जाएगी। तीन कोच की मेट्रो ट्रेन के एक डिब्बा 2.9 मीटर चौड़ा, 22 मीटर लंबा और 5 मीटर ऊंचा होगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 72 | दैनिक जागरण | भोपाल | 25.08.2023 | 09 | सावली से इंदौर आ रहे मेट्रो के तीन कोच | Neutral |



संक्षिप्त खबरें

## सावली से इंदौर आ रहे मेट्रो के तीन कोच



इंदौर। गुजरात के सावली प्लांट से इंदौर में चलने वाले मेट्रो कोच रवाना हो गए हैं। ट्राले में आ रहे कोच 30 अगस्त तक इंदौर आ जाएंगे। बताया जा रहा है की तीन कोच ट्रायल रन के लिए इंदौर आ रहे हैं। छह किलोमीटर लंबे प्रायरिटी कॉरिडोर पर सितंबर में ट्रायल रन होना है। 15 सितंबर के बाद मुख्यमंत्री की मौजूदगी में ट्रायल रन होगा। इंदौर में इन कोच को गांधी नगर मेट्रो स्टेशन पर रखा जाएगा। ट्रायल रन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। गांधी नगर स्टेशन पर तीन नंबर स्टेशन पर 132 किलोवाट के सब स्टेशन से मेट्रो को बिजली सप्लाई होगी। इस बिजली से ही ट्रायल रन होगा। सितंबर में ट्रायल रन गांधी नगर स्टेशन से एमआर-10 ब्रिज तक होगा। छह किलोमीटर हिस्से में पटरियां बिछाने, विद्युतीकरण सहित अन्य काम हो चुके हैं।

MPMETRO


METRO NEWS

26th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 73 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 26.08.2023 | J3 | प्लेटफॉर्म तैयार.. 25 सितंबर तक मेट्रो ट्रायल | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 26-08-2023 Pg-J3

# प्लेटफॉर्म तैयार... 25 सितंबर तक मेट्रो ट्रायल



मेट्रो स्टेशन सुभाष नगर। -फोटो : शान बहादुर

ट्रैक पर उतरने का इंतजार

# आज मुख्यमंत्री करेंगे मेट्रो के मॉडल का अनावरण... संचालन मई तक ही संभव

भोपाल | मेट्रो का प्लेटफॉर्म लगभग तैयार है...। सितंबर में ट्रायल के लिए 3 कोच की एक मेट्रो को सुभाष नगर डिपो से आरकेएमपी तक पहुंचाया जाएगा। मेट्रो 15 सितंबर तक भोपाल आ सकती है। अंतिम रूप देने के लिए 10 दिन का समय और चाहिए। यानी ट्रायल 25 सितंबर के आसपास होगा। इधर, सीएम शिवराज सिंह चौहान शनिवार को सुबह स्मार्ट पार्क पर मॉडल कोच का लोकार्पण करेंगे।

- तय रूट पर 3 स्टेशन सुभाष नगर, डीबी सिटी व आरकेएमपी में सिविल वर्क इस माह में पूरा होने की आस है। एस्केलेटर लग रहे हैं। अन्य सुविधाओं का इंतजार है।

शेष | पेज 14 पर

**ट्रैक सिग्नलिंग का काम बाकी**

- ट्रैक पर सिग्नलिंग, टिकटिंग, वेटिंग एरिया, पार्किंग, डिपो में ट्रेन के पहुंचने पर उसकी [illegible] और मेंटेनेंस की सुविधा का काम बाकी है।
- डिपो से आरकेएमपी तक के रूट पर एक तरफ यानी अप ट्रैक पूरा बिछ गया है। डाउन ट्रैक भी डिपो से केंद्रीय विद्यालय तक बिछ गया है। यह काम पूरा नहीं हुआ तो एक ट्रैक पर ट्रायल होगा।

- सितंबर में इंदौर और भोपाल में ट्रायल लायक काम हो जाएगा। पूरा फोकस ट्रायल पर ही है। मई तक संचालन भी शुरू कर देंगे। - मनीष सिंह, एमडी, मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन

**आज मुख्यमंत्री करेंगे मेट्रो के...**

इंदौर की बात करें तो वहां मेट्रो ट्रेन 31 अगस्त तक पहुंचने की संभावना है। वहां 10 सितंबर के आसपास ट्रायल की उम्मीद है।

- **थर्ड रेल का काम पूरा हुआ, एक-दो दिन में लाइन हो जाएगी चार्ज** : थर्ड रेल यानी वह ट्रैक जिस पर मेट्रो के संचालन के लिए बिजली प्रवाहित होगी उसका काम पूरा हो गया है। सुभाष नगर तक अंडरग्राउंड 132 केवी लाइन भी बिछाई जा चुकी है। इसे एक-दो दिन में चार्ज किया जाएगा। लाइन चार्ज करने से पहले मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी एक पब्लिक नोटिस जारी करेगी ताकि लोग इस लाइन से दूर रहें।

**आरकेएमपी से आगे रेलवे क्रासिंग पर ब्रिज का काम अटका** : आरकेएमपी से आगे एम्स तक मेट्रो के जाने में सबसे बड़ी बाधा रेलवे क्रासिंग पर बनने वाला स्टील का ब्रिज है। ब्रिज की डिजाइन आदि तय हो गई है, लेकिन अभी तक उसका सिविल वर्क शुरू नहीं हुआ है। यह काम पूरा हुए बिना मेट्रो को एम्स तक नहीं ले जाया जा सकता है।

**संचालन से पहले होगी सेफ्टी की जांच** : मेट्रो का संचालन शुरू होने से पहले पूरे ट्रैक की सेफ्टी जांच होगी। कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी हर पहलू की गहराई से जांच करते हैं। इसमें लगभग दो से तीन माह का समय लग सकता है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Page | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 74 | पत्रिका | भोपाल | 26 .08.2023 | सीएम आज करें | 8 | Neutral |



# BHOPAL PRIME भोपाल प्राइम

## सीएम आज करेंगे अनावरण कुछ ऐसा होगा हमारे मेट्रो का कोच





**भोपाल.** स्मार्ट सिटी पार्क में शनिवार सुबह पौने दस बजे मेट्रो ट्रेन के मॉडल कोच का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान अनावरण करेंगे। इस मेट्रो कोच की लागत करीब पांच करोड़ रुपए है। मेट्रो मॉडल कोच वास्तविक कोच की खासियत वाला ही है। कोच की लंबाई 22 मीटर व चौड़ाई 2.9 मीटर है। ये आम जनता के के लिए खोला जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | हरि भूमि | भोपाल | 26.08.2023 | 2 | आज स्मार्ट पार्क मे लोगों के लिए खुल जाएगा मेट्रो माडल कोच, ले सकें | Neutral |


हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज


# आज से स्मार्ट पार्क में लोगों के लिए खुल जाएगा मेट्रो मॉडल कोच, ले सकेंगे यात्रा का अनुभव

सीएम चौहान आज करेंगे मेट्रो मॉडल कोच का अनावरण



## भोपाल-इंदौर मेट्रो ट्रेन की मुख्य विशेषताएं

### सीसीटीवी कैमरा प्रणाली

### डिस्प्ले यूनिट

### एयर कंडीशनिंग सिस्टम

### जीओए 4 व्यवस्था

पीईसीयू पैसेंजर इमरजेंसी कम्युनिकेशन यूनिट

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 76 | दैनिक जागरण | भोपाल | 26.08.2023 | 02 | सीएम मेट्रो माडल कोच का आज करें | Neutral |



## सीएम मेट्रो मॉडल कोच का आज करेंगे अनावरण



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज 26 अगस्त को सुबह 9:45 बजे स्मार्ट सिटी पार्क भोपाल में मेट्रो मॉडल कोच का अनावरण करेंगे। मेट्रो मॉडल कोच मेट्रो ट्रेन का वास्तविक मॉडल है। अनावरण के बाद मॉडल कोच को बच्चों एवं आमजन के अवलोकन के लिये खोला जाएगा। मेट्रो ट्रेन इस प्रकार के 3 कोच से मिल कर बनती है। भोपाल में 6 किलोमीटर एवं इंदौर में 6 किलोमीटर लम्बाई के मेट्रो ट्रायल रन की तैयारी तेजी से की जा रही है। सितम्बर में ट्रायल रन का शुभारंभ किया जाएगा।


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 77 | हरि भूमी | भोपाल | 26.08.2023 | 1 | सीएम आज मेट्रो माडल कोच करें | Neutral |

भोपाल
शनिवार, 26 अगस्त 2023
श्रावण मास शुक्ल पक्ष-10
वर्ष : 10, अंक : 159
पृष्ठ: 16 मूल्य : 4.00
मौसम
अधि. 28
न्यून. 22
हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



# सीएम आज मेट्रो मॉडल कोच का करेंगे लोकार्पण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को सुबह 9.45 बजे स्मार्ट सिटी पार्क में मेट्रो मॉडल कोच का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण के बाद मॉडल कोच को बच्चों एवं आमजन के अवलोकन के लिए उसके बाद से ही खोल दिया जाएगा। इस मॉडल से ही मेट्रो ट्रेन की पूरी जानकारी लोगों को मिलेगी। सितंबर में ट्रॉयल रन का शुभारंभ किया जाएगा।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 78 | नवदुनिया | भोपाल | 26.08.2023 | 3 | आज मेट्रो माडल कोच का अनावरण | Neutral |



# आज मेट्रो माडल कोच का अनावरण

## सौगात ● स्मार्ट सिटी पार्क में मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ, सितंबर में होगा मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन

**भोपाल ( नवदुनिया प्रतिनिधि )।** भोपाल में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन सितंबर में होगा, लेकिन इससे पहले शनिवार को मेट्रो माडल कोच का अनावरण मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया जाएगा। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में सुबह 9.45 बजे अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि शिवराज सिंह चौहान और विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र सिंह मंत्री नगरीय आवास एवं विकास विभाग उपस्थित रहेंगे।

**बटन दबाकर करेंगे उद्घाटन :** मुख्यमंत्री बटन दबाकर मेट्रो माडल कोच का अनावरण करेंगे। इसके बाद वे कोच के अंदर भी जाएंगे। मेट्रो माडल कोच का जो कि मेट्रो ट्रेन का ही वास्तविक माडल है एवं मेट्रो ट्रेन इस प्रकार के तीन कोच से मिलकर बनती है।

प्रत्येक कोच की लंबाई 22 मीटर और चौड़ाई 2.9 मीटर है। इस कोच की लागत करीब 5 करोड़ रुपए है।

**पटरी पर नहीं दौड़ेगा, लेकिन सबकुछ असली:** मेट्रो माडल कोच पटरी पर तो नहीं दौड़ सकेगा, लेकिन इसमें सब कुछ असली जैसा ही रहेगा।इसको आमजन न सिर्फ देख सकेंगे बल्कि अनुभव भी ले सकेंगे। इसमें यात्रियों को मेट्रो स्टेशन का अनुभव होगा, जिसमें बकायदा मेट्रो में आपका स्वागत है... अगला स्टेशन एम्स है... दरवाजे बाईं तरफ खुलेंगे... कृपया दरवाजों से हटकर खड़े हों जैसे निर्देश सुनाई देंगे।



भोपाल मेट्रो के कोच का माडल श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में आमजन के देखने के लिए रखा गया है। ● नवदुनिया



मेट्रो के माडल कोच को श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट सिटी पार्क मे पालीथिन से ढककर रखा गया है। यहां आने वाले लोग इसे खोलकर देख रहे हैं। ● नवदुनिया

### यह है माडल की खासियत

माक अप मेट्रो के डिजाइन एवं तकनीकी विशेषताओं के गहन अध्ययन एवं अनुमोदन के लिए बनाया गया है, लेकिन यह वास्तविक जैसा ही है।

- ड्राइवर मोटर कार के 1-1 माक-अप/ माडल की लंबाई लगभग 22 मीटर और चौडाई लगभग 2.9 मीटर है।
- ट्रेन आपरेटर एवं यात्री सीटें है।
- चार आटोमैटिक गेट है।
- कांच की खिड़कियां है।
- माडल के अंदर और बाहर आकर्षक पेंटिंग की गई है।
- पकड़ने के लिए ग्रेव हैंडल है।
- एलईडी पैनल, डिजिटल रूट मैप और साइनेज भी है।
- पूरा कोच एयर कंडिशनर है।
- आटोमेटिक हेडलाइट है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 80 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 26.08.2023 | 05 | मेट्रो कोच की खासियत से आज से हो सकें रूबरू | Neutral |


www.rajexpress.co
राज एक्सप्रेस
5 महानगर
सूर्योदय (रविवार): 06:44 सूर्यास्त (रविवार): 06:00
तापमान अधिकतम 30.7° न्यूनतम 23.6°
भोपाल
शनिवार, 26 अगस्त 2023

**सौगात** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे मेट्रो मॉडल कोच का अनावरण, बच्चों और आम लोगों के लिए खोला जाएगा, ट्रायल रन की तैयारी तेज

# मेट्रो कोच की खासियत से आज से हो सकेंगे रूबरू

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार सुबह 9.45 बजे स्मार्ट सिटी पार्क में मेट्रो मॉडल कोच का अनावरण करेंगे। यह मेट्रो ट्रेन का वास्तविक मॉडल है। अनावरण के बाद मॉडल कोच को बच्चों एवं आम लोगों के लिए खोला जाएगा। मेट्रो ट्रेन इस प्रकार के 3 कोच से मिल कर बनती है। भोपाल में 6 एवं इंदौर में 6 किलोमीटर लम्बाई के मेट्रो ट्रायल रन की तैयारी तेजी से की जा रही है। भोपाल में ऑरेंज लाइन करोंद चौराहा से एम्स तक 17 किलोमीटर और ब्लू लाइन भदभदा चौराहा से रत्नागिरी चौराहा तक 14 किलोमीटर की



लम्बाई की है। इसकी लागत 7 हजार करोड़ रुपए है। ऑरेंज लाइन का कार्य तेजी से चल रहा है। इंदौर मेट्रो में यलो लाइन निर्माणाधीन है। इसकी कुल लम्बाई 31 किलोमीटर एवं लागत 7500 करोड़ है।

### आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का किया इस्तेमाल

भोपाल इंदौर मेट्रो को सिग्नल की आधुनिक तकनीक और ऑटोमेशन से संचालित करने के लिये डिजाइन किया गया है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स का भी उपयोग किया गया है। इस तकनीक से मेट्रो की बेहतरी सुनिश्चित करने तथा ऊर्जा संरक्षण में काफी फायदा होगा। सभी कोच के अंदर 6 कैमरे लगे हैं, जो किसी भी इमरजेंसी या अन्य कारणों के लिये हैं। साथ ही साथ रेल के दोनों इमरजेंसी डोर पर भी कैमरे होंगे। लाइटिंग के लिये मेट्रो रेल सेवा में अत्याधुनिक प्रणाली इस्तेमाल में लाई जा रही है। इसके तहत रेल की लाइटिंग लेवल प्राकृतिक रोशनी के हिसाब से बदलती जाएगी।

### यह भी खास

- इन कोच में डिजिटल इमरजेंसी कम्युनिकेशन के चार यूनिट लगे होंगे। इसकी सहायता से किसी भी आपातकालीन स्थिति में यात्रियों की चालक से बात हो सकेगी। यात्री कंट्रोल यूनिट से सीधे बात कर सकेंगे।
- प्रत्येक कोच में 4 फायर एवं स्मोक डिटेक्टर होंगे, जो किसी भी आगजनी के समय ऑटोमेटिक सूचित करेंगे। साथ ही हर कोच में फायर एक्सटिंग्विशर भी लगे होंगे। यात्रियों की आग से सुरक्षा के लिये सबसे सुरक्षित स्तर से डिजाइन किया गया है।
- प्रत्येक कोच में कुल आठ दरवाजे होंगे। इनमें चार एक तरफ और चार दूसरी ओर होंगे। इसके साथ ही ट्रेन में दोनों ड्राइवर कोच में सामने की तरफ एक इमरजेंसी गेट होगा जो किसी भी आपातकालीन स्थिति में यात्रियों के निकलने के लिए उपयोग किया जा सकेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 81 | Times of India | Bhopal | 26.08.2023 | 02 | Metro Model Coach to be Unveiled By CM Chauhan Today | Neutral |

TIMES CITY Pg-02

THE TIMES OF INDIA, BHOPAL | SATURDAY, AUGUST 26, 2023

# Metro Model Coach To Be Unveiled By CM Chouhan Today

## Trial Run In September From Subhash Nagar To Habibganj

Jamal.Ayub@timesgroup.com

**Bhopal:** 57 months after Union government sanctioned Bhopal metro project in November 2018, a trial-run is around the corner. A Bhopal metro, model coach will be unveiled by MP CM Shivraj Singh Chouhan in Bhopal on Saturday. It will be open for public and located at smart park at Shyamla Hills.


Three rail coaches will form a single train, in the initial phase for Bhopal metro. The coaches are wide enough for an estimated seating capacity of 150 passengers each. Standing capacity would be much higher. Trial run would take place in September. Metro is expected to roll from Subhash Nagar depot to Habibganj which is about 4 km.

At least two metro rail stations, including Rani Kamlapati metro railway station, are expected to be completed for trial run in September. The trial run would be landmark for improving urban mobility in Madhya Pradesh.

Madhya Pradesh metro rail corporation limited (MPMRCL), is the implementing authority of Bhopal and Indore project. For an estimated Rs 3,300 crore French mobility company will supply metro trains and various systems for Bhopal and Indore metro rail projects. The production is taking place at its Savli manufacturing plant in Gujarat under the Make In India initiative.

Total contract includes design, manufacture, supply, installation, test, and commissioning of 52 standard gauge Movia metro passenger trainsets of 3-car configuration each. As many as 27 trainsets will be for Bhopal and 25 trainsets for Indore. Each coach has a length of 22 meters and a width of 2.9 meters. Bhopal Metro Rail Project was sanctioned by the Union government on November 30, 2018 and it consists of 27.87 km of network length divided into two corridors. One is from Karond Circle to AIIMS and Bhadbhada Square to Ratnagiri Intersection. The approved completion cost in 2018 was Rs 6,941.40 crore.





The ongoing construction work of Bhopal metro on Friday

## FROM ONE END TO ANOTHER

**COST**

Estimated cost ₹6,941 cr based on 2018 assessment

**AREAS COVERED**

2 lines with one passenger inter-change

**SPEED**

Design speed **90 kmph**, max operational speed **80 kmph**

**TOTAL STATIONS LENGTH IN KM**

**Orange Line**

Karond Square to AIIMS 14 (elevated) 2 (underground 3km) = **15.54 km**

**Blue Line**

Bhadbhada Square to Ratnagiri Tiraha 14 (elevated) nil = **14 km**




**What to expect during trial run**

Trial run (to the extent possible under available operating conditions) is to demonstrate that train performs reliably and in accordance with the guidelines

Three coaches will comprise of one metro rail. Frequency to be defined at the operational stage

## METRO STATION

**INSIDE**

An elevated station to have two levels. Top floor would be for ticket bearers only. Unpaid areas, without ticket area, can be utilised for refreshments by general public. A retail section along with banner advertisements will be spread across the walls

**OUTSIDE**

- Footpaths, drop off bays, bus lane bays, parking and ramp for wheelchair and halting areas for NMT and autorickshaws among others
- A standard station design will be cantilever station structure, in a road median. In locations where there is a narrow road width or where space permits a portal frame station structure will be provided
- Standard station width shall not be less than 21 m. Trail run stations Habibganj, MP Nagar, Gurudev Gupt Chouraha, Kendriya Vidyalaya and Subhash Nagar are all elevated stations



## When Standard Fully Operational Expect

**Interval** | Every 3/5 minutes

**Vehicle car** | Three coaches in a train at launch

**Passenger per train** | 1,050, load (8 standee pax per sqm)

**Escalator capacity** | 121 pax/min, Capacity of staircases 0.0655 pax/mm-min

**Elevators** | Carrying capacity of not less than 13 persons. To accommodate wheelchairs and emergency services stretchers

**Obstruction from platform edge** | Minimum 3 m

**Metro train** | Initially 3 car trains will be operated and with increase in traffic 6 car trains will be operated. Station design shall cater for 6 car train operation

**Automatic Fare Collection** | Will consist of provisions for the sale of stored value tickets and the collection of excess fares

**Gates** | A minimum 550mm clear opening, and one gate of 900mm clear opening for physically challenged passengers. To reach the station, there will be an option for stairs, escalator and elevator, restrooms, baby feeding

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 82 | Free Press | Bhopal | 26.08.2023 | 02 | CM to Inaugurate Bhopal Metro Model Today | Neutral |

BHOPAL CITY
INDORE / BHOPAL | SATURDAY | AUGUST 26, 2023 www.freepressjournal.in

# CM to inaugurate Bhopal Metro model today



THE MODEL METRO RAIL COACH AT SMART CITY PARK

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in

Chief Minister Shivraj Singh Chouhan will unveil Metro train model at Smart City Park in Bhopal at 9.45 am on Saturday. The cost of the Metro train model is about Rs 5 crore.

Metro train consists of three coaches and the length of every coach is 22 metres while the width is 2.9 metres. Once the metro coach model gets inaugurated, it will be open to the public. People will be able to see how it looks and what kind of facilities they will get.

The Metro train model has driver motor car, train operator, driver seats, four electric run gates, glass windows, internal and outside colour, internal lighting, grab handle, LED panel, digital route map, signage, air condition, active headlight etc.

The model of Metro train had reached Bhopal few months back and Metro officials were waiting to get time from CM to inaugurate it.

Meanwhile, all the preparations for trial run of Metro trains have been completed in Bhopal and Indore. The trial run of Bhopal Metro will be conducted on 5-km long track.

Metro Officers are conducting regular inspection of Bhopal Metro works and giving necessary instructions to contractors. Most infrastructure related work has been completed and now interior works are underway.

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|
| 83 | Leading Newspapers | Divisional Headquarters | 26.08.2023 | मध्य प्रदेश मेट्रो मॉडल अनावरण | Display Advertisement |

पत्रिका




26/08/2023 | Bhopal | Page : 11
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|
| 84 | Bhopal Leading Newspapers-5 (Hindi & English) | Bhopal | 26.08.2023 | Public Notification- BH-08 Public Notification" for charging of 132kV/33Kv RSS switchyard, AMS, TSS, Subhash Nagar Depot, Super Priority Corridor, Super Priority Main Line TSS cum ASS and 33Kv cables and 750V DC third rail system on viaduct and in depot of Bhopal and Indore | Classified Advertisement |

पत्रिका

MPMETRO

## MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED

(A Joint Venture of Govt. of India and Govt. of Madhya Pradesh)
2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building, Kalibadi Road, BHEL, Sector A, Barkheda, Bhopal-462022, CIN: U75100MP2015SGC034434
Phone : 0755-2475607, Email : mpmetro@mpmrcl.in, Website : www.mpmetrorail.com

### "सार्वजनिक सूचना"

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के भोपाल मेट्रो रेल प्रोजेक्ट और नीचे उल्लिखित खंड के भोपाल मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के पूर्ण खंड पर स्थित परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज़ एसी पावर सप्लाई और 750 वोल्ट डीसी तीसरे रेल ट्रैक्शन सिस्टम को नीचे उल्लिखित अनुभाग के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा। अतः निर्दिष्ट तिथि पर या उस दिन से नीचे उल्लिखित ट्रैक्शन और पावर सप्लाई सिस्टम को सक्रिय माना जाना चाहिए और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के करीब नहीं आएगा या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | लाइन | ऊर्जाकरण होने की तिथि |
|---|---|---|
| 1) सुभाष नगर डिपो में रिसीविंग सब स्टेशन (आर.एस.एस.) स्विचयार्ड और सहायक मुख्य स्टेशन (ए.एम.एस.)।<br>2) सुभाष नगर डिपो में ट्रैक्शन सब स्टेशन (टी.एस.एस.)।<br>3) सुभाष नगर डिपो में डिपो ए.एस.एस.-1 और डिपो ए.एस.एस.-2।<br>4) सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन के बीच 33 केवी केबल सेक्शन (चेनेज सी.एच. 26+828 से सी.एच. 23+793) जिसमें डिपो रैंप क्षेत्र से लेकर डिपो में आर.एस.एस. तक शामिल है।<br>5) सुभाष नगर डिपो में आर.एस.एस., टी.एस.एस., ए.एस.एस.-2 और ए.एस.एस.-1 के बीच संबंधित 33 केवी केबल।<br>6) सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक (चेनेज सी.एच. 26+828 से सी.एच. 23+793) का 750 वोल्ट डी.सी. थर्ड रेल सिस्टम, जिसमें 750 वोल्ट संबंधित डी.सी. केबल शामिल हैं।<br>7) डिपो रैंप और सुभाष नगर डिपो के अंदर 750 वोल्ट डी.सी. थर्ड रेल सिस्टम जिसमें संबंधित 750 वोल्ट डी.सी. केबल शामिल हैं।<br>8) सुभाष नगर स्टेशन पर 33 केवी ए.एस.एस. एवं टी.एस.एस.।<br>9) बोर्ड ऑफिस चौराहा (बीओसी) स्टेशन पर 33 केवी ए.एस.एस. और टी.एस.एस.।<br>10) रानी कमलापति स्टेशन पर 33 केवी ए.एस.एस. | ऑरेंज (अप एवं डाउन ) | 31.08.2023 |

म.प्र. माध्यम/111617/2023 एमपीएमआरसीएल

MPMETRO

METRO NEWS

27th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 85 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 27.08.2023 | J3 | भोपाल मेट्रो की पहली झलक.. सीएम ने किया मॉडल कोच का अनावरण | Positive |

दैनिक भास्कर भोपाल 27-08-2023


आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

कुल पेज * 48, डीबी स्टार के साथ, मूल्य ₹ 7.00 | वर्ष 67, अंक 14, महानगर

dainikbhaskar.com | भोपाल, रविवार 27 अगस्त, 2023 | द्वितीय श्रावण शुक्ल पक्ष- 11, 2080 | 12 राज्य | 61 संस्करण


**आज का दिन**

**जेट इंजन वाले पहले विमान की उड़ान**



**1939** • दुनिया के पहले जेट इंजन वाले विमान ने जर्मनी से उड़ान भरी थी। हेंकेल फ्लुगजेगवेर्के द्वारा डिजाइन विमान ने 598 किमी/घंटा की गति हासिल की थी।

**मानसून (बारिश)**


| | अब तक | कम/ज्यादा |
|---|---|---|
| भोपाल | 500.7 मिमी | -249.8 मिमी |
| दिल्ली | 518.0 मिमी | +7.0 मिमी |
| मुंबई | 1589.4 मिमी | -5.0 मिमी |
| कोलकाता | 655.9 मिमी | -89.0 मिमी |

**बड़ा तालाब**

| फुल टैंक लेवल | आज तक |
|---|---|
| 1666.80 फीट | 1664.20 फीट |

**सड़क पर जश्न**

## फ्रांस-बेल्जियम में पपेट शो का जलवा



पेरिस | गर्मी शुरू होने के साथ फ्रांस व बेल्जियम में मैकेनिकल पपेट शो शुरू हो गया। फ्रांस की स्ट्रीट थिएटर कंपनी रॉयल डी लक्स के कलाकार विशाल कठपुतलियों को मशीनों से चलाते हैं। इस

**...देखने के लिए मेट्रो तैयार लेकिन पहियों का इंतजार**



शनिवार को स्मार्ट पार्क में मेट्रो के मॉडल कोच का सीएम ने अनावरण किया। इसमें बैठकर असली मेट्रो की तरह महसूस होगा, लेकिन इसमें पहिए नहीं हैं।

**भोपाल मेट्रो की पहली झलक... सीएम ने किया मॉडल कोच का अनावरण**

# शिवराज बोले-भोपाल से मंडीदीप और सीहोर तक जाएगी हमारी मेट्रो

**भोपाल |** भोपाल मेट्रो मंडीदीप और बैरागढ़ होते हुए सीहोर तक जाएगी। शनिवार को स्मार्ट पार्क में मेट्रो के मॉडल कोच के अनावरण के दौरान सीएम शिवराज सिंह चौहान ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा- हमने 2016 में भोपाल और इंदौर को मेट्रो सिटी बनाने का सपना देखा था। अगले साल अप्रैल-मई तक दोनों शहरों में मेट्रो शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 15 महीने की कांग्रेस सरकार में मेट्रो का काम रुक गया था। सितंबर में इंदौर और भोपाल दोनों शहरों में ट्रायल करेंगे। इंदौर के बारे में वहीं घोषणा करेंगे।

**सुबह 11 से रात 9 बजे तक देख सकेंगे :** मॉडल कोच ऐसा है जैसे प्लेटफार्म पर खड़ी मेट्रो। यह पहला कोच है, जिसमें पायलट सीट भी है। इसमें 50 लोगों के बैठने के साथ 280 लोग खड़े रह सकते हैं। इसे शहरवासी मुफ्त देख सकेंगे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मॉडल कोच में पायलट की भूमिका में दिखाई दिए।

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Page | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 86 | दैनिक जागरण | भोपाल | 27 .08.2023 | आम लोगों के लिये खुला मेट्रो का माडल कोच, फीडबैक भी दे सकें | 5 | Positive |


राजधानी जागरण 05

SUNDAY


# आम लोगों के लिए खुला मेट्रो का मॉडल कोच, फीडबैक भी दे सकेंगे

## स्मार्ट सिटी पार्क में सुबह 11 से रात 9 बजे तक मॉडल कोच देख सकते हैं लोग



### भोपाल में मेट्रो की ऑरेंज और ब्लू लाइन का चल रहा निर्माण

### आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का भी किया उपयोग

### पैसेंजर लोड के हिसाब से बदलती रहेगी कूलिंग

### फायर और स्मोक अलार्म भी लगे होंगे

### मेट्रो कोच अगले सप्ताह आ जाएंगे इंदौर

### किरणों को रोकेंगी खिड़कियों में लगी फिल्म

---

**सीएम शिवराज ने भोपाल में मेट्रो मॉडल कोच का अनावरण कर कहा**

# सीहोर और मंडीदीप तक दौड़ेगी भोपाल मेट्रो, अप्रैल-मई तक हो सकती है शुरू

## भोपाल-इन्दौर में सितंबर से होंगे 14 हजार करोड़ की मेट्रो रेल के ट्रायल रन

जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। नगरीय विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए भोपाल और इन्दौर में आज हम मेट्रो ट्रेन के संचालन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। मेट्रो ट्रेन केवल भोपाल शहर तक सीमित नहीं रहेगी। इसे भोपाल से मंडीदीप और फिर बैरागढ़ होते हुए सीहोर तक ले जाया जाएगा। 14 हजार ■ शेष पृष्ठ 09 पर



भोपाल में सीएम ने मेट्रो मॉडल कोच का अनावरण किया।

**मेट्रो मॉडल की विशेषताएं**

- ट्रेन ऑपरेटर, यात्री सीटें
- एयर कंडीशनर कोच
- ऑटोमैटिक हेडलाइट
- चार ऑटोमैटिक गेट
- कांच की खिड़कियां
- दोनों ओर आकर्षक पेंटिंग
- एलईडी पैनल और डिजिटल रूट मैप

### पांच करोड़ रुपए की लागत का एक कोच

मॉडल कोच मेट्रो ट्रेन का ही वास्तविक मॉडल है। इस तरह के तीन कोच से मिलकर ही मेट्रो ट्रेन बनती है। करीब 5 करोड़ रुपए की लागत वाले हर कोच की लंबाई 22 मीटर और चौड़ाई 2.9 मीटर है। मेट्रो मॉडल कोच स्मार्ट सिटी पार्क में रखा गया है। इसे आम नागरिक देख सकते हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 87 | राज एक्सप्रेस | भोपाल/इंदौर | 27.08.2023 | 02 | अप्रैल-मई मे कर सकें | Neutral |


भोपाल, रविवार, 27 अगस्त 2023, (द्वि. श्रावण शुक्ल पक्ष एकादशी 2080)

सच कहने का साहस और सलीका

राज एक्सप्रेस




# अप्रैल-मई में कर सकेंगे मेट्रो का सफर

## मेट्रो के मॉडल कोच का अनावरण करने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज बोले, मंडीदीप-सीहोर तक बढ़ाएंगे

**मेट्रो कोच में यह खास**

- एक डिब्बे की लंबाई 22 मीटर तथा चौड़ाई 2.9 मीटर होगी।
- प्रत्येक कोच में लगभग 40 लोग बैठकर और 300 खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे।
- सभी कोच के अंदर 6 कैमरे जो किसी भी इमरजेंसी या अन्य कारणों के लिए है।
- रेल के दोनों इमरजेंसी डोर पर भी कैमरे।
- खिड़कियों पर अल्ट्रा वॉयलेट किरण रोकने वाली फिल्म।
- रेल का लाइटिंग लेवल प्राकृतिक रोशनी के हिसाब से बदलेगा।
- हर कोच में पैसेंजर इमरजेंसी कम्युनिकेशन के चार यूनिट लगे रहेंगे। इसकी सहायता से किसी भी आपातकालीन स्थिति में यात्रियों की चालक से बात हो सकेगी।
- प्रत्येक कोच में 4 फायर एवं स्मोक अलार्म होंगे फायर एक्सटिंग्विशर भी लगे रहेंगे।
- एक कोच में कुल 8 दरवाजे होंगे।

● भोपाल / आसपास

राजधानी में अगले साल अप्रैल-मई में मेट्रो में आम लोग सफर कर सकेंगे। आगे जाकर यह मेट्रो सेवा सिर्फ कुछ स्टेशन या रूट तक सीमित नहीं रहेगी। इसे मंडीदीप और बैरागढ़ होते हुए सीधे सीहोर तक ले जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को मेट्रो के मॉडल कोच का अनावरण करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कोच का अंदर से जायजा लिया और कोच की विशेषताओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।

सीएम ने कहा कि भोपाल और इंदौर को मेट्रो सिटी बनाने का हमारा सपना था। बीच में 15 महीने का ब्रेक आ गया। कमलनाथ की सरकार थी। तब काम नहीं हुआ। सरकार में लौटने पर कोविड के कठिन दौर में भी तेजी से काम शुरू किया। नतीजा, विपरीत परिस्थितियों में पूरी गुणवत्ता से प्रोजेक्ट को समय पर धरातल पर उतारा है। नगरीय विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए भोपाल और इंदौर में मेट्रो ट्रेन के संचालन की ओर बढ़ रहे हैं। (शेष पेज 6 पर)





## लोगों में दिखा उत्साह, सीएम की फीडबैक की अपील

मुख्यमंत्री ने युवाओं, विद्यार्थियों और आम लोगों से आह्वान किया कि स्मार्ट पार्क स्थित मेट्रो का मॉडल कोच आकर देखें। सुझाव और फीडबैक दें। यह मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के ई-मेल पर भेजे जा सकते हैं। मेट्रो कोच को आम लोग रात 9 बजे तक देख सकेंगे। अनावरण के बाद लोगों में इसे देखने की उत्सुकता नजर आई। अंदर घूम कर, बैठ कर, डिस्प्ले सिस्टम आदि देखकर उन्होंने खुशी जताई। कहा कि भोपाल में मेट्रो रेल में सफर करने का सपना अब जल्द साकार हो सकेगा। कार्यक्रम में महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, बीडीए उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल लिली व सुनील पांडे, नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई, मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह व अन्य मौजूद रहे।



मेट्रो के मॉडल कोच के अंदर का हिस्सा

### मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर की हरी झंडी के बाद ही पैसेंजर रन

तीन कोच की मेट्रो रेल सितंबर के पहले पखवाड़े में भोपाल पहुंचने की संभावना है। इसके कुछ दिन बाद ट्रायल रन की शुरुआत होगी। यह सिलसिला चंद महीने तक चल सकता है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के इंजीनियरों और अधिकारियों के पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद कमिश्नर, मेट्रो रेल सेफ्टी से निरीक्षण का अनुरोध किया जाएगा। वे तय रूट पर मेट्रो के संचालन का जायजा लेंगे। सफर करेंगे। उनकी हरी झंडी मिलने के बाद मेट्रो का कॉमर्शियल रन यानि यात्रियों के साथ सफर की शुरुआत हो सकेगी।

**इस हिस्से में होगा ट्रायल रन...**

- भोपाल में सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच, लंबाई करीब पांच किमी।
- इंदौर में गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर 3 तक, यह छह किमी लंबा।

## आपने अभिनय को नई ऊंचाइयां दी

**कमलनाथ का सीएम पर तंज**

मुख्यमंत्री ने शनिवार को मध्यप्रदेश मेट्रो मॉडल का अनावरण किया। इसके साथ ही उन्होंने कोच का अवलोकन भी किया। इसे लेकर कमलनाथ ने निशाना साधा है और कहा है कि 'शिवराज जी आज आपने अभिनय को नई ऊंचाइयां दी है। प्रधानमंत्री अगर पूरे देश में घूम-घूम कर, रेलगाड़ियों का उद्घाटन कर रहे है तो मुख्यमंत्री जी ने मेट्रो ट्रेन न सही, ट्रेन के डिब्बे के मॉडल का ही उद्घाटन कर दिया। 2019 में जब मैंने भोपाल मेट्रो परियोजना की आधारशिला रखी थी तब 2022 तक भोपाल में मेट्रो सेवा प्रारंभ करने का लक्ष्य था। लेकिन सैदेवाजी की सरकार लक्ष्य से भटक गई।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 88 | हरि भूमि | भोपाल | 27.08.2023 | 4 | मुख्यमंत्री ने भोपाल के स्मार्ट सिटी पार्क मे रखे मेट्रो ट्रेन के माडल कोच का किया अनावरण | Positive |

हरिभूमि

भोपाल - मुख्य संस्करण

27 Aug 2023

मुख्यमंत्री ने भोपाल के स्मार्ट सिटी पार्क में रखे मेट्रो ट्रेन के मॉडल कोच का किया अनावरण

# भोपाल और इंदौर में सितंबर से शुरू होंगे मेट्रो रेल के ट्रायल रन, अप्रैल-मई तक 'संचालन'

◆ भोपाल की मेट्रो ट्रेन पूरी गति पर शुरू होने के बाद सीहोर और मंडीदीप तक जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क में मेट्रो ट्रेन के मॉडल कोच का मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को अनावरण किया। अनावरण करते हुए उन्होंने कहा कि मेट्रो ट्रेन केवल भोपाल शहर तक सीमित नहीं रहेगी। इसे भोपाल से मंडीदीप और फिर बैरागढ़ होते हुए सीहोर तक ले जाया जाएगा। मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन इंदौर और भोपाल में सितंबर माह ▸▸ शेष पेज 02 पर



14 हजार करोड़ की लागत से तैयार हो रही है भोपाल और इंदौर की मेट्रो ट्रेन



**सुबह 11 से रात 9 बजे तक आम नागरिक देख सकेंगे**

स्मार्ट पार्क में मेट्रो ट्रेन कोच का वास्तविक मॉडल प्रदर्शित किया गया है। अनावरण के बाद मॉडल कोच को बच्चों एवं आमजन के अवलोकन के लिए खोल दिया गया है। मेट्रो ट्रेन इस प्रकार के 3 कोच से मिल कर बनती है। भोपाल में 5 किमी एवं इंदौर में 6 किमी लंबाई के मेट्रो ट्रायल रन की तैयारी तेजी से की जा रही है। भोपाल में मेट्रो की ऑरेंज एवं ब्लू लाइन निर्माणाधीन ▸▸ शेष पेज 02 पर

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 89 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 27.08.2023 | 02 | मेट्रो ट्रेन का मंडीदीप तक होगा विस्तार, बैरागढ़ होते हुए सिहोर तक भी जाएगी | Neutral |

## मेट्रो ट्रेन के मॉडल कोच का उद्घाटन सीएम ने किया

# मेट्रो ट्रेन का मंडीदीप तक होगा विस्तार, बैरागढ़ होते हुए सीहोर तक भी जाएगी

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

राजधानी में मेट्रो ट्रेन चलने में अभी काफी समय है, लेकिन मेट्रो कैसी है और उसमें क्या सहूलियतें हैं, सीट से लेकर उसका इंटीरियर और एनाउंसमेंट सिस्टम कैसा है, दरवाजे कहां और कैसे खुलेंगे आदि के बारे में आम लोग जान सकेंगे। यही नहीं, लोग मेट्रो की सीट पर बैठकर सफर का अनुभव भी कर सकेंगे। इसके लिए भोपाल में मेट्रो दौड़ाने वाली मेट्रो कंपनी ने स्मार्ट रोड स्थित स्मार्ट पार्क में मॉडल कोच इंस्टॉल किया है। इसका उद्घाटन शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इस दौरान लोगों ने मेट्रो के मॉडल को देखा और उसके साथ सेल्फी भी ली।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से वादा किया कि मेट्रो ट्रेन सिर्फ भोपाल तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उसे मंडीदीप तक चलाएंगे। वहीं बैरागढ़ होते हुए यह सीहोर तक भी जाएगी। उन्होंने कहा कि भोपाल में मेट्रो प्रोजेक्ट रफ्तार पकड़ चुका है और जल्द ही अपनी मंजिल तक पहुंचेगा। मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन इंदौर और भोपाल में सितंबर माह में आरंभ हो जाएगा और अप्रैल-मई तक मेट्रो ट्रेन चलने लगेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राजधानी भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल सिटी होंगी। मेट्रो ट्रेन से जनता को बहुत सुविधाएं मिलेंगी। इससे आवागमन का समय बचेगा और सफर भी आरामदायक होगा।



स्मार्ट रोड स्थित स्मार्ट पार्क में रखे मेट्रो ट्रेन के मॉडल के साथ शनिवार को सेल्फी लेती महिलाएं।

**मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारी:** जानकारी के अनुसार, भोपाल में 5 किलोमीटर लंबाई में मेट्रो ट्रायल रन की तैयारी तेजी से की जा रही है। राजधानी में मेट्रो की ऑरेंज एवं ब्लू लाइन निर्माणाधीन है, जिसकी कुल लंबाई 31 किलोमीटर और इसकी लागत करीब 7 हजार करोड़ रुपए है। इसी तरह ऑरेंज लाइन करोंद चौराहा से एम्स तक 17 किलोमीटर और ब्लू लाइन भदभदा चौराहा से रत्नागिरी चौराहे तक 14 किलोमीटर की है। ऑरेंज लाइन पर निर्माण कार्य इस समय तेजी से चल रहा है।



मेट्रो ट्रेन के मॉडल को देखते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान।

### मेट्रो ट्रेन का मॉडल एक नजर में

- मॉडल कोच को बच्चों एवं आमजन के लिए खोला जाएगा, ताकि देख सकें।
- मेट्रो ट्रेन मॉडल कोच जैसे तीन कोच से मिलकर बनती है।
- मेट्रो को विश्व की अग्रणी तकनीक (ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन-4) से संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी प्रयोग किया गया है। इस तकनीक से मेट्रो की सेफ्टी सुनिश्चित करने तथा ऊर्जा संरक्षण में काफी फायदा होगा।
- प्रत्येक कोच में 8 दरवाजे होंगे। मेट्रो ट्रेन में सीसीटीवी कैमरा प्रणाली, डिस्प्ले यूनिट, एसी, अत्याधुनिक प्रणाली की लाइटिंग व्यवस्था है।
- इमरजेंसी में यात्रियों की चालक से बात हो सके, इसके लिए पैसेंजर इमरजेंसी कम्युनिकेशन यूनिट की व्यवस्था होगी।
- आग से सुरक्षा के लिए सबसे सुरक्षित स्तर यानी एचएल-3 लेवल से ट्रेन का डिजाइन तैयार किया गया है। ट्रेन में फायर अलार्म, स्मोक अलार्म सिस्टम एवं फायर एक्सटिंग्यूशर की व्यवस्था भी की जाएगी।
- ड्राइवर मोटर कार के 1:1 मॉक-अप/मॉडल की लंबाई लगभग 22 मीटर और चौड़ाई लगभग 2.9 मीटर है।
- मॉडल के अंदर और बाहर आकर्षक पेंटिंग बनाई गई है।
- पकड़ने के लिए ग्रैब हैंडल है। वहीं एलईडी पैनल, डिजिटल रूट मैप और साइनेज भी हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 90 | हरि भूमी | भोपाल | 27.08.2023 | 5 | सुभाष नगर से आरकेएमपी स्टेशन तक मेट्रो ट्रैक का हुआ ट्राली ट्रायल | Positive |


हरिभूमि

भोपाल - मुख्य संस्करण

27 Aug 2023

हरिभूमि

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 27 अगस्त 2023



3 नियम विरुद्ध गाड़ी सिखाने वालों के होंगे लाइसेंस...





7 25 फीट ऊंची और 35 टन वजनी भगवान श्री राम एवं...




# सुभाष नगर से आरकेएमपी स्टेशन तक मेट्रो ट्रैक का हुआ ट्राली ट्रायल

## मेट्रो बोगी का अनावरण होने के बाद ट्रायल रन की तैयारियां और तेज हुईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक मेट्रो ट्रैक का ट्राली ट्रायल शनिवार को सफलता पूर्वक हुआ। मेट्रो बोगी का अनावरण होने के बाद ट्रायल रन की तैयारियां और तेज हो गई है। इसीलिए ट्रेक का ट्रायल शनिवार को कर लिया गया।

वैसे तो इसकी तैयारी पहले से ही थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने भी बोगी का अनावरण करने के बाद घोषणा की है कि सितंबर में भोपाल और इंदौर की मेट्रो का ट्रायल हो जाएगा और अगले साल अप्रैल तक मेट्रो चलने लगेगी। सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक मेट्रो का ट्रेक पूरी तरह से तैयार हो गया है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से एम्स तक का सिविल वर्क पूरा होने के बाद ट्रेक बिछाया जाएगा। हबीबगंज रेलवे क्रासिंग पर स्टील ब्रिज बनाने का काम भी अंतिम चरण में है।

**खास बातें**

- सितंबर में भोपाल और इंदौर मेट्रो का ट्रायल होगा
- अगले साल अप्रैल तक मेट्रो चलने लगेगी
- स्मार्ट पार्क में रखे मॉडल से ही मेट्रो ट्रेन की पूरी जानकारी लोगों को मिलेगी





**मेट्रो बोगी देखने वालों की लंबी भीड़**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शनिवार को स्मार्ट सिटी पार्क में मेट्रो कोच का अनावरण करने के बाद देखने वालों की दिनभर भीड़ लगी रही। अनावरण के बाद कोच को यहां एक सप्ताह के अवलोकन के लिए छोड़ दिया गया। स्मार्ट पार्क में रखे मॉडल से ही मेट्रो ट्रेन की पूरी जानकारी लोगों को मिलेगी। इसलिए लोग अपने परिवार सहित इसे देखने पहुंच रहे हैं।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 91 | नवदुनिया | भोपाल | 27.08.2023 | 3 | भोपाल मे मई तक शुरू होगी मेट्रो, सिहोरे व मंडीदीप तक भी होगा विस्तारः सीएम | Positive |

# भोपाल में मई तक शुरू होगी मेट्रो, सीहोर व मंडीदीप तक भी होगा विस्तार : सीएम

- मुख्यमंत्री ने किया मेट्रो माडल कोच का अनावरण, सितंबर में होगा ट्रायल रन
- 14 हजार करोड़ की लागत से भोपाल-इंदौर बन रही मेट्रो सिटी

**भोपाल ( नवदुनिया प्रतिनिधि )** भोपाल और इंदौर अब मेट्रो सिटी बन गए हैं, हमने यह सपना बहुत पहले देखा था जो अब साकार हो रहा है। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में शनिवार को मेट्रो माडल कोच का अनावरण करते हुए कही। यह कोच आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध हो गया है। सीएम ने कहा कि मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर में होगा। अप्रैल-मई 2024 में मेट्रो चलने लगेगी।

मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर कोच का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल का काम बहुत तेजी से चल रहा है। यह प्रोजेक्ट लगभग 14 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। यह भोपाल तक ही सीमित नहीं रहेगी। इसे बढ़ाकर मंडीदीप और फिर बैरागढ़ से होते हुए सीहोर तक चलाया जाएगा। इससे दोनों शहरों के लाखों लोगों को आरामदायक सफर मिलेगा और समय की भी बचत होगी। इस मौके पर मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक मनीष सिंह, महापौर मालती राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को स्मार्ट सिटी पार्क में मेट्रो के माडल कोच का अनावरण कर निरीक्षण किया व कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस मौके पर भोपाल महापौर मालती राय भी उपस्थित रहीं। ● नवदुनिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि डेढ़ साल वाली कमलनाथ सरकार में मेट्रो प्रोजेक्ट के काम पर अंकुश लग गया था, लेकिन हमारी सरकार जब दोबारा आई तो कोरोना जैसी कठिन परिस्थितियों में भी मेट्रो के काम को जारी रखा, जिसका लाभ अब भोपाल-इंदौर की जनता को मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 35 लाख लोगों की जिंदगी से अवैध नाम हटाया है। हाल ही में हमने वर्षों से अवैध कालोनियों का दंश झेल रहे लोगों को कालोनियों को वैध कर राहत दी है। अब वह अपने स्वयं के घर में हैं। उनको किसी बात का कोई डर नहीं है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 92 | Times of India | Bhopal | 27.08.2023 | 1&2 | Promised in 2016, Bhopal finally ges glimpse of 1st metro coach | Positive |

# Promised in 2016, Bhopal finally gets glimpse of 1st metro coach

## 2016 commute dream, may come true after six mnths of trial from Sept

Ankur Sirothia & Jamal Ayub | TNN

Bhopal: "A dream we had seen in 2016, to have a metro rail in Bhopal and Indore, is going to be fulfilled soon," said Madhya Pradesh chief minister Shivraj Singh Chouhan after unveiling a model metro coach at Smart city park on Saturday.

Chouhan appealed to the youth, students and general public to visit the metro 'model coach' and give their suggestions and feedback (mpmetrorailcorp.in). Terming the moment as a milestone for Bhopal's public transport, Chouhan also planted a sapling at the park. "Today is the day when a resolution and a dream come true. We are heading towards operating metro trains in Bhopal and Indore," he said.

The metro coach was unveiled by pressing a button. The coach would be operational after about six months of trial from September. "It will prove to be a milestone in the development of MP. I have full faith that passenger operations will start in the coming year," he said.

Chouhan said that the metro train will not be limited to Bhopal city only. It will run from Bhopal to Mandideep and then to Sehore via Bairagarh. The trial run of the metro train will start in Indore and Bhopal in the month of September this year and the train will start running by April-May. "Public will get many facilities from the metro train. Travel time will be saved," he said.

MP Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) has been constituted to implement the metro rail projects in the state. Both projects are expected to picked up pace.



Visitors click pictures in the metro model coach in Bhopal on Saturday

He said that the project has had to deal with a lot of adverse circumstances like the pandemic. "This metro service will connect to Sehore and Mandideep," announced Chouhan.

MPMRCL MD, Manish Singh, UAD principal secretary, Neeraj Mandloi along with Bhopal mayor Malti Rai and others were present.

The real model of the metro train coach has been displayed in Smart City Park. After the unveiling, the model coach will be opened for viewing of children and the general public. Metro train is made up of three coaches.

Preparations for metro trial run of 5 km length in Bhopal and 6 km in Indore are being carried out. The Orange and Blue lines of the metro are under construction in Bhopal, which will have a total track length of 31km. This will be built at a cost of Rs 7,000 crore.

The Orange Line is 17 km from Karond square to AIIMS and the Blue Line is 14 km from Bhadbhada square to Ratnagiri square. The work of Orange Line is going on at a fast pace. The Yellow Line is under construction in Indore Metro. Its total length is 31 kilometer and the cost is Rs 7,500 crore.




# Promised in 2016, Bhopal finally gets glimpse of 1st metro coach

jamal.Ayub@timesgroup.com

Bhopal: Chief minister Shivraj Singh Chouhan unveiled the first look of the Metro coach in Bhopal on Saturday.

"A dream we saw in 2016, to have a metro rail in Bhopal and Indore, is going to be fulfilled soon," said the CM after unveiling the model coach at Smart City Park. It instantly turned into a selfie point.

Chouhan appealed to the people to visit the coach and give their suggestions]. Terming the moment as a milestone for Bhopal's public transport, Chouhan said: "Today is the day when a resolution and a dream come true. We are heading towards operating metro trains in Bhopal and Indore."

The coach will be operational after about six months of trial from September. "It will be a milestone in the development of MP. I have full faith that passenger operations will start next year," he said. The coach has the highest safety rating, say officials. The metro will have CCTVs, a display unit, ultra-modern lighting system, and an emergency communication unit. P2



CM Shivraj Singh Chouhan at metro model coach unveiling ceremony in Bhopal

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 93 | Free Press | Bhopal | 27.08.2023 | 04 | Bhopal Metro to be extended till Mandideep, Sehore | Positive |


THE FREE PRESS JOURNAL

BHOPAL

www.freepressjournal.in INDORE / BHOPAL | SUNDAY | AUGUST 27, 2023


**Speaker gives smart phones to women an**

**Rewa:** Assembly Speaker Girish Gautam has distributed smart p
Mauganj area in the district. Gautam said the smart phones woul
Besides, they will get all information about Anganwadi through a
the fate of women. He also said that Chief Minister Shivraj Singh

# Bhopal Metro to be extended till Mandideep, Sehore

## CM inaugurates train model


OUR STAFF REPORTER
city.bhopal @fpj.co.in


Chief Minister Shivraj Singh Chouhan, on Saturday morning, inaugurated the model of Bhopal Metro train at Smart City Park in State capital. Speaking on the occasion, he stated that Bhopal Metro will be extended till Mandideep and Sehore.

The trial run of Metro train in Bhopal and Indore will be done in September month and by April-May, Metro train facility will be made available to people. With this, Bhopal and Indore will be Metro Train cities.

"It was our previous government that decision was taken to make Bhopal and Indore as Metro Train cities and even work was started in this direction. But owing to coming of another government (Congress), the work remained suspended. Moreover, even during the tough period of Covid-19, our (BJP) government worked with a rapid speed for Bhopal and Indore Metros," the Chief Minister said.






After the inauguration, now the Bhopal Metro model is open for the public. People will be able to see how Metro train will look-like and what all facilities they are going to get in it. The trial run of Bhopal Metro will be done on 5-km long stretch starting from Subash Nagar depot till Rani Kamlapati station. Bhopal will have two metro lines- Orange and Blue- and works of them are in progress. Total distance of both lines will be 31 km and they are being developed at a cost of Rs 7,000 crore. Orange Line will be between Karond Square and AIIMS (17 KM). The Blue Line will connect Bhadbhada Square and Ratnagiri Square (14 km). In Metro train, Artificial Intelligence (AI) has been used and it has multi-layer security features for the passengers.

## NATH TAKES A DIG AT CM

Madhya Pradesh Congress President Kamal Nath has taken a dig at Chief Minister Shivraj Singh Chouhan by saying that on one hand the Prime Minister is inaugurating new trains across the country and on the other hand, Chief Minister had inaugurated the model of Metro train coach. "When I have laid down the foundation stone of Bhopal Metro Project, at that time, Bhopal Metro was supposed to run by 2022. But (BJP) government got astray from the target," he said.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 94 | पत्रिका | भोपाल | 27.08.2023 | 03 | प्रदेश का पहला मेट्रो कोच जनता के सामने | Positive |



**खुशियों भरा क्षण:** मेट्रो कोच का अनावरण होने के बाद आम लोगों ने इसमें खूब सेल्फी ली।

## प्रदेश का पहला मेट्रो कोच जनता के सामने

# सितंबर में ट्रायल, अप्रेल तक भोपाल मेट्रो



राजधानी में ऐसे इंजन से रफ्तार लेगी मेट्रो।

**सीएम ने बटन दबाकर किया अनावरण**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश का पहला मेट्रो कोच शनिवार को आम लोगों के बीच रखा गया। स्मार्ट पार्क में सीएम शिवराज सिंह ने अनावरण किया। वे सुबह पार्क पहुंचे और पौधरोपण के बाद बटन दबाकर कोच का पर्दा हटाया। कोच का निरीक्षण कर बोले- हमने 2016 में जो सपना देखा था, वह पूरा हो रहा है। सितंबर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल होगा। अप्रेल-मई 2024 से मेट्रो से यात्रा भी शुरू हो जाएगी। सीएम ने कहा, 15 माह की कमलनाथ सरकार ने मेट्रो का काम बंद करा दिया था, जिससे काम में देरी हुई।

### सीहोर से मंडीदीप तक ले जाएंगे

मुख्यमंत्री ने मेट्रो को शहर के सार्वजनिक परिवहन में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि हम यहीं नहीं ठहरेंगे। मेट्रो ट्रेन को मंडीदीप तक ले जाएंगे। बैरागढ़ से होते हुए यह सीहोर तक जाएगी, ताकि लोगों को आवाजाही में सुविधा हो। इस मौके पर मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह समेत पीएस शहरी आवास एवं विकास विभाग नीरज मंडलोई भी उपस्थित थे।

### इधर... इंदौर में पटरी का काम पूरा, लिफ्ट और एस्केलेटर भी लगे

**इंदौर** में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। 15 सितंबर को ट्रायल की बात कही जा रही है। यहां पटरी बिछाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। तीन स्टेशनों पर भी सीढ़ियां बनाने के साथ लिफ्ट व एस्केलेटर लग रहे हैं। कोच आने पर विशेष लोडर मशीन से उन्हें ट्रैक पर लाया जाएगा।

साइबर अटैक और हैकिंग से सुरक्षित, कैमरे से चेहरों की पहचान @ पेज 04

SNo. 96

**दैनिक भास्कर डिजिटल**



भारत का सबसे विश्वसनीय न्यूज ऐप
इनस्टॉल करें दैनिक भास्कर और पाएं लोकल न्यूज
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

https://dainik-b.in/1SrlthG6yCb

MPMETRO

METRO NEWS

28th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 97 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 28.08.2023 | 02 | 3000 ने देखा मेट्रो मॉडल कोच पूछा- स्टूडें मिलेगा क्या | Positive |

युवाओं में ज्यादा उत्साह, यहां ले रहे सेल्फी

# 3000 ने देखा मेट्रो मॉडल कोच पूछा- स्टूडेंट पास मिलेगा क्या

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

शहरवासियों ने रविवार का दिन स्मार्ट पार्क में मेट्रो के मॉडल कोच के साथ सेल्फी के साथ बिताया। सुबह 11 बजे से शाम तक 3000 से अधिक लोगों ने यहां आकर मॉडल कोच देखा और मेट्रो के संबंध में जानकारी ली। युवाओं ने पूछा कि क्या मेट्रो का स्टूडेंट पास बनेगा। कुछ की रुचि यह जानने में थी कि क्या सफर के दौरान फूड वगैरह मिल सकेगा।

स्मार्ट सिटी कंपनी का स्टाफ लोगों को मॉडल कोच के साथ भोपाल और इंदौर के मेट्रो प्रोजेक्ट की जानकारी दे रहा है। मेट्रो रेल कंपनी के एमडी मनीष सिंह के अनुसार भोपाल में आए इस कोच और दिल्ली व अन्य शहरों में चल रही मेट्रो के कोच में कोई विशेष अंतर नहीं है। आपको इन कोच में सफर करने पर बिल्कुल वैसा ही अनुभव होगा जैसा इन शहरों में होता है।

**इंदौर में नहीं आएगा मॉडल कोच...** भोपाल और इंदौर दोनों शहरों में मेट्रो प्रोजेक्ट एक साथ लॉन्च किया जा रहा है, लेकिन इंदौर में मॉडल कोच नहीं आएगा। प्रोजेक्ट पूरा होने पर एक म्यूजियम बनाया जा सकता है, जहां इस कोच सहित मेट्रो से जुड़े अन्य सामान रखेंगे।

**ई-मेल पर दे सकते हैं फीडबैक...** मेट्रो रेल कंपनी ने कोच के बारे में फीडबैक के लिए ई-मेल आईडी जारी किया है। mpmetrocoachviews@mpmrcl.in इस ई-मेल आईडी पर कोच के बारे में फीडबैक दिए जा सकते हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Page | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 98 | पत्रिका | भोपाल | 28.08.2023 | 03 | मेट्रो कोच: रात नौ बजे तक कोच देखने पहुंच लोग | Positive |

**फोटो स्टोरी**

## मेट्रो कोच : रात नौ बजे तक कोच देखने पहुंचे लोग



**भोपाल.** पहली बार स्मार्टपार्क में रविवार को शहरवासियों की भीड़ जमा हुई। मेट्रो ट्रेन के मॉडल कोच को देखने रविवार को बड़ी संख्या में शहरवासी अपने परिजनों को लेकर पहुंचे। शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने इसका अनावरण किया था। सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक यहां पहुंचकर मेट्रो का मॉडल कोच देखा जा सकता है। इसे लेकर ऑनलाइन रिव्यू देने की व्यवस्था भी की गई है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 99 | हरि भूमि | भोपाल | 28.08.2023 | 09 | मेट्रो मॉडल का कोच देखने रविवार को उमड़ी भीड़, लाइन में लगकर लिया अनुभव | Positive |

# मेट्रो मॉडल का कोच देखने रविवार को उमड़ी भीड़, लाइन में लगकर लिया अनुभव

**स्मार्ट सिटी पार्क स्थित मेट्रो मॉडल कोच अनावरण होने के बाद प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थी व आमजन के लिए खोल दिया गया, सेल्फी लेने के साथ ही खींची फोटो, वीडियो भी बनाए**

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

स्मार्ट सिटी पार्क स्थित मेट्रो माडल कोच का अनावरण होने के बाद प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थी व आमजन के लिए खोल दिया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थी व आमजन से आह्वान किया है कि वे कोच का भ्रमण करें व अपने सुझाव व फीडबैक ईमेल mpmetrocoachviews@mpmrcl.in के माध्यम से दे सकते हैं। भोपाल मेट्रो रेल कंपनी के अनुसार सुबह 11 बजे जैसे ही पार्क का गेट खोला गया तो मेट्रो मॉडल कोच को देखने के लिए लोगों का तांता लग गया। प्रदेश के युवा, विद्यार्थी व गणमान्य लोग अपनी मेट्रो को समझने के लिए पहुंचे। साथ ही मेट्रो में मिलने वाली सुविधाओं को समझ रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से जल्द ही प्रदेश के दो शहरों भोपाल एवं इंदौर में मेट्रो का संचालन शुरू होने वाला है।

अधिकारियों के अनुसार लोगों में इतना उत्साह है कि लोग लाइन में लग कर अंदर जाने का इंतजार करते रहे। मेट्रो कोच में प्रवेश करते ही उनकी खुशी दिखते ही नजर आ रही थी। लोग फोटो, वीडियो, सेल्फी ले रहे थे।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थी व आमजन से आह्वान किया है कि वे स्मार्ट सिटी पार्क स्थित मेट्रो माडल कोच का भ्रमण करें व अपने सुझाव और फीडबैक दें

सुबह 11 बजे जैसे ही पार्क का गेट खोला गया तो मेट्रो मॉडल कोच को देखने वालों का लग गया तांता





**सुबह 11 से रात 9 बजे तक देख सकेंगे कोच:** मेट्रो मॉडल कोच के अंदर आमजन की जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार के पोस्टर के माध्यम से प्रोजेक्ट की जरूरी जानकारी दी गई है। प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने मेट्रो मॉडल कोच को देखने आए आमजन का धन्यवाद किया एवं आह्वान किया कि ज्यादा से लोग अपने परिवार, बच्चों के साथ यहां आएं और मेट्रो के तकनीकी, सुविधाओं के बारे में जानकारी लें। मेट्रो मॉडल कोच को आमजन के लिए देखने का समय सुबह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक रखा गया है।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | दैनिक जागरण | भोपाल | 28.08.2023 | 14 | मेट्रो मॉडल कोच को देखने उमड़ी भीड़ | Positive |



# मेट्रो मॉडल कोच को देखने उमड़ी भीड़

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** मुख्यमंत्री द्वारा शनिवार को स्मार्ट सिटी पार्क स्थित मेट्रो मॉडल कोच का अनावरण कर प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थी एवं आमजन के खोल दिया गया। रविवार को सुबह 11 बजे जैसे ही पार्क का गेट खोला गया तो मेट्रो माडल कोच को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों मे मेट्रो मॉडल कोच को लेकर खासा उत्साह है। लोग फोटो, वीडियो, सेल्फी ले रहे हैं।



## मेट्रो कोच देखने आ रहे लोग ध्यान दें!

- **समय :** मेट्रो मॉडल कोच को आमजन के लिए देखने का समय सुबह 11 बजे से रात्री 9 बजे तक रखा गया है।
- **जानकारी :** मेट्रो मॉडल कोच के अंदर विभिन्न पोस्टर के जरिए प्रोजेक्ट की जरूरी जानकारी दी गई है।
- **फीडबैक :** मेट्रो मॉडल कोच देखने के बाद अपने सुझाव और फीडबैक इस एमपी मेट्रो की ईमेल आईडी पर दे सकते हैं।

## ये होंगे आठ स्टेशन

- सुभाष नगर
- केंद्रीय विद्यालय
- बोर्ड ऑफिस
- एमपी नगर जोन-2
- रानी कमलापति एमपी
- डीआरएम ऑफीस
- अल्कापुरी
- एम्स।

## भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट एक नजर में

- भोपाल में पांच किमी लम्बाई के मेट्रो ट्रॉयल रन की तैयारी तेजी से की जा रही है। सितंबर में ट्रायल हो सकता है।
- सुभाष नगर से एम्स तक 8 मेट्रो स्टेशनों का निर्माण 426 करोड़ से किया जा रहा है।
- सुभाष नगर से एम्स तक 6.22 किमी लंबे इस रूट पर मेट्रो के दौड़ने के लिए 187 पिलर बनाए गए हैं।
- भोपाल में मेट्रो की ऑरेंज एवं ब्लू लाइन निर्माणाधीन है, जिसकी कुल लम्बाई 31 किलोमीटर और लागत 7 हजार करोड़ रुपये है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 101 | नवदुनिया | भोपाल | 28.08.2023 | 01 | ट्राली रन में मेट्रो ट्रैक पास, अब ट्रेन के दौड़ने में कोई बाधा नहीं | Positive |

# ट्राली रन में मेट्रो ट्रैक पास, अब ट्रेन के दौड़ने में कोई बाधा नहीं

- सुभाष नगर से आरकेएमपी के बीच मेट्रो ट्रैक पर अधिकारियों ने ट्राली चलाकर किया निरीक्षण
- अब 20 दिन में पूरा होना है विद्युतीकरण का काम, एक माह में दौड़ेगी ट्रायल के लिए मेट्रो ट्रेन

**भोपाल ( नवदुनिया प्रतिनिधि )।** मेट्रो के ट्रायल रन से पहले शनिवार को ट्रैक पर ट्राली रन किया गया, जिसमें मेट्रो ट्रैक पास हो गया है, यानी मेट्रो के ट्रायल रन के लिए ट्रैक पूरी तरह तैयार है। यह ट्राली रन सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (आरकेएमपी) के बीच किया गया। असल में मेट्रो के ट्रायल रन के लिए एक माह का ही समय बचा है। इसके लिए प्रायरिटी कारिडोर में जो भी काम बचा है, उसे 20 दिन में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ट्रायल रन के लिए सबसे महत्वपूर्ण रेलवे ट्रैक का काम शत प्रतिशत पूर्ण हो गया है। ट्राली का ट्रायल रन अधिकारियों के तकनीकी दल ने किया है।

## 25 से 30 सितंबर के बीच मेट्रो का ट्रायल रन

ट्रायल रन के लिए प्रायरिटी कारिडोर में 4.2 किलोमीटर का एक तरफ रेलवे ट्रैक बिछाया जा चुका है। मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रायारिटी कारिडोर में बचा काम 20 सितंबर तक पूरा करना है। गुजरात से मेट्रो की रैक भी 20 सितंबर तक भोपाल पहुंचेगी। इसके बाद 25 तारीख तक इसकी सेटिंग समेत अन्य कार्य किए जाएंगे, जबकि 25 से 30 सितंबर के बीच मेट्रो का ट्रायल रन होगा।

> भोपाल में मेट्रो के ट्रायल रन को लेकर तैयारी की जा रही है। प्रायरिटी कारिडोर में ट्रैक का काम भी चल रहा है। सितंबर के आखिरी सप्ताह में इसका ट्रायल रन हो जाएगा।
>
> **–मनीष सिंह**, एमडी मप्र मेट्रो



सुभाष नगर डिपो से रानी कमलापति स्टेशन के बीच मेट्रो ट्रैक पर ट्राली से ट्रायल रन किया गया। ट्रायल रन करने वाली मेट्रो कंपनी की टीम भी संतुष्ट दिखी। ● नवदुनिया

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 102 | पत्रिका | भोपाल | 28.08.2023 | 03 | मेट्रो कोच: रात नौ बजे तक कोच देखने पहुंच लोग | Positive |

#CityConnectivity अंदरूनी इलाकों से जुड़ेगा बसों का रूट

# मेट्रो से जुड़ेगी बीसीएलएल बसें और प्राइवेट कैब-ऑटो


पत्रिका हर्ष पचौरी
patrika.com




**भोपाल.** मेट्रो रेल के मुसाफिरों को शहर के अंदरूनी इलाकों में ट्रेवल कनेक्टिविटी देने के लिए लो फ्लोर बसों के नए रूट प्रस्तावित किए जा रहे हैं। ये रूट मेट्रो रेल स्टेशन से होकर गुजरेंगे। जिन इलाकों में मेट्रो रेल नहीं पहुंचेगी वहां यात्रियों को लो फ्लोर बसों, कैब, ऑटो के जरिए पहुंचाने की कोशिश है। दिल्ली मेट्रो परियोजना में इसी तरह व्यवस्था है। इसे लास्ट माइल फीडर कनेक्टिविटी कहते हैं। इससे मेट्रो रेल में यात्रियों की संख्या प्रतिदिन तीन लाख तक पहुंचने की संभावना है। जबकि लो बसों में यात्रियों की मौजूदा संख्या 1 लाख में भी इजाफा होगा।

## कहां से कहां

### कितने वक्त में दौड़ेगी मेट्रो

| रूट नंबर | स्टेशन-दूरी(किमी) | समय (मिनट) |
|---|---|---|
| बैरागढ़-अवधपुरी | 20.67 | 42.76 |
| करोंद-एम्स | 14.3 | 28.22 |
| भौंरी-बसंतकुंज | 21.64 | 39.95 |
| एयरपोर्ट-बसंतकुंज | 18.56 | 36.39 |
| अशोका गार्डन-मदर टेरेसा स्कूल | 19.05 | 34.32 |
| भदभदा-रत्नागिरी भेल | 12.34 | 23.80 |
| मंडीदीप-हबीबगंज | 15.6 | 23.28 |

इंटरसिटी बस सेवाओं के शहर में नए रूट प्रस्तावित हैं। इन्हें मेट्रो सेवा से कनेक्ट करने के लिए बनाया गया है।

**अरविंद सक्सेना,** परिवहन अपर आयुक्त

## मेट्रो रेल के सात रूट पर ऐसी कनेक्टिविटी

**रूट 1** बैरागढ़ से अवधपुरी तक 20.67 किमी ट्रेक पर बनेगा। इसे मिसरोद तक बीआरटीएस से कनेक्टिविटी दी जाएगी।

**रूट 2** करोंद से एम्स 14.3 किमी ट्रेक को भारत टॉकीज से ताजुल मसाजिद तक बस रूट से जोड़कर पहुंच आसान की जाएगी।

**रूट 3** भौंरी से बसंतकुंज 21.64 किमी लंबे मेट्रो ट्रेक को बोर्ड ऑफिस से रायसेन रोड तक बस रूट से जोड़ा जाएगा।

**रूट 4** एयरपोर्ट से बसंतकुंज तक 18.56 किमी लंबे ट्रेक को भी मिसरोद से बैरागढ़ तक संचालित बीआरटीएस से लिंक किया जाएगा।

**रूट 5** अशोका गार्डन से मदर टेरेसा स्कूल तक 19.05 किमी लंबे ट्रेक को बोर्ड ऑफिस से रायसेन रूट से लिंक किया जाएगा।

**रूट 6** भदभदा से रत्नागिरी भेल तक 12.34 किमी लंबे ट्रेक को रोशनपुरा से भेल तक 13 किमी लंबे बस रूट से लिंक किया जाएगा।

**रूट 7** मंडीदीप से आरकेएमपी तक प्रस्तावित 15.6 किमी लंबे मेट्रो ट्रेक को मिसरोद से बैरागढ़ तक संचालित बीआरटीएस से जोड़ा जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 103 | अग्निबाण | भोपाल | 28.08.2023 | 5 | अत्याधुनिक तकनीक से लैस रहें | Neutral |



# अत्याधुनिक तकनीक से लैस रहेंगे मेट्रो कोच

**भोपाल।** जिस मेट्रो के मॉडल कोच का शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनावरण किया है, उसके एक वास्तविक कोच में 50 यात्री बैठकर और 300 खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे। इस दौरान इन यात्रियों की एआइ सीसीटीवी कैमरे की मदद से सुरक्षा करेगा। इन यात्रियों तक चोर तो क्या हैकर भी नहीं पहुंच पाएंगे। यदि पहुंचने की कोशिश करते भी हैं तो आधुनिक तकनीक से पहले ही इसका मैसेज लोको पायलट दल को मिल जाएगा। इस तरह यात्री अनहोनी से बच जाएंगे। श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में रखे गए मेट्रो मॉडल कोच को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। यह वास्तविक कोच की डमी है। इसे देखकर अहसास किया जा सकता है कि यह पूरी तरह से अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। यह कोच उच्चस्तरीय यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं, जिनमें लगे सीसीटीवी कैमरे एआइ तकनीक से संचालित होंगे। मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की।



▸ चोरी, हैकिंग जैसे गतिविधियों से लड़ने में सक्षम होगी तकनीक

## इन विशेषताओं से सुसज्जित रहेगा मेट्रो कोच

आटोमैटिक डोर, स्टार्ट-स्टाप और इमरजेंसी हैंडलिंग (अन अटेंडेड ट्रेन आपरेशन), सायबर अटैक व हैकिंग से सुरक्षित, यात्रियों की सुरक्षा के लिए आटोमैटिक आब्सटेकल व डिरेलमेंट डिटेक्शन, कोच में 50 यात्रियों के बैठने और 300 के खड़े होने की क्षमता, हर दो मिनट में आने-जाने की फ्रीक्वेंसी, ब्रेक के साथ ऊर्जा री-जनरेशन तकनीक से ऊर्जा की बचत, कोच में होगी उन्नत कंट्रोल और एयर-फिल्ट्रेशन की तकनीक, हमेशा स्वच्छ रहेगी वायु, कोच में लगे सीसीटीवी एआइ तकनीक से संचालित होंगे, आटोमैटिक आब्जेक्ट आइडेंटिफिकेशन (कैमरे करेंगे चेहरों की पहचान), आटोमैटिक व स्मार्ट प्रकाश नियंत्रण व्यवस्था, ट्रांसपेरेंट पैसेंजर सेफ्टी, दिव्यांगों के लिए विशेष व्हील चेयर्स व उनके अनुकूल बैठने का स्थान रहा और कोच मेंटेनेंस की 15 साल की सेवा वारंटी रहेगी।

## कई सुविधाएं उपलब्ध

मेट्रो मॉडल कोच में यात्रियों के लिए आपातकालीन दूरभाष सहित अन्य तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। मेट्रो कोच में प्राथमिकता सीट कराई गई है, जो वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन और महिलाओं के लिए है। वहीं दोनों तरफ चार-चार मोबाइल चार्ज करने के लिए प्वाइंट दिए गए हैं। आपात स्थिति में यात्रियों की सुविधा के लिए लाल बटन दिया गया है। जिसके उपयोग से यात्री सीधे ट्रेन चालक से बातचीत कर सकेंगे। ट्रेन में यात्रियों को चढ़ने-उतरने में असुविधा न हो इसके लिए दोनों तरफ चार-चार अत्याधुनिक आटोमैटिक गेट लगाए गए हैं। पार्क में रखे कोच को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। यहां पर लोग अपने बच्चों के साथ आए और उसमें बैठकर मेट्रो का अनुभव किया। बेटे अवेश के साथ आए विजय कुमार ने बताया कि भोपाल में मेट्रो की शुरुआत एक ऐतिहासिक काम है। इसके शुरू होने से महिलाओं, बच्चियों को सुरक्षित यातायात का साधन मिलेगा। साथ ही नौकरीपेशा लोगों को कम समय में अपने कार्यालय पहुंचने में सहूलियत होगी। खासतौर से वर्षा और भीषण गर्मी में यह काफी सुविधाजनक साबित होगी। मेट्रो के चलने से शहर की सड़कों पर यातायात में भी काफी सुधार होगा। कोच के दरवाजों के परिचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने पर चार साल की कैद और पांच हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ आपातकालीन अलार्म के दुरुपयोग करने पर एक साल की सजा और एक हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान रखा गया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Page | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 104 | Free Press | Bhopal | 29.08.2023 | Trolley trial conducted on Metro Track | 03 | Neutral |

Pg-03 BHOPAL CITY

INDORE / BHOPAL | TUESDAY | AUGUST 29, 2023 www.freepressjournal.in

# Trolley trial conducted on Metro track

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in

The officials of Bhopal Metro train have conducted trolley run on five-kilometre stretch on which Metro train trial run is expected to take place in September. Conducted on Saturday, the trial run was successful. The trolley trial run was held from Rani Kamlapati railway station to Subash Nagar Metro station. Now, metro train officials are looking forward to conducting trial run for Metro train.

Coaches and engine for Bhopal Metro train will reach city from Savli in Vadodara (Gujarat) on any day from September 15 to September 25. "It will take only a day or two to assemble coaches after which train trial can be done," an official said. Alstom Company is manufacturing Metro train engine and coaches.

**Residents get curious:** Metro train model installed at Smart City park has become a major attraction for people. They are reaching park with their family members and children to see how it will look and what modern facilities are available in it. They are curiously looking at different features of train model to understand their functions. They sit on chairs to know the comfort level. They are also learning how electronic screen showing the route and stoppage of train works and how it indicates one station in advance. On Saturday, Chief Minister Shivraj Singh Chouhan had inaugurated Bhopal Metro train. Sunday was the first day of opening of Bhopal Metro Train model for public view. The first day saw huge rush of people. Same was the situation on Monday.



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 105 | हरि भूमि | भोपाल | 29.08.2023 | 04 | मेट्रो का ट्रायल रन करने बचा हुआ काम अंतिम चरण मे | Neutral |

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 29 अगस्त 2023

## रानी कमलापति के बाहर बने मेट्रो स्टेशन पर अभी लग रहे एस्केलेटर

# मेट्रो का ट्रायल रन करने बचा हुआ काम अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक मेट्रो का ट्रायल रन करने के लिए बचा हुआ काम अंतिम चरणों में है। सुभाष नगर स्टेशन में एस्केलेटर लगा दिया गया है। जबकि रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर बने मेट्रो स्टेशन पर एस्केलेटर लगाने का काम भी शुरू हो गया है। यहां पर सड़क की जगह रेलवे स्टेशन के बाहर यात्रियों को उतारा जाएगा। जबकि ट्रायल रन के बाद केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस, एमपी नगर के मेट्रो स्टेशन पर एस्केलेटर लगेंगे। मेट्रो कंपनी अधिकारियों के अनुसार मेट्रो कंपनी ने निर्माण कार्यों की रफ्तार तेज कर दी है। 24 घंटे काम चल रहा है। ट्रायल रन के लिए मेट्रो ट्रेन का पहला रैक 31 अगस्त को गुजरात से रवाना होगा। 10 सितंबर तक रैक के भोपाल पहुंचने की उम्मीद है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष नगर तक ट्रैक पर मेट्रो का ट्रायल रन होना है। इसके लिए रेलवे ट्रैक की ट्रायल हो चुकी है।

### सुभाष नगर में एस्केलेटर लगा, केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस, एमपी नगर स्टेशन पर लगेंगे




### तीन माह चलेगा ट्रायल रन

अगले माह शुरू होने वाला ट्रायल रन तीन माह तक चलेगा। जनवरी 2024 में मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त इस मार्ग को परखेंगे। उनके संतुष्ट होने के बाद प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो संचालन की अनुमति दी जाएगी। अधिकारियों के अनुसार अगले साल मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर पर दौड़ सकती है।

### मेट्रो बोगी देखने के लिए लगी रही भीड़

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शनिवार को स्मार्ट सिटी पार्क में मेट्रो कोच का अनावरण करने के बाद से रविवार की तरह सोमवार को भी देखने वालों की जबरदस्त भीड़ लगी रही। अनावरण के बाद कोच को बच्चों एवं आमजन के अवलोकन के लिए खोल दिया गया। स्मार्ट पार्क में रखे मॉडल से ही मेट्रो ट्रेन की पूरी जानकारी लोगों को मिलेगी। इसलिए लोग अपने परिवार सहित इसे देखने पहुंच रहे हैं। भीड़ में सबसे ज्यादा स्कूल व कॉलेज के छात्र छात्राएं थी। मॉडल सुबह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुला रहेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 106 | राज एक्सप्रेस | इंदौर/भोपाल | 29 .08.2023 | 13 | मेट्रो से सुधरेगा पब्लिक ट्रांसपोर्ट, खुलें के नए रास्ते | Neutral |





“ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 20 साल का रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए कहा कि प्रदेशवासियों को सुगम और सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना राज्य शासन की प्राथमिकता है। इस उद्देश्य से शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में पिछले वर्षों में कई प्रयास किए गए हैं। प्रदेश से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग और मुख्य मार्गों में ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने का कार्य चल रहा है। साथ ही शहरों में बढ़ते हुए यातायात के दबाव को कम करने के लिए 5 बड़े शहर भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और सागर में रिंग रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने म.प्र. सरकार के रिपोर्ट कार्ड में बताया कि पिछले वर्षों में सड़कों का जाल बिछाने के लिए क्या-क्या प्रयास किए गए हैं। ”


# गाँव-गाँव तक पहुँची सड़कों से खुला विकास का रास्ता





## विकसित हुई हवाई यातायात सुविधाएँ

## बढ़ रही है प्रदेश की कनेक्टिविटी



# राजमार्गों के विकास से बढ़ा परिवहन किसानों - व्यापारियों के खिले चेहरे



## बन रहे उन्नत एक्सप्रेस-वे



# मेट्रो से सुधरेगा पब्लिक ट्रांसपोर्ट, खुलेंगे विकास के नए रास्ते

प्रदेश के शहरों में मेट्रो चलाने का सपना शिवराज सरकार की प्रतिबद्धता और विकास के लिए विजन की अब हकीकत में तब्दील होने जा रहा है। भोपाल और इंदौर में अगले महीने से मेट्रो का ट्रायल रन शुरू हो जाएगा। यह न केवल पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाएगा, सड़कों पर वाहनों के दबाव को भी कम करेगा। इतना ही नहीं, मेट्रो से विकास के नए रास्ते खुलेंगे। मेट्रो रूट के दोनों ओर ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट होगा यानि आवासीय, व्यावसायिक व अन्य तरह की गतिविधियां होंगी। यह दोनों शहरों की आर्थिक प्रगति को भी दुरुस्त करेगा।



## भोपाल में बिछी 3.1 किमी पटरी

## चार व छह किमी रूट पर होगा ट्रायल रन

## तीन बोगी की ट्रेन से शुरुआत

## इस महीने तैयार होंगे डिपो, स्टेशन

## 750 वोल्ट डीसी करंट से चलेगी मेट्रो

## 14 हजार करोड़ से अधिक लागत

## सुरक्षा के लिए सबसे अत्याधुनिक सिस्टम, एआई का इस्तेमाल भी

## मुख्यमंत्री ने दी मेट्रो सौगात

## बहुत खास है 'मेट्रो मॉडल'

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 107 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 30.08.2023 | 04 | मेट्रो ट्रैक पर ट्राली चलाकर अलाइन्मन्ट देखा, सुभाष नगर से एस्कलैटर की टेस्टिंग | Neutral |

भोपाल 30-08-2023

# मेट्रो ट्रैक पर ट्रॉली चलाकर अलाइनमेंट देखा, सुभाष नगर में एस्केलेटर की टेस्टिंग



**भोपाल**| मेट्रो ट्रैक पर मंगलवार को ट्रॉली टेस्ट हुआ। ट्रैक पर एक ट्रॉली को चला कर यह सुनिश्चित किया गया कि ट्रैक की वेल्डिंग और अलाइनमेंट सब कुछ तय मानकों के अनुसार है। यानी अब इस पर मेट्रो ट्रेन चलाई जा सकती है। इसके साथ ही सुभाष नगर स्टेशन पर एस्केलेटर भी लग गया। मेट्रो के इंजीनियरों ने शाम को इसकी टेस्टिंग भी की। भोपाल में 25 सितंबर के आसपास कभी भी ट्रायल हो सकता है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 108 | Dainkin Bhaskar | Bhopal | 31.08.2023 | 3 | मेट्रो कोच देखने तीन दिन में पहुंचे 2000 से ज्यादा लोग | Positive |

# मेट्रो कोच देखने तीन दिन में पहुंचे 2000 से ज्यादा लोग



## मेट्रो कंपनी ने आने वालों से फीडबैक भी मांगा

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

स्मार्ट सिटी पार्क स्थित मेट्रो मॉडल कोच को देखने के लिए रोजाना काफी भीड़ उमड़ रही है। बुधवार को छुट्टी का दिन होने के कारण यहां पहुंचने वालों की संख्या पिछले दो दिन के मुकाबले ज्यादा थी। मेट्रो कंपनी ने यहां फिलहाल कोई टिकट नहीं लगाया है, इसलिए पर्यटकों की सटीक गिनती नहीं की जा सकी है। फिर भी कंपनी का अंदाजा है कि तीन दिनों में यहां दो हजार से ज्यादा लोग पहुंच चुके हैं। कंपनी ने यहां ज्यादा से ज्यादा लोगों के पहुंचने की अपील की है, ताकि वे अपना फीडबैक ईमेल mpmetrocoachviews@mpmrcl.in पर भेज सकें।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 109 | Hari Bhumi | Bhopal | 31.08.2023 | 08 | मेट्रो ट्रैक बिछा रही कंपनी के अधिकारियों ने किया पौधरोपण | Neutral |





# मेट्रो ट्रैक बिछा रही कंपनी के अधिकारियों ने किया पौधरोपण

**भोपाल।** भोपाल मेट्रो के लिए ट्रैक बिछा रही लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड कंपनी के द्वारा सैम भोपाल के परिसर में 900 पौधे लगाए गए। पर्यावरण संरक्षण और वैश्विक कार्बन तटस्थता बनाए रखने के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेडए जो भोपाल मेट्रो रेल परियोजना में निर्माण कार्य कर रही है के द्वारा परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 900 पौधे लगाए गए। इस वैश्विक हित के कार्य में लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक एस बालमुरुगनए वीवी रमनाए नितीन जैन एवं स्टाफ के सदस्य एमपीएमआरसीएल के सभी वरिष्ठ अधिकारी, सैम विश्व विद्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी, प्रोफेसर एवं चार सौ नए विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 110 | Hari Bhumi | Bhopal | 31.08.2023 | 08 | इंदौर के लिए मेट्रो ट्रेन शहर के करीब पहुंची भोपाल के लिए आज होगी गुजरात से रवाना | Neutral |

एस्केजेटर का काम शुरू होने के बाद स्टेशनों का इंटीरियर वर्क भी अंतिम चरण में

# इंदौर के लिए मेट्रो ट्रेन शहर के करीब पहुंची भोपाल के लिए आज होगी गुजरात से रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के लिए मेट्रो ट्रेन गुजरात से गुरुवार को रवाना होगी, जो 10 दिन बाद भोपाल पहुंच जाएगी, जबकि इंदौर मेट्रो रेल की बोगी शहर के पास पहुंच चुकी हैं। एक दो दिन में डिपो पहुंच जाएगीए जबकि भोपाल की मेट्रो ट्रेन 10 सितंबर तक भोपाल पहुंचेगी। एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड भोपाल के लिए 81 और इंदौर के लिए 75 बोगियां बना रही है। ये बोगियां कई मायने में खास होंगी। एक ट्रेन सेट में तीन बोगी होंगी। इसमें 970 यात्री सफर कर सकेंगे। एल्सटॉम बोगियों को ऐसे तैयार कर रही है ताकि भीड़ बढ़ने पर भी यात्री आसानी से सफर कर सकें। मेट्रो कंपनी को 4 किमी का प्रायोरिटी कॉरिडोर बनाकर सितंबर 2023 में ट्रायल रन करना है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर सड़क पर नहीं उतर सकेंगे मेट्रो के यात्री

### मेट्रो की बिजली व्यवस्था



मेट्रो की बिजली व्यवस्था को स्पैनिश कंपनी आईुनी और रेलवे से संबंधित दिल्ली की कंपनी राइट्स ने डिजाइन किया है। इन्हीं दोनों कंपनियों ने मेट्रो के डिपो भी डिजाइन किए हैं। यह डिपो सुभाष नगर, रत्नागिरी और करोंद में बनाए जा रहे हैं। सुभाष नगर का काम पूरा हो गया है। यहां 132 केवी बिजली को 33 केवी में कन्वर्ट कर ट्रैक्शन सब स्टेशन सप्लाई करेंगे। इस अल्टरनेट करंट, एसी को 750 वोल्ट डायरेक्ट करंट डीसी में तब्दील कर मेट्रो चलाएंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 111 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 31.08.2023 | 04 | करोंद में 11 सितंबर से बिछेगा अंडरग्राउंड केबल, हर घंटे गुजरने वाले 15000 वाहनों को दिक्कत तय | Neutral |

**रास्ता साफ** • एमपीआरडीसी ने ट्रांसको को अंडरग्राउंड हाईटेंशन लाइन के लिए दी अनुमति

# करोंद में 11 सितंबर से बिछेगी अंडरग्राउंड केबल, हर घंटे गुजरने वाले 15000 वाहनों को दिक्कत तय

विशेष संवाददाता | भोपाल

शहर के करोंद चौराहे पर जमीन के अंदर बिजली की एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन बिछाने का काम 11 सितंबर से शुरू होगा। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी(ट्रांसको) द्वारा इसके लिए चौराहे से एटीएम तक 200 मीटर के हिस्से की सड़क खोदी जाएगी। इसका असर ट्रैफिक व्यवस्था पर भी पड़ेगा। यहां पीसीयू 15000 है, यानी हर घंटे इतने वाहन गुजरते हैं।

कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि यह काम करीब 1 महीने चलेगा। तीन मीटर गहरा गड्ढा खोदकर केबल बिछाई जाएगी। इस कारण सड़क का 3 मीटर चौड़ा हिस्सा प्रभावित होगा। यहां बैरिकेडिंग की जाएगी। हालांकि बाकी हिस्से से वाहनों की आवाजाही हो सकेगी। ज्यादातर काम रात के वक्त किया जाएगा। इस काम को लेकर पहले एमपीआरडीसी ने ट्रांसको को सड़क खोदने की परमिशन नहीं दी थी। दोबारा सड़क बनाने की शर्त पर एमपीआरडीसी ने संशोधित अनुमति पत्र जारी कर दिया है।

मेट्रो की बिजली सप्लाई के लिए ट्रांसको को क्षेत्र में करोंद कृषि उपज मंडी से देवकी नगर तक 800 मीटर अंडरग्राउंड केबल बिछाना है। इसमें करोंद चौराहे से एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट के गेट तक 200 मीटर का यह हिस्सा शामिल है।

## सड़क के तीन मीटर चौड़े हिस्से में बैरिकेडिंग कर होगी खुदाई




### समझें... क्यों लगेगा एक महीना

ट्रांसको के एचडी सुनील तिवारी ने बताया कि जमीन से नीचे 3 मीटर गहरा गड्ढा खोदा जाएगा। उसके भीतर 5 लेयर प्रोटेक्शन के लिए 600 एमएम के ह्यूम पाइप में केबल बिछाई जाएगी। इसके बीच में भी एक स्लैब डाली जाती है। इस कारण इस काम में एक महीने या उससे भी ज्यादा समय लग सकता है।

### पहली बार... इस तरह का काम

तिवारी ने बताया कि प्रदेश में पहली बार 132 केवी क्षमता की एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइन जमीन के अंदर बिछाई जा रही है। इससे पहले कहीं और यह काम नहीं हुआ। मेट्रो के लिए गोविंदपुरा से सुभाष नगर तक 2.1 किमी दूरी में जमीन के अंदर एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइन बिछाई जा चुकी है।

**यहीं मेट्रो स्टेशन भी प्रस्तावित...** एमडी ने बताया कि करोंद चौराहे से एग्रीकल्चर के गेट तक मेट्रो का स्टेशन भी प्रस्तावित है। इस कारण यह काम हमें पूरा करके सप्लाई चालू करनी है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 112 | Times of india | Bhopal | 31.08.2023 | 04 | Indore Metro coaches arrive, assembling to start from Thursday | Positive |

# Indore Metro coaches arrive, assembling to start from Thursday

**Indore:** All three yellow-line coaches of Metro reached Indore on Wednesday. They will be unpacked and sent for assembling in Super Corridor situated depot on Thursday morning.

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited officials said that manufacturing of all three coaches of the Indore Metro project had started around five months ago in Sawali area of Vadodara district in Gujarat. They were transported to Indore on trucks in the third week of August. TNN

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 113 | Dainik Jagran | Bhopal | 31.08.2023 | 09 | मेट्रो के कोच इंदौर पहुंचे | Positive |

# मेट्रो के कोच इंदौर पहुंचे




**इंदौर।** बड़ौदा से सात दिन का सफर तय कर मेट्रो के कोच इंदौर की सीमा तक पहुंच गए। ट्रालों को झलारिया गांव के पास खड़ा कर दिया गया। सड़कों पर ट्रैफिक कम होने पर उन्हें गांधी नगर मेट्रो स्टेशन पर रखा जाएगा। फिलहाल तीन कोच इंदौर आए हैं, उनका उपयोग मेट्रो के ट्रायल रन में किया जाएगा। मेट्रो के कोच बड़ौदा की एक फैक्ट्री में तैयार हो रहे हैं। सात दिन पहले इन कोचों को इंदौर के लिए रवाना किया गया था। बड़े ट्रालों में इन कोचों को तिरपाल से कवर कर लाया जा रहा है। शाम को कोच को लेकर आए ट्राले धार रोड के झलारिया गांव तक पहुंच चुके थे। चालकों ने बताया कि प्रतिदिन कम स्पीड में 30 से 40 किलोमीटर का सफर तय कर इन्हें लाया गया। शहरी क्षेत्र में देर रात ट्राले प्रवेश करेंगे। धार रोड से गोम्मटगिरी मार्ग होते हुए उन्हें गांधी नगर मेट्रो स्टेशन तक लाया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 114 | Freepress | Bhopal | 31.08.2023 | 09 | Countdown begins as metro coaches arrive in city | Positive |

# Countdown begins as Metro coaches arrive in city

**OUR STAFF REPORTER**
city.indore@fpj.co.in

The trial run of the much anticipated Metro rail project came a step closer to fruition with the arrival of the Metro rail consignment in the city on Wednesday night.

The train will be put on tracks at the Gandhi Nagar Depot on Thursday morning after rituals and other necessary procedures are performed.

Metro officials said that the first three-coach train for Indore Metro had left for Indore on August 23 from Alstom's company's Savli, Vadodara, Gujarat unit. A similar train with three coaches will also reach Bhopal by September 15.

A compartment of a three-coach Metro train will be approximately 2.9 meters in width, 22 meters in length and 5 meters in height.



The officials informed that on reaching the Gandhi Nagar Depot, the train will be unloaded at the unloading bay with "4-Point Jack", for which all preparations have been made. A "Mock-Trial of Trailer for Movement" has also been successfully tested earlier in which the width of the road, the weight of the train, the bend/curve of the road, and other things have been successfully tested.

Officials said that Manish Singh, Managing Director (MPMRCL), is constantly taking updates from the officials regarding the works in view of the Metro trial run to be held in September.

In another significant development, five companies have been short-listed for the Rs 495 crore 5-kilometre elevated Metro corridor from Robot Square to Palasia after the completion of the technical process of the tender. This stretch from Robot Square to Palasia will have stations at Khajrana Square, Bengali Square, Patrakar Colony, and Palasia Square.

These companies are DRA Infracon, Ranjit Buildcon, Sam India Buildwell Pvt Ltd, Rail Vikas Nigam Limited and ITD Cementation India Ltd. It is expected that work on this section of the Metro rail corridor will start soon and it is scheduled to be completed in three years.

Additionally, the tender process for the remaining 15 kms of the first phase of Indore Metro has also started.

At present, the remaining work on the Priority Corridor is being carried out at a fast pace for the trial run.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 115 | Dainik Jagran | Bhopal | 31.08.2023 | 14 | मेट्रो के मॉडल कोच देखने बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग | Positive |

# मेट्रो के मॉडल कोच को देखने बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

**भोपाल।** स्मार्ट सिटी पार्क में रखे मेट्रो के मॉडल कोच को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इनमें युवाओं की संख्या सबसे अधिक है जो कोच के अंदर सेल्फी भी ले रहे हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 26 अगस्त को कोच का अनावरण किया था। मेट्रो मॉडल कोच मेट्रो ट्रेन का वास्तविक मॉडल है। भोपाल में 5 किलोमीटर एवं इंदौर में 6 किलोमीटर लम्बाई के मेट्रो ट्रॉयल रन की तैयारी तेजी से की जा रही है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 116 | Pradesh Today | Bhopal | 01.09.2023 | 05 | इंदौर की जमीन पर उतरे मेट्रो ट्रेन के कोच | Positive |



# इंदौर की जमीन पर उतरे मेट्रो ट्रेन के कोच





इंदौर, ब्यूरो

शहर में मेट्रो ट्रेन का इंतजार खत्म जल्द खत्म होने जा रहा है। बुधवार देर रात मेट्रो के कोच गांधीनगर स्थित मेट्रो डिपो पर पहुंचा। गुरुवार सुबह नौ बजे कोच कंटेनर से उतारकर प्लेटफार्म ट्रैक पर रखा गया। कोच बुधवार रात तीन बजे इंदौर के मेट्रो डिपो में पहुंचा था। इंदौर में मेट्रो का सपना साकार होने की दिशा में आज एक और उपलब्धि मिली। मेट्रो के कोच आज इंदौर की जमीन पर उतरे। मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर माह में प्रस्तावित है।

वडोदरा के सावली से 23 अगस्त को इंदौर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 156 से होकर आ रहे कोच बुधवार शाम 4 बजे तक बेटमा पहुंचे थे। उसके बाद बुधवार देर रात मेट्रो के तीनों कोच इंदौर में गांधी नगर डिपो में कंटेनर पर पहुंचे। कंटेनर से सड़क मार्ग से इंदौर पहुंचे तीनों मेट्रो कोच 60-60 टन वजन के है।

गुरुवार सुबह मेट्रो के कोच को कंटेनर से उतारे जाने के पश्चात शहर में चलने वाली मेट्रो का असली स्वरूप स्वरूप पहली बार शहरवासी देख सकेंगे। मेट्रो कोच के अनलोडिंग मौके को खास बनाने के लिए मेट्रो प्रबंधन द्वारा विशेष तैयारी की गई थी।

इस मौके पर शहर के जनप्रतिनिधि और अन्य कोई खास लोग भी आयोजन में शामिल होंगे। ऐसे में यहां पर खास टेंट मंच और कुर्सियां मेट्रो ट्रैक के निकले हिस्से में बने डक्ट के नीचे लगाई गई है। इस मौके पर सासंद शंकर लालवानी ने नारियल फोड़कर मेट्रो की अनलोडिंग का काम शुरू किया गया। मेट्रो प्रबंधन के अधिकारियों के मुताबिक, मेट्रो डिपो में विशालकाय फोर पाइंट जेक क्रेन की मदद से कोच को कंटेनर से उतारकर पटरी पर पहुंचाया गया। इसके बाद कोच को मेट्रो के डिपो में बने स्टेब्लिंग यार्ड में ले जाकर टेस्टिंग ट्रैक पर जांच की गई। उसके पश्चात कोच को मेट्रो के वायडक्ट में पहुंचाया गया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 117 | Agnibhan | Bhopal | 01.09.2023 | 01 | इंदौर मेट्रो की मुंह दिखाई | Positive |

Pg-01

•भोपाल
31 अगस्त 2023
पेज-12, मूल्य 2 रुपए

अग्निबाण

* संस्थापक : स्व. श्री नरेशचंद्रजी चेलावत

## इंदौरी मैट्रो की मुंह दिखाई



इंदौर में मेट्रो ट्रायल के लिए आए ट्रेन के कोच को आज ट्रैक पर रखने से पहले पूजा-अर्चना के साथ खोला गया। मेट्रो को प्रायोगिक तौर पर 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कारिडोर पर रखकर ट्रायल की जाएगी। इसके साथ ही यह संदेश पूरे शहर को दिया जाएगा कि इंदौर शहर ने मेट्रो युग में प्रवेश कर लिया है।